

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

- 164 की मौत 971 से अधिक लोग घायल
- 10 हजार से अधिक मौतों की आशंका
- देश में इमरजेंसी घोषित की गई

## वेनेजुएला में विनाशकारी भूकंप

# 'ढह' गई राजधानी

40 सेकंड के अंतराल पर 7.2 और 7.5 तीव्रता के दो बड़े झटके, 60 सेकंड तक हिलती रही राजधानी कराकास

एजेंसी ▶▶ कराकास/ नई दिल्ली

दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला में आए लगातार दो शक्तिशाली भूकंपों ने भीषण तबाही मचाई है। बुधवार को देश के उत्तरी तट के पास महज 40 सेकंड के अंतराल पर 7.2 और 7.5 तीव्रता के दो बड़े झटके महसूस किए गए। इस आपदा में अब तक आधिकारिक तौर पर 164 लोगों की मौत हो चुकी है और 971 से अधिक लोग घायल हैं। हालांकि, अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने आशंका जताई है कि मलबे और भारी नुकसान को देखते हुए मरने वालों का आंकड़ा 10,000 के पार जा सकता है। भूकंप का केंद्र राजधानी कराकास के पश्चिम में याराकुय राज्य में था, लेकिन इसके भीषण झटके पूरे मध्य और पश्चिमी वेनेजुएला में महसूस किए गए। कराकास में कई बहुमंजिला इमारतें ताश के पत्तों की तरह ढह गईं। दीवारों के गिरने से चारों तरफ धूल का गुबार छा गया और लोग जान बचाने के लिए सड़कों पर भागते नजर आए। आपदा के कारण देश का टेलीकम्युनिकेशन और बिजली इंफ्रास्ट्रक्चर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे पूरे वेनेजुएला में इंटरनेट कनेक्टिविटी ठप हो गई है। भूकंप इतना जोरदार था कि इसका असर 1,700 किलोमीटर दूर पड़ोसी देश कोलंबिया और ब्राजील के अमेजन क्षेत्र तक देखा गया, जहां ऐहतियातन इमारतें खाली करानी पड़ीं।


भूकंप से डरे जान बचाकर भागते लोग

### भारत समेत दुनिया के कई देशों ने बढ़ाया मदद का हाथ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस त्रासदी पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए वेनेजुएला के प्रति एकजुटता जताई है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत इस मुश्किल घड़ी में हर संभव मदद के लिए तैयार है। भारत सरकार राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की एक विशेष टीम को खोजी उपकरणों और चिकित्सा सामग्री के साथ वेनेजुएला भेजने की तैयारी कर रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, चीनी विदेश मंत्रालय और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भी वेनेजुएला को इस संकट से उबरने के लिए हर संभव अंतरराष्ट्रीय मदद और राहत सामग्री भेजने का भरोसा दिया है।

### गूगल ने पहले ही जारी किए अलर्ट?

रिपोर्ट्स के मुताबिक, गूगल ने अपने एंड्रॉइड अर्थक्वेक अलर्ट्स सिस्टम के जरिए वेनेजुएला के लोगों को विनाशकारी भूकंप के झटके महसूस होने से कुछ सेकंड पहले ही चेतावनी दे दी थी। गूगल ने दरअसल भूकंप की भविष्यवाणी नहीं की थी, बल्कि उसने भूकंप के शुरुआती संकेतों को बहुत तेजी से डिटेक्ट करके यह अलर्ट भेजा था।


घायलों का रेस्क्यू




## खबर संक्षेप

### ईपीएफओ का पोर्टल 3 दिन के लिए बंद

**नई दिल्ली।** ईपीएफओ एक बड़े सिस्टम माइग्रेशन के चलते अपने ऑनलाइन क्लेम प्रोसेसिंग पोर्टल को अस्थायी रूप से बंद करने का फैसला किया है। जारी नोटिस के मुताबिक, मेंबर पोर्टल, एम्प्लॉयर पोर्टल और उमंग एप पर सेवाएं 26 जून 2026 की रात 12:00 बजे से 28 जून 2026 की रात 11:59 बजे तक बंद रहेंगी।



### राहुल गांधी ने जताया खेद कार्तिकेय चौहान भी नरम

**जबलपुर।** मप्र हाई कोर्ट ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की उस याचिका पर सुनवाई पूरी कर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। राहुल के वकील ने कहा कि बयान में उनका इरादा छग के तत्कालीन सीएम के पुत्र का नाम लेने का था, उन्होंने खेद जताया है। कार्तिकेय ने भी याचिका वापस लेने की इच्छा जताई।



### राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2026 के लिए आवेदन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन और नामांकन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक शिक्षक पोर्टल पर जाकर 10 जुलाई 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। पात्रता मानदंड और मूल्यांकन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध है।



## मप्र में सरकारी कर्मचारियों के प्रमोशन का रास्ता साफ

# 4.50 लाख सरकारी अधिकारी और कर्मचारियों का फिर से होगा प्रमोशन

10 साल बाद राज्य के कर्मचारियों का इंतजार खत्म

*अनुमान है कि सीनियर अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रमोशन से करीब 2 लाख पद रिक्त होंगे, जिन पर सरकार नई भर्तियां करेगी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के करीब 4.50 लाख सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। सूबे में मई 2016 से पूरी तरह बंद पड़ी पदोन्नति (प्रमोशन) की प्रक्रिया अगले 10 से 15 दिनों में दोबारा शुरू होने जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा साल 2025 में किए गए वादे को अमलीजामा पहनाते हुए राज्य सरकार ने इसकी पूरी तैयारी कर ली है। कानूनी अड़चनों को दूर करने के लिए दिल्ली और जबलपुर के वरिष्ठ विधि विशेषज्ञों से राय मशविरा करने के बाद 17 जून को कैबिनेट की बैठक में 'मध्यप्रदेश लोकसेवा पदोन्नति नियम 2025' को हरी झंडी दे दी गई थी। इस ऐतिहासिक फैसले के क्रियान्वयन को लेकर सरकार बेहद गंभीर है। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने 24 जून को उच्च स्तरीय बैठक कर बरसों पुराने और अप्रासंगिक कानूनों को खत्म करने की दिशा में काम शुरू कर दिया है। इसके साथ ही संभाग आयुक्तों और जिला कलेक्टरों को भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दिशा-निर्देश जारी कर अलर्ट रहने को कहा गया है।

10-15 दिनों में शुरू होगी पदोन्नति प्रक्रिया



- ***कैबिनेट की मंजूरी के बाद विभाग अलर्ट मोड पर***
- ***'मध्यप्रदेश लोकसेवा पदोन्नति नियम 2025' को हरी झंडी***

### मुख्यमंत्री ने किया था ऐलान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्ष 2025 में ही बंद पड़ी पदोन्नति प्रक्रिया को दोबारा शुरू करने की घोषणा की थी। इसके बाद सरकार ने कई दौर की बैठकों और कानूनी सलाह-मशविरों के बाद नया पदोन्नति नियम तैयार किया। अब अंतिम प्रशासनिक तैयारियां पूरी होने के साथ कर्मचारियों का लंबा इंतजार खत्म होता दिखाई दे रहा है।

### युवाओं के लिए खुलेंगे रोजगार के द्वार

राज्य सरकार के इस कदम से जहां एक तरफ एक ही पद पर सालों से जमे 4.50 लाख शासकीय सेवकों को उच्च पदों पर जाने का अवसर मिलेगा, वहीं दूसरी तरफ बड़े पैमाने पर खाली होने वाले पदों से युवाओं के लिए नौकरियों का नया रास्ता खुलेगा। अनुमान है कि सीनियर अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रमोशन से करीब 2 लाख पद रिक्त होंगे, जिन पर सरकार नई भर्तियां करेगी।

### 2016 से क्यों थमा था प्रमोशन का पहिया?

मध्यप्रदेश में सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति मई 2016 से आरक्षण विवाद और न्यायालय में लंबित मामलों के कारण पूरी तरह ठप पड़ी थी। इस 10 साल की लंबी रुकावट के चलते प्रदेश के लाखों कर्मचारी बिना किसी प्रमोशन के ही सेवानिवृत्त (रिटायर) हो गए। अब नए नियमों में अनुसूचित जाति (एससी) को 16% और अनुसूचित जनजाति (एसटी) को 20% प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करते हुए मैरिट और वरिष्ठता के संतुलन के साथ नया मसौदा तैयार किया गया है, जिससे सभी वर्गों को समान अवसर मिल सके।

## नीट परीक्षार्थी ने की आत्महत्या

# कुए में कूदने से पहले वीडियो बना अपनी मां से मांगी माफी

एजेंसी ▶▶ हिंगोली

महाराष्ट्र के हिंगोली जिले से एक झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। यहां नीट (यूजी) की परीक्षा देने वाले 18 वर्षीय छात्र सुशील धागे ने कथित तौर पर कुए में कूदकर खुदकुशी कर ली। आत्मघाती कदम उठाने से ठीक पहले सुशील ने मोबाइल पर 33 सेकंड का एक बेहद भावुक वीडियो रिकॉर्ड कर अपने परिजनों को भेजा।

वीडियो में गहरे दर्द का किया जिक्र



## सोशल मीडिया पर फोटो वायरल

# तेजस एक्सप्रेस में परोसी गई मक्खी वाली बिरयानी


रेलवे की कैटरिंग पर उठे सवाल अधिकारियों ने मांगी माफी

**मुंबई/अहमदाबाद।** भारतीय रेलवे की प्रीमियम और वीआईपी ट्रेनों में शुमार 'तेजस एक्सप्रेस' में खानपान की गुणवत्ता को लेकर एक बार फिर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। अहमदाबाद से मुंबई सेंट्रल के बीच चलने वाली तेजस एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 82902) में सफर कर रहे एक यात्री को परोसे गए वेज बिरयानी कॉम्बो मील में मरी हुई मक्खी मिलने का मामला सामने आया है।

## अयोध्या राम मंदिर चंदा चोरी मामले में एक्शन शुरू

# एसआईटी की सिफारिश पर 8 नामजद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज, सभी हिरासत में

ये लोग सीसीटीवी फुटेज में चोरी करते और उनकी मदद करते नजर आए थे

एजेंसी ▶▶ लखनऊ/अयोध्या

अयोध्या के श्रीराम मंदिर में चढ़ावे और चंदे की कथित चोरी के मामले में अब तक का सबसे बड़ा एक्शन सामने आया है। विशेष जांच दल (एसआईटी) की सिफारिश के बाद श्रीराम जन्मभूमि कोतवाली में आठ से अधिक लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। सूत्रों के मुताबिक, यह मुकदमा खुद श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से लिखवाया गया है, जिसके बाद जांच का दायरा और गंभीर हो गया है। उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न गंभीर धाराओं (जैसे 306, 316(5), 317(4), 317(5), 61 और 3(5)) के तहत मामला दर्ज किया गया है।



एआई इमेज

- ***एफआईआर में मुख्य रूप से टिन्नू यादव, लवकुश मिश्रा और अनुकल्प मिश्रा सहित आठ लोगों को नामजद किया गया***

**आप सांसद संजय सिंह ने लगाए गंभीर आरोप**

### एसआईटी को सौंपे 11 सौदों के दस्तावेज

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह राम मंदिर चढ़ावा चोरी और जमीन खरीद में कथित गड़बड़ी के दस्तावेजी सबूतों के साथ एसआईटी अध्यक्ष विजय विश्वास पंत के दफ्तर पहुंचे। सिंह ने एसआईटी प्रमुख को 3 पन्नों का शिकायती पत्र और 11 जमीन सौदों के दस्तावेज सौंपे। आरोप लगाया कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने बाजार भाव और सर्किल रेट से कई गुना अधिक कीमत पर जमीनें खरीदी हैं। दावा किया कि 2 करोड़ की जमीन 18.5 करोड़ में और 9 करोड़ की जमीन 55 करोड़ से ज्यादा में खरीदी गई। इन दस्तावेजों को जांच में शामिल कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### सुप्रीम कोर्ट में याचिका 29 जून को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर चंदा विवाद और कथित वित्तीय अनियमितताओं का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। मामले में एफआईआर दर्ज करने और सीबीआई की विशेष टीम (एसआईटी) से गबन की जांच कराने की मांग को लेकर शीर्ष अदालत में एक जनहित याचिका दायर की गई है।



## डिजिटल अरेस्ट घोटाले में सीबीआई ने की बड़ी कार्रवाई

# जांच एजेंसी की ऑपरेशन चक्र के तहत 16 राज्यों में 80 ठिकानों पर छापेमारी 200 से अधिक मामलों में शामिल परिचालन नेटवर्क को खत्म किया जाएगा

## पंजाब, गुजरात, दिल्ली, महाराष्ट्र, हरियाणा, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीबीआई ने आज 16 राज्यों में 80 ठिकानों पर छापेमारी की है। यह छापेमारी डिजिटल अरेस्ट स्कैम से जुड़े मामले में की गई है। सीबीआई ने ऑपरेशन चक्र के तहत यह कार्रवाई की है।

इस ऑपरेशन के जरिए सीबीआई द्वारा साइबर अपराध के बुनियादी ढांचे पर समन्वित कार्रवाई की जा रही है। इससे पहले भी सीबीआई डिजिटल अरेस्ट स्कैम से जुड़े मामलों में कई कार्रवाई कर चुकी है।

### 60 विशेष टीमों का गठन किया

सीबीआई ने ऑपरेशन चक्र-6 के दौरान 60 विशेष टीमों का गठन किया है। इन टीमों ने पंजाब, गुजरात, दिल्ली, महाराष्ट्र, हरियाणा, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश में छापा मारा।

### यह डिजिटल अरेस्ट स्कैम की जांच का हिस्सा



साइबर नेटवर्क की पड़ताल करती सीबीआई

सीबीआई की यह कार्रवाई डिजिटल अरेस्ट स्कैम की जांच का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य देश में डिजिटल गिरफ्तारी घोटालों के 200 मामलों में परिचालन नेटवर्क को खत्म करना है। सीबीआई ने शेल कंपनियों के गठन और खातों को खोलने के मामले में दो को गिरफ्तार किया है।

### देश-विदेश के आपराधिक नेटवर्क के अहम हिस्सों की पहचान की

सीबीआई ने भारत और विदेश में चल रहे आपराधिक नेटवर्क के अहम हिस्सों की पहचान की है। अपराधियों ने धोखाधड़ी वाली गतिविधियों को भरोसेमंद दिखाने के लिए जाली और मनगढ़ंत दस्तावेज अपलोड किए थे, जिनमें अदालतों कानून लागू करने वाली एजेंसियों के आदेशों जैसे फर्जी आदेश भी थे।

### भारतीयों के साथ विदेशी नागरिकों को भी ठगा

सीबीआई ने डिजिटल अरेस्ट घोटाले से जुड़ी एक फर्जी वेबसाइट का भंडाफोड़ किया था। इसकी मदद से देश-विदेश के लोगों को ठगा जाता था। नकली साइट्स बनाई थीं।

गुजरात पुलिस की कार्रवाई

### 'एपीके फाइल' भेजकर साइबर धोखाधड़ी, गिरोह का पर्दाफाश

**अहमदाबाद**। गुजरात पुलिस ने झारखंड के एक साइबर अपराध गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो 'एपीके फाइल' भेजकर लोगों के मोबाइल फोन तक अनधिकृत पहुंच हासिल करता था और उनके बैंक खातों से पैसे निकाल लेता था। मुख्य आरोपी पूर्णानंद उर्फ मुकेश तिवारी ने लोगों के मोबाइल फोन तक अनधिकृत पहुंच हासिल करने के लिए 'एपीके फाइल' और एक 'टेलीग्राम बॉट' बनाया था।

## खबर संक्षेप

### एक्ट्रेस के घर मिला बिजनेसमैन का शव

**बेंगलुरु**। बेंगलुरु के राजा-राजेश्वरी नगर में कन्नड़ एक्ट्रेस कृषि थापांडा के घर पर वैशाख नाम के एक



बिजनेसमैन ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा वह डिप्रेशन से जूझ रहे थे। पुलिस के अनुसार यह घटना बुधवार रात करीब 8:30 बजे हुई, जब कृषि थापांडा येलाहंका गई हुई थीं। वैशाख पिछले एक हफ़्ते से घर पर रह रहे थे।

### तेलंगाना में 'सर' पर अलर्ट, रेड्डी ने सचेत किया

**हैदराबाद**। कांग्रेस शासित राज्य तेलंगाना में चुनाव आयोग ने एसआईआर का काम बूथ स्तर पर



शुरू कर दिया है। बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता का वेरिफिकेशन करेंगे। इसको लेकर कांग्रेस अलर्ट हो गई है और आधी रात में सीएम रेवंत रेड्डी ने मंत्रियों, विधायकों और दिग्गज नेताओं के साथ एसआईआर की रणनीतियों के संबध में अहम बैठक की है।

### अस्वीकृति बर्दाश्त नहीं कर पाते लड़के:हाई कोर्ट

**चेन्नई**। मद्रास उच्च न्यायालय ने सुनवाई करते हुए समाज और आज की युवा पीढ़ी की मानसिकता पर



अहम टिप्पणी की है। अदालत ने कहा है कि युवा पीढ़ी रिजेक्शन स्वीकार नहीं कर पाती है। कोर्ट 2016 में कॉलेज की क्लास के अंदर अपनी क्लासमेट की हत्या के मामले की सुनवाई कर रहा था। इसमें उसकी सजा और उम्रकैद को बरकरार रखा है।

### सुजाता कार्तिकेयन बीजेडी में शामिल

**भुवनेश्वर**। ओडिशा की राजनीति में अहम घटनाक्रम सामने आया है। नौकरशाह से राजनेता बने वीके



पांडियन की पत्नी और पूर्व आईएएस अधिकारी सुजाता राउत कार्तिकेयन ने गुरुवार को बीजू जनता दल का दामन थाम लिया। अध्यक्ष नवीन पटनायक की मौजूदगी में बीजेडी में शामिल हुई हैं। कार्यकर्ताओं और महिला विंग ने स्वागत किया।

### बच्ची से रेप, 29 को सजा सुनाएगी पुणे अदालत

**पुणे**। एक विशेष अदालत ने 25 जून को तीन साल की बच्ची से दुष्कर्म और उसकी हत्या के मामले



में 65 वर्षीय भीमराव कांबले को दोषी करार दिया है। बड़ी बात यह है कि इस मामले की सुनवाई महज दो महीने में पूरी कर ली गई।विशेष न्यायाधीश ने कहा है कि दोषी को कितनी सजा दी जाएगी, इसका फैसला 29 जून को सुनाया जाएगा।

## आपातकाल की 51वीं बरसी पर बोले प्रधानमंत्री मोदी

# कभी माफ न करें, कभी न भूलें, यह लोकतंत्र के लिए बड़ा 'काला अध्याय'

1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा ने देश में लगाई थी इमरजेंसी

### इंस्टाग्राम पर हैशटैग 'संविधान हत्या दिवस' के साथ पोस्ट किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की ओर से लगाए गए आपातकाल की 51वीं बरसी पर गुरुवार को इस दिन को भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय बताया। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने नागरिकों से कहा कि इस दाग को बार-बार याद करने की जरूरत है, ताकि देश में फिर कोई ऐसा पैदा न हो, जिसको इस पाप के रास्ते पर जाने की इच्छा हो जाए। पीएम मोदी ने इंस्टाग्राम पर हैशटैग 'संविधान हत्या दिवस' के साथ पोस्ट किया, क्या आप जानते हैं कि हमारे लोकतांत्रिक इतिहास में 25 जून इतना महत्वपूर्ण क्यों है? उन्होंने लिखा, आपातकाल लगाने वालों के माथे पर उस गंभीर पाप का कलंक हमेशा के लिए लग गया है। आज हम उन सभी लोगों को सलाम करते हैं, जो डटकर खड़े रहे। उन्हीं की वजह से लोकतंत्र बचा रहा। कभी माफ न करें और कभी न भूलें।

### इंदिरा के आपातकाल की घोषणा का अंश शेयर किया



पीएम मोदी ने अपने पोस्ट में शुरुआत में इंदिरा गांधी के आपातकाल की घोषणा का अंश शेयर किया, जिसमें तत्कालीन प्रधानमंत्री को कहते सुना गया, राष्ट्रपति जी ने आपातकाल की घोषणा की है।प्रधानमंत्री ने इसका शीर्षक दिया, आपातकाल की 51वीं बरसी- जानिए क्यों इसे भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय माना जाता है।

### संविधान की हत्या की कोर्ट को गुलाम बनाया

पीएम मोदी ने संदेश में कहा कि आपातकाल लगाने वालों ने न सिर्फ हमारे संविधान की हत्या की, बल्कि उनका इरादा न्यायपालिका को भी अपना गुलाम बनाए रखने का था। इस दौरान लोगों को बड़े पैमाने पर प्रताड़ित किया गया। इसके अनेक उदाहरण हैं, जिन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता है। जॉर्ज फर्नांडिस साहब को जंजीरों में बांधा गया था और अनेक लोगों को कठोर यातनाएं दी गईं। मीसा के तहत किसी को भी ऐसे ही गिरफ्तार कर लिया जाता था। छात्रों को भी परेशान किया गया। अभिव्यक्ति की आजादी का भी गला घोंट दिया गया था।

### मैंने इसे बहुत निकट से देखा

पीएम मोदी ने कहा कि आपातकाल को मैंने बहुत निकट से देखा है। करोड़ों लोगों को यातनाएं दी गईं। जिस संसद के अंदर होता था, वह तो रिकॉर्ड पर है। आपातकाल लगाने वालों ने न सिर्फ हमारे संविधान की हत्या की, लेकिन बहुत कोशिशों, हजारों गिरफ्तारियों और लाखों लोगों पर अत्याचार के बाद भी भारत के लोगों का लोकतंत्र से विश्वास डिगा

### जनभागीदारी की शक्ति से बड़े-बड़े संकट टलेंगे

पीएम मोदी ने कहा कि जनभागीदारी की शक्ति से बड़े-बड़े संकटों का मुकाबला किया जा सकता है। उस समय जब मीडिया पर ताले लग चुके थे, हर किसी को लगता था कि आज शाम को पुलिस आएगी और पकड़ लेगी। लोगों का सामर्थ और ताकत देखिए, जाति, पंथ व संप्रदाय, इन सबसे ऊपर उठकर देश ने उस समय चुनाव में नतीजा दिया था।

### संविधान को कुचलने का पाप कोई नहीं भूल सकता

पीएम मोदी ने कहा कि संविधान की बातें बताना और संविधान को कुचलने का पाप करना, इन चीजों को कोई भूल नहीं सकता है। उस समय जो भी इस पाप के भागीदार थे, ये पाप कभी मिटने वाला नहीं है। इस दाग को बार-बार स्मरण करने की भी जरूरत है, ताकि देश में फिर कोई ऐसा पैदा न हो, जिसे इस रास्ते पर जाने की इच्छा हो जाए।

### इमरजेंसी से लोकतांत्रिक संस्थाओं पर पड़ा था दबाव : राजनाथ



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी आपातकाल को याद करते हुए कहा कि यह ऐसा दौर था जब लोकतांत्रिक अधिकारों और संस्थाओं पर गंभीर दबाव पड़ा था। उन्होंने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सीमित किया गया, न्यायपालिका को कमजोर करने के प्रयास हुए और करोड़ों नागरिकों के अधिकारों का उल्लंघन किया गया।

कोलकाता गोदाम हादसा



## मृतकों की संख्या बढ़कर हुई 11, प्रधानमंत्री देंगे मुआवजा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम कोलकाता के तारातला इलाके में हादसे में मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है। मलबे से निकाले गए 20 लोगों का इलाज जारी है।कई की हालत गंभीर है। मलबे में फंसे लोगों को निकालने के लिए युद्धस्तर पर बचाव अभियान जारी है। प्रधानमंत्री ने इस पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2-2 लाख देने की घोषणा की है। घायलों को 50-50 हजार की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

### खामियों के बावजूद टीएमसी ने नक्शे को मंजूरी दी : सुवेंदु

बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि संरचनात्मक



खामियों के बावजूद भवन का नक्शा मंजूर किया गया था और उस स्वीकृति पर पूर्व महापौर एवं टीएमसीनेता फिरहाद हकीम के हस्ताक्षर हैं। उन्होंने विधानसभा में कहा कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

महाराष्ट्र में सियासी भूचाल

## उद्धव की बैठक से 23 विधायक नदारद, शरद पवार भी नहीं पहुंचे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र की राजनीति में एक और बड़े भूचाल के संकेत मिल रहे हैं। महा विकास



अघाड़ी गठबंधन में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। बुधवार को गठबंधन की एक अहम रणनीतिक बैठक से 60 में से 23 विधायकों ने दूरी बना ली। इनमें शरद पवार जैसे बड़े नाम भी शामिल हैं।

### बैठक से नदारद रहे ये दिग्गज नेता

बैठक मानसून सत्र के लिए रणनीति तैयार करने के मकसद से बुलाई गई थी, लेकिन इसमें कई बड़े नेता नहीं पहुंचे। कांग्रेस नेता नाना पटोले और विजय वडेट्टीवार भी बैठक से गायब रहे।

दिल्ली-मथुरा पर हाई अलर्ट

## हाइवे, स्टेशनों और ट्रेनों में अचानक जांच से हड़कंप

एजेंसी ▶▶ फरीदाबाद

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के संयुक्त आपरेशन के तहत दिल्ली से मथुरा के बीच सुरक्षा चौकसी को बढ़ाया गया है। आरपीएफ महानिदेशक सोनाली मिश्रा के निर्देश पर विशेष सुरक्षा चौकसी अभियान के तहत सेक्शन के बीच रेलवे स्टेशन परिसर और ट्रेनों में नियमित रूप से चेकिंग की जा रही है।बुधवार और गुरुवार को चेकिंग के तहत ओल्ड रेलवे स्टेशन परिसर, बल्लभगढ़, असावटी,



पलवल स्टेशन परिसर पर डॉग स्क्वायड टीम के सदस्य शेरा के साथ यात्री सामानों, डस्टबिन, ट्रेनों में तलाशी ली गई। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी श्रवण कुमार ने बताया कि पिछले दिनों जीआरपी के अंबाला हेडक्वार्टर से भी सुरक्षा चौकसी को बढ़ाने अलर्ट आया था। जीआरपी और आरपीएफ पड़ताल की।

सरकारी बसों का उद्घाटन किया

## सीएम विजय ने 300 बसों को दिखाई हरी झंडी, यात्रा भी की

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और अभिनेता विजय ने जब से सीएम की कुर्सी संभाली है, तब से ही चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने चेन्नई में नई सरकारी बसों का उद्घाटन किया। इसके बाद वेमंच छोड़कर बस पर बैठे। उन्होंने बस कंडक्टर और ड्राइवर से भी बातचीत की। इस मामले के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं।

शहर में 300 नई सरकारी बसों को हरी झंडी दिखाने के बाद, विजय एक बस में सवार हुए और



शहर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने क्रू से बातचीत की और रास्ते में लोगों का अभिवादन किया। इस बीच मुख्यमंत्री सफेद शर्ट और धूप का चश्मा पहने नजर आए। जबकि मंत्री उनके पास में खड़े थे। एक वीडियो में, वह कंडक्टर के साथ लंबी बातचीत करते हुए दिखे।

राज्यसभा में 10 सांसदों ने ली शपथ, उपराष्ट्रपति ने दिलाई सदस्यता

हिंदी, अंग्रेजी, तमिल, तेलुगू में ली शपथ

## कार्यक्रम में दिखा विभिन्न राज्यों और भाषाओं का 'प्रतिनिधित्व'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा में गुरुवार को अहम शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। सभापति सीपी राधाकृष्णन ने यहां नवनिर्वाचित और पुनर्निर्वाचित 10 सदस्यों को राज्यसभा सदन में शपथ एवं प्रतिज्ञान दिलाया। इस अवसर पर सदन में गरिमामय वातावरण देखने को मिला।विभिन्न राज्यों के कई सांसदों ने अपनी मातृभाषा में यह शपथ ली। जिन सांसदों ने शपथ ली है उनमें प्रवीण चक्रवर्ती, देबाशीष सामंतराय, सना सतीश बाबू, विजय चिंतकायाला,


उपराष्ट्रपति ने टीडीपी नेता विजय चिंताकायाला का अभिवादन किया

भाष्यम राम कृष्ण, लिंगामनेनी रमेश, राजेश परमानंद शुक्ला, बैद्यनाथ राम, परिमल नथवानी और ताई टागाक शामिल रहे।

### 5 सदस्यों ने हिंदी को महत्ता दी

सभी ने औपचारिक सदस्यता ग्रहण कर ली है। समारोह की एक विशेषता देश की भाषाई विविधता भी रही। 10 में से 5 सदस्यों ने हिंदी में राज्यसभा सदस्य की शपथ ली, वहीं एक ने अंग्रेजी में शपथ ली, एक सदस्य ने तमिल में तथा 3 सदस्यों ने तेलुगू भाषा में शपथ व प्रतिज्ञान लिया। यह भारतीय लोकतंत्र की बहुभाषी परंपरा और संविधान द्वारा सभी भाषाओं को दिए गए सम्मान को दर्शाता है।

विपक्ष के नेता राहुल ने शिक्षा मंत्री पर फिर निशाना साधा

# युवाओं से माफी मांगें और इस्तीफा दें शिक्षामंत्री प्रधान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर हमला करते हुए उन पर छात्रों का अपमान करने का आरोप लगाया और कहा कि वे देश के युवाओं से माफी मांगें और इस्तीफा दें। एक्स पर साझा पोस्ट में राहुल ने आरोप लगाया कि सरकार अहंकारी हो गई है और अब उन छात्रों को निशाना बना रही है, जो अधिकारों और निष्पक्ष परिक्षाओं और रोजगार की मांग उठा रहे हैं।

### आरोप- केंद्र सरकार अहंकारी हो गई

देश का छात्रों का अपमान किया जा रहा



### करोड़ों युवाओं को अंधकार में धकेला गया

राहुल ने पोस्ट में लिखा, सत्ता के अहंकार में डूबी मोदी सरकार अब इस मुकाम पर पहुंच गई है कि अपने अधिकारों, निष्पक्ष परिक्षाओं और सुरक्षित भविष्य की मांग करने वाले छात्रों को ही शिक्षा मंत्री आतंकवादी कह रहे हैं। जरा सोचिए- जिसकी नाकामी से इतने पेपर लीक हुए, जिसके राज में 20 बच्चों ने जान दे दी, जिसने करोड़ों युवाओं का भविष्य अंधकार में धकेल दिया। वो आज पीड़ित बच्चों और उनकी आवाज उठाने वालों को दहशतगर्द बता रहे हैं। ये कोई नई बात नहीं है।

### मैं शिक्षा व्यवस्था को बदलकर रहूंगा

राहुल ने कहा कि आप मुझ पर जितने हमले कर लें, लेकिन जो शिक्षा व्यवस्था आज वसूली तंत्र बन गई है, उसे मैं ऐसी नहीं रहने दूंगा। हर बच्चे को सस्ती, अच्छी शिक्षा और निष्पक्ष परीक्षा मिले, इस आवाज को उठाना मैं कभी भी बंद नहीं करूंगा।

### शिक्षा व्यवस्था से छात्रों का भरोसा टूटा: गोगोई

कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने परीक्षा संबंधी कथित अनियमितताओं की



बार-बार सामने आ रही घटनाओं को शिक्षा व्यवस्था की 'बड़ी संस्थागत विफलता' करार देते हुए कहा कि इससे छात्रों का भरोसा टूट गया है। कांग्रेस के 'छात्रों की गूंज' में गोगोई ने यह भी कहा कि लीक और व्यवधान से छात्र परेशान हो रहे।

राष्ट्रपति प्रशिक्षु अधिकारियों से मिलीं

## सेना इंजीनियरी सेवा देश के डिफेंस इंफ्रास्ट्रक्चर की रीढ़

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने



गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में सेना इंजीनियरी सेवा (एमईएस) के वर्ष 2023 और 2024 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को संबोधित करते हुए देश की रक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में सेना इंजीनियरी सेवा की महत्वपूर्ण

### डिफेंस इंफ्रास्ट्रक्चर का आधार है एमईएस

राष्ट्रपति ने कहा कि सेना इंजीनियरी सेवा देश के डिफेंस इंफ्रास्ट्रक्चर की रीढ़ है। सामरिक महत्व के प्रतिष्ठानों के निर्माण और रखरखाव के माध्यम से यह सशस्त्र बलों की परिचालन क्षमताओं को सुदृढ़ करने में अहम है। सेना इंजीनियरी सेवा के अधिकारियों का कौशल, समर्पण और कठोर परिश्रम यह सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत अहम है कि सैनिक, नौसैनिक और वायु सैनिक रक्षा के दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकें।

जबलपुर
शुक्रवार 26 जून 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष-12
वर्ष : 21, अंक : 55
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *
मौसम
अधि. 32
न्यून. 22

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**विदेश जाना हुआ महंगा**

## पासपोर्ट फीस में इजाफा, 1 जुलाई से लागू होंगी नई दरें



**नई दिल्ली।** विदेश यात्रा, पढ़ाई या नौकरी के लिए पासपोर्ट बनवाने वाले नागरिकों को अब अपनी जेब ज्यादा ढीली करनी होगी। केंद्र सरकार ने नया पासपोर्ट बनवाने और पुराने को रिन्यू कराने के शुल्क में बड़ा इजाफा किया है। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी पासपोर्ट (संशोधन) नियम, 2026 के तहत नई दरें 1 जुलाई 2026 से पूरे देश में प्रभावी हो जाएंगी। नए नियमों के मुताबिक, 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के वयस्कों के लिए 36-पेज के साधारण (नॉर्मल) पासपोर्ट की फीस 1,500 रुपए से बढ़ाकर सीधा 2,500 रुपए कर दी गई है।

[1] **ऐसी दहशत : मोहर्रम के जुलूस में हमले का प्रदर्शन के दौरान की घटना**

# क्रेन पर वैन लटकाई और 'विस्फोट' से उड़ा दिया, लिखा-ले फिर आ गए

**पुलिस ने कहा- जुलूस की अनुमति थी, विस्फोटक की नहीं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

बड़नगर में मोहर्रम के जुलूस के दौरान एक वैन (टाटा मैजिक) में किए गए विस्फोट का वीडियो सामने आया है। घटना 23 जून की रात की बताई जा रही है। बड़नगर के अडान मोहल्ले से निकले जुलूस में बड़ी संख्या में लोग शामिल थे। जुलूस में एक वैन को क्रेन की मदद से करीब 40 फीट ऊंचाई पर लटकाया गया।



वैन को क्रेन पर लटकाया, फिर धमाका

**वैन को उड़ाने वाले 4 लोगों पर केस**

उज्जैन के एडिशनल एसपी करनदीप सिंह ने बताया कि अड़ान मोहल्ले में जेसीबी से गाड़ी को ब्लास्ट करने के मामले में 4 लोगों (आयोजक शोएब खान, गाड़ी पर झंडे लहरा रहे तालीम खान और जाहिद खान, क्रेन मालिक गोपाल माली) के खिलाफ बीएनएस की धारा 125, 285, 286, 287 के तहत केस दर्ज किया गया है। जल्द ही चारों को गिरफ्तार किया जाएगा। एसपी ने बताया कि जुलूस की अनुमति दी गई थी, लेकिन विस्फोटक की कोई परमिशन नहीं थी।

[2] **ऐसी अमानवीयता: राजधानी में करंट से युवक की मौत**

# चार घंटे लटका रहा शव, पुलिस बनाती रही पंचनामा... लाइनमैन मौके से भागे

**युवक को 500 रुपए देने का दिया था लालच**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के बिलखिरिया क्षेत्र में बिजली लाइन पर काम करने के दौरान करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों ने बिजली विभाग के दो कर्मचारियों पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि लाइनमैन ने खुद काम करने के बजाए एक निजी युवक को खंभे पर चढ़ा दिया ।



जितेंद्र कुशवाहा



बिजली के तार पर मृतक

**मृतक को कोई सुरक्षा उपकरण नहीं दिए गए थे**

बंटी कुशवाहा ने बताया कि जितेंद्र पहले भी बिजली विभाग के कर्मचारियों के साथ निजी तौर पर काम कर चुका था। इस दौरान उसे दो बार करंट लग चुका था। दोनों बार उसे किसी तरह के सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराए गए थे।

## खबर संक्षेप


### ट्रेनों में भाला और भारी खेल उपकरण ले जाने की अनुमति

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने देश के खिलाड़ियों को बड़ी राहत देते हुए ट्रेनों में भाला (जैवलीन) और अन्य भारी खेल उपकरण ले जाने की मंजूरी दे दी है। हालांकि, तकनीकी कारणों से पोल वॉल्ट के पोल को इस छूट से बाहर रखा गया है। जारी सर्कुलर के अनुसार, खिलाड़ी तय माल ढुलाई शुल्क का भुगतान कर इन बड़े और नाजुक उपकरणों को ट्रेन के पार्सल वैन में प्राथमिकता के आधार पर ले जा सकेंगे।



### कमर्शियल पैक्ड एलपीजी पर लगी पाबंदियां हटीं

**नई दिल्ली।** अमेरिका-ईरान के बीच समझौता होने के बाद से होर्मुज जलडमरूमध्या खुल गया है। इसी के चलते सरकार ने एलपीजी सप्लाई को संकट से पहले के स्तर पर बहाल करने का फैसला किया है। सरकार ने होटलों और अन्य जगहों पर कमर्शियल एलपीजी की सप्लाई को वेस्ट एशिया संकट से पहले के स्तर पर बहाल कर दिया है और सेक्टर-वाइज पाबंदियां हटा ली हैं।



### नकली दवाओं पर लगाम अब क्यूआर कोड अनिवार्य

**नई दिल्ली।** देश में नकली और घटिया दवाओं की बिक्री रोकने के लिए केंद्र सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। अब वैक्सीन, एंटी-कैंसर, एंटी माइक्रोबियल्स और नारकोटिक्स दवाओं पर क्यूआर कोड या बारकोड लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके लिए स्वास्थ्य मंत्रालय ने औषधि नियम में संशोधन कर इन्हें शेड्यूल एच2 में शामिल किया है। इस नई ट्रैक-एंड-ट्रेस तकनीक ls दवा का यूनिक कोड, बैच नंबर, निर्माता का नाम आ जाएगा।



**यह 56 साल पुराना कानून, पिछले 12 साल से इसमें कोई बदलाव नहीं**

**केंद्र सरकार ने कहा था- पासपोर्ट कभी भी नागरिकता का प्रमाण नहीं रहा, इसी से अब उठा सवाल**

# विपक्षः नागरिकता का प्रमाण कौन सा कागज ? सरकारः जन्मतिथि व जन्मस्थान के दस्तावेज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने गुरुवार को साफ कहा है कि पासपोर्ट कभी भी नागरिकता का प्रमाण नहीं रहा है। साथ ही ये भी साफ कर दिया कि इस फैसले में बीते 12 वर्षों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इसके लिए सरकार ने पासपोर्ट अधिनियम, 1967 की धारा 20 और बॉम्बे हाईकोर्ट के 2013 के फैसले का भी हवाला दिया है। पासपोर्ट अधिनियम, 1967 की धारा 20 के अनुसार अगर सरकार को लगता है कि ऐसा करना जनहित में जरूरी है, तो केंद्र सरकार किसी भी ऐसे व्यक्ति को पासपोर्ट जारी कर सकती हैं, या जारी करवा सकती हैं, जो भारत का नागरिक नहीं हैं। सरकार ने बॉम्बे हाईकोर्ट के एक फैसले का भी जिक्र किया, जिसमें साफ किया गया था कि पासपोर्ट होने से ही कोई भारतीय नागरिक नहीं माना जा सकता। इस पर राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा-विदेश मंत्रालय के 24 जून 2026 के बयान के अनुसार पासपोर्ट एक यात्रा दस्तावेज है ।

**बॉम्बे हाईकोर्ट ने 2013 में इस संबंध में दिया था फैसला पासपोर्ट अधिनियम, 1967 की धारा 20 भी यही कहती है**



एआई इमेज

**सरकार आधार पासपोर्ट, वोटर आईडी और पैन कार्ड में से किसी को भी नागरिकता सिद्ध करने का अंतिम या पूर्ण दस्तावेज नहीं मानती**

### भारत में पासपोर्ट नागरिकता का प्रमाण क्यों नहीं?

विदेश मंत्रालय ने कहा कि कानूनी रूप से भारतीय नागरिकता का निर्धारण नागरिकता अधिनियम, 1955 के तहत होता है, जबकि पासपोर्ट शुरुआत से ही पासपोर्ट अधिनियम के तहत आते हैं। अगर विदेश में पासपोर्ट ही पहचान बताता है तो भारत में यह नागरिकता का प्रमाण क्यों नहीं? विदेश में भारतीय पासपोर्ट किसी व्यक्ति की राष्ट्रीयता और पहचान स्थापित करता है।

### तो क्या है नागरिकता का सबसे पुख्ता प्रमाण?

कानूनी रूप से नागरिकता का सबसे निर्णायक प्रमाण गृह मंत्रालय की तरफ से जारी किया गया पंजीकरण प्रमाणपत्र या प्राकृतिककरण प्रमाणपत्र होता है। हालांकि, ये प्रमाणपत्र आमतौर पर सिर्फ उन लोगों को जारी किए जाते हैं, जिन्होंने विदेशी मूल का होने के बाद कानूनी प्रक्रिया से भारत की नागरिकता ली हो। अधिकतर भारतीय, जो जन्म से नागरिक हैं के पास यह प्रमाणपत्र नहीं होताहै।

### तो फिर आधार, पैन, वोटर आईडी कार्ड का क्या?

भारत सरकार और अदालतों ने बार-बार स्पष्ट किया है कि आधार कार्ड, पैन कार्ड और वोटर आईडी कार्ड भारतीय नागरिकता के निर्णायक प्रमाण नहीं हैं। इन दस्तावेजों को कुछ खास मकसदों और सेवाओं के लिए जारी किया जाता है, न कि किसी व्यक्ति की नागरिकता तय करने के लिए। आधार कार्ड सिर्फ व्यक्ति की पहचान स्पष्ट करने और भारत में निवास का प्रमाण है। पैन कार्ड (परमानेंट अकाउंट नंबर) एक वित्तीय और टैक्स पहचान दस्तावेज है। वोटर आईडी कार्ड मुख्य रूप से मतदाता सूची में नाम दर्ज होने और पहचान का प्रमाण है। साल 2020 में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने संसद (राज्यसभा) में एक सवाल के जवाब में साफ कर दिया था कि सरकार आधार, पासपोर्ट, वोटर आईडी और पैन कार्ड में से किसी को भी नागरिकता सिद्ध करने का अंतिम या पूर्ण दस्तावेज नहीं मानती है।

**हत्या और आत्महत्या के बीच उलझी पुलिस**


# कार के अंदर खून से लथपथ मिले युवक-युवती के शव

**50 मीटर दूर 3 मोबाइल, टोपियां मिलीं**

**पिता बोले- बेटे के सिर में गोली मारी गई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

ईसागढ़ रोड स्थित महाना गांव के पास एक कार के भीतर युवक और युवती के खून से लथपथ शव मिलने से सनसनी फैल गई है। कार के अंदर से एक पिस्टल, खून लगी कुल्हाड़ी और कटर भी बरामद हुआ है। मृतकों की पहचान अशोकनगर निवासी रितिक सोनी (26) और मुस्कान जैन (24) के रूप में हुई है। दोनों बुधवार शाम को अपने घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की थी। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने जब दोनों के मोबाइल फोन की लोकेशन ट्रेस की, तो वह ईसागढ़ रोड पर मिली। रात करीब 3 बजे मौके पर पहुंची पुलिस को सड़क किनारे खड़ी कार की अगली सीट पर दोनों के शव मिले।



इसी कार में वारदात

**मंदसौर में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर हादसा**

# औरंगाबाद के चार लोगों की मौत, दो गंभीर जख्मी

**मंदसौर।** यहां दिल्ली-मुंबई 8 लेन एक्सप्रेस-वे पर गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहां एक तेज रफ्तार कार आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह पिचक गया और उसमें सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान महाराष्ट्र के औरंगाबाद निवासी सचिन गंगाधर, संदीप बोरसे, राजेंद्र कोवडे और रवींद्र काले के रूप में हुई है। अब्दुल खलील और उमर जागीरदार इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीतामऊ थाना पुलिस के अनुसार रेनॉल्ट ट्राइबर कार में कुल छह लोग सवार थे और वे सभी दिल्ली मोबाइल इक्विपमेंट का सामान लेने जा रहे थे।

**राजगढ़ में तालिबानी क्रूरता**

# चोरी के शक में युवक को ट्रैक्टर से बांधकर पीटा, गर्म तार से दागा




**चार आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के खारपरस कालीपीठ थाना क्षेत्र में इंसानियत को शर्मसार करने वाली एक खौफनाक घटना सामने आई है। यहां बकरी चोरी के आरोप में एक दलित युवक को भीड़ ने न केवल ट्रैक्टर-ट्रॉली से बांधकर बेरहमी से पीटा, बल्कि उसे गर्म लोहे के तार से बेरहमी से दागा भी गया। इस तालिबानी सजा के दौरान पीड़ित दर्द से चीखता रहा, लेकिन ग्रामीणों का दिल नहीं पिघला और वे तमाशाई बनकर वीडियो बनाते रहे। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी आदित्य मिश्रा के निर्देश पर पुलिस एक्शन में आई। पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर चार मुख्य आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और एससी-एसटी एक्ट के तहत गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। इनमें से दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है। दूसरी ओर, ग्रामीणों की शिकायत पर पीड़ित युवक के खिलाफ भी बकरी चोरी का मामला दर्ज किया गया है।

**बाघों की मौत पर हाईकोर्ट सख्त**

# कान्हा में बफर जोन से कुत्तों को क्वारंटीन करने के आदेश



**मामले की अगली सुनवाई 9 जुलाई को होगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मध्य प्रदेश के प्रसिद्ध कान्हा टाइगर रिजर्व में लगातार हो रही बाघों की मौतों पर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने गंभीर चिंता व्यक्त की है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण और वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत बाघों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अदालत ने केंद्र और राज्य सरकार को कड़े निर्देश दिए हैं। जस्टिस आनंद पाठक और जस्टिस बीपी शर्मा की युगलपीठ ने आदेश दिया है कि कान्हा टाइगर रिजर्व के आसपास के बफर जोन में रहने वाले कुत्तों को क्वारंटीन किया जाए और जरूरी जैव-सुरक्षा उपाय अपनाए जाएं, ताकि घातक कैनाइन डिस्टेंपर वायरस के प्रसार को रोका जा सके। इस मामले की अगली सुनवाई 9 जुलाई को होगी। मुंबई के अधिवक्ता सुब्रत चक्रवर्ती द्वारा दायर जनहित याचिका में आरोप लगाया गया था कि वन्यजीव संरक्षण से जुड़े तय प्रोटोकॉल और रोग निगरानी में लापरवाही बरती गई है। याचिका के अनुसार, कान्हा में अप्रैल और मई के भीतर बाघिन सुनैना, अमाही, उसके चार शावकों और युवा नर बाघ महावीर सहित कुल 9 बाघों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो चुकी है, जिसके पीछे इसी वायरस की आशंका है। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट ने सरकार से स्टेटस रिपोर्ट तलब की है ।

**विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक के बाद आईपीएस अवार्ड लिफाफे में हुआ बंद**

**कुछ अधिकारियों के खिलाफ विभागीय प्रकरण**

# राज्य पुलिस सेवा के 9 अधिकारियों को मिल सकता है आईपीएस का दर्जा

- 1997 और 1998 बैच के 27 अधिकारियों के नामों पर विचार किया गया
- चार अधिकारियों के नामों को लेकर अब भी स्थिति स्पष्ट नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य पुलिस सेवा (एसपीएस) के अधिकारियों को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) में पदोन्नति देने के लिए गुरुवार को विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक तथा संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान वर्ष 1997 और 1998 बैच के 27 अधिकारियों के नामों पर विचार किया गया।





एआई इमेज

### लंबित मामलों से प्रभावित हो सकती है चयन प्रक्रिया

कुछ अधिकारियों के प्रकरण सीलबंद लिफाफा प्रक्रिया के तहत रखे जा सकते हैं। ऐसे में यदि संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध लंबित मामले समय पर समाप्त नहीं होते हैं, तो चयनित अधिकारियों की संख्या नौ से घटकर सात रह सकती है। राजेश मिश्रा का फिलहाल लिफाफा बंद रखा गया है राजस्थान की महिला फैशन डिजाइनर से 20 से 25 लाख रुपए का लेन-देन किया था।

### इन अधिकारियों के नामों पर हुआ विचार

डीपीसी में जिन प्रमुख अधिकारियों के नामों पर विचार किया गया उनमें सीताराम सस्तया, अमृत मीणा, निमिषा पांडे, राजेश कुमार मिश्रा, सत्य जैन, अमित सब्बरवाल, मनीषा पाठक सोनी, युगम गुर्जर, संदीप मिश्रा, सत्यप्रकाश सारंग, समर वर्मा, सत्येंद्र सिंह तोमर, अंजना तिवारी और मनोज कुमार खड़िया। संदीप मिश्रा और सत्येंद्र सिंह तोमर के लिए भारतीय पुलिस सेवा में पदोन्नति पाने का यह अंतिम अवसर माना जा रहा है। दोनों अधिकारियों का सेवानिवृत्ति वर्ष 2029 है और यदि इस बार उनका चयन नहीं हो पाता तो भविष्य में अवसर सीमित हो सकते हैं।



## वेनेजुएला में विनाशकारी भूकंप से चारों ओर मची तबाही

# राजधानी कराकास से 1700 किमी दूर ब्राजील तक में महसूस हुए झटके

एजेंसी ▶▶ कराकस

वेनेजुएला में 7.2 और 7.5 तीव्रता के दो भूकंपों से तबाही मच गई। 39 सेकेंड के अंदर राजधानी कराकस की ऊंची इमारतें मलबे के ढेर में बदल गईं। भूकंप ने कुछ ही सेकेंड में हजारों लोगों की जिंदगी बदल दी। कई परिवारों ने अपनों को खो दिया, सैकड़ों लोग घायल हुए और बड़ी संख्या में लोगों को घर छोड़ना पड़ा। इस तबाही के बीच कई भावुक और दिल दहला देने वाले दृश्य सामने आए।

कोई मलबे से सुरक्षित निकलने के बाद अपनी बेटी को गले लगाकर रो पड़ा, तो कई लोगों ने जान जोखिम में डालकर पालतू जानवरों को बचाया। यह वेनेजुएला में पिछले 100 साल से भी अधिक समय में आया सबसे विनाशकारी भूकंप है।

### युद्ध स्तर पर राहत और बचाव कार्य चल रहा

**मां की ममता**



कराकस में सुरक्षित रहने पर एक मां अपने बच्चे को गले से लगाते हुई

### 100 साल से भी अधिक का विनाशकारी भूकंप

**जमीदोज हुई उम्मीदें**



कराकस में भूकंप से कई इमारतें मलबों में तब्दील हो गईं, सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई

**ब्राजील में लोग सुरक्षित रहे**

इसके झटके इतने तेज थे कि वेनेजुएला की राजधानी काराकास से करीब 1,700 किलोमीटर दूर ब्राजील के अमेजन क्षेत्र तक की इमारतें हिल गईं और लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। फिलहाल प्रभावित इलाकों में मलबे के नीचे दबे लोगों को बचाने के लिए युद्ध स्तर पर राहत और बचाव कार्य चलाया जा रहा है।

**जिंदगी बचाने की कवायद**



कराकास के एक अस्पताल में भूकंप प्रभावित लोग

**स्लैब की चपेट में**



ला गुआरा में स्लैब के नीचे दबे व्यक्ति के पांव, पूरा धड़ मलबे में दबा

## वैज्ञानिकों की चेतावनी: यूएस में आ सकता है शक्तिशाली भूकंप

# लॉस एंजेलिस और रिवरसाइड शहरों की जमीन के अंदर धधक रहा है गर्म लावा

भू वैज्ञानिकों ने अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में भूकंप की चेतावनी दी है। उनका कहना है कि साउथ में सैन एंड्रियास-सैन जैसिंटो फॉल्ट लाइनों पर पड़ रहा दबाव अपने चरम पर पहुंच चुका है। पिछले 1000 साल से इन लाइनों पर दबाव पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि दोनों फॉल्ट्स की आपस में टकराने के बाद विनाशकारी भूकंप आ सकता है। अगर ऐसा होता हुआ तो सैन एंड्रियास और सैन जैसिंटो फॉल्ट लाइन के बीच स्थित लॉस एंजिल्स शहर धरती में समा जाएगा। यूनिवर्सिटी ऑफ हवाई और यूएस जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) के विशेषज्ञों ने लाइनों पर अध्ययन किया है। फिजिक्स-बेस्ड मॉडल से यह अध्ययन किया गया है। इसमें वैज्ञानिकों ने 1000 ईस्वी से साल 2026 तक इन लाइनों पर पड़ने वाले दबाव का पता चलाया है। अध्ययन में पता चला है कि लॉस एंजेलिस और रिवरसाइड शहरों की जमीन के नीचे लावा धधक रहा है, जिसके कारण धरती गर्म हो रही और दबाव बढ़ता जा रहा है।

### दुनिया ने जताया दुख

#### हम आपके साथ: उर्सुला



यूरोपीय संघ (ईयू) की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने प्रभावितों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं और एकजुटता प्रकट की है। उन्होंने लिखा कि कल रात आए विनाशकारी भूकंप के बाद हम सभी वेनेजुएलावासियों के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त करते हैं।

#### प्रभावितों के प्रति मेरी संवेदनाएं: मैक्रों



फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भूकंप पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए प्रभावित लोगों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। उन्होंने लिखा कि वेनेजुएला के लोगों के प्रति मेरी संवेदनाएं और समर्थन।


#### सहयोग के लिए तैयार: सिल्वा



ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने लिखा कि तबाही पर मुझे गहरा दुख है। हम प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्निर्माण में पूरा सहयोग देने का संकल्प दोहराते हैं।

## खबर संक्षेप

### ट्रिलियनेयर से फिर बिलियनेयर हो गए मस्क



**नई दिल्ली।** एलन मस्क अब ट्रिलियनेयर नहीं है। 12 जून को स्पेसएक्स के शेयर बाजार में शानदार डेब्यू के बाद मस्क दुनिया के पहले ट्रिलियनेयर बने थे। अब उनकी संपत्ति घटकर 950 बिलियन डॉलर तक पहुंच गई है। 16 जून को स्पेसएक्स का शेयर 225.64 डॉलर के रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया। इसके बाद स्पेसएक्स का शेयर करीब 31% गिरकर 156 डॉलर के आसपास आ गया। एलन मस्क की संपत्ति घट गई।

### कोलंबिया के नए राष्ट्रपति होंगे डी ला एस्प्रिएला



**बोगोटा।** कोलंबिया में राष्ट्रपति पद के लिए हुए दूसरे चरण के चुनाव में एबेलार्डो डी ला एस्प्रिएला को विजेता घोषित किया गया है। वह देश के अगले राष्ट्रपति होंगे। 7 अगस्त से पदभार संभालेंगे। उनका कार्यकाल चार साल का होगा। कपड़ों, वाइन और रम के कारोबार तथा एक रेस्तरां समेत कई व्यावसायिक उपक्रमों से जुड़े कारोबारी एस्प्रिएला (47) ने कभी कोई चुनाव नहीं लड़ा था, फिर भी उन्हें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन मिला।

### पूर्व मंत्री अरोड़ा की 55 करोड़ की संपत्तियां कुर्क



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजीव अरोड़ा, उनके परिवार और उनसे जुड़ी एक रियल एस्टेट कंपनी की 55.57 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्तियां धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत कुर्क की गई हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने यह जानकारी दी। ईडी ने नौ मई को अरोड़ा (62) को गिरफ्तार किया था। यह गिरफ्तारी कथित तौर पर 100 करोड़ रुपए की जीएसटी धोखाधड़ी को लेकर है।

## पीएम मोदी से अमेजन के सीईओ एंडी जेसी की मुलाकात के बाद बड़ा ऐलान

# भारत में 48 अरब डॉलर निवेश करेगी कंपनी एआई, ई-कॉमर्स और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में जोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

> एंडी जेसी के अनुसार, अमेजन का लक्ष्य वर्ष 2030 तक भारत में 38 लाख रोजगार अवसरों का समर्थन करना, 80 अरब डॉलर के ई-कॉमर्स निर्यात को सक्षम बनाना तथा 1.5 करोड़ छोटे व्यवसायों और 40 लाख सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों तक एआई के लाभ पहुंचाना है

अमेजन के सीईओ एंडी जेसी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर भारत में कंपनी की दीर्घकालिक निवेश योजनाओं पर चर्चा की। इस दौरान अमेजन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर, ई-कॉमर्स और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में वर्ष 2026 से वर्ष 2030 तक 48 अरब डॉलर का कुल नियोजित निवेश करने की घोषणा की।

मुलाकात के बाद एंडी जेसी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के साथ भारत में अमेजन की भविष्य की योजनाओं को लेकर सार्थक चर्चा हुई।

उन्होंने बताया कि अगले पांच वर्षों में प्रस्तावित 48 अरब डॉलर के निवेश में 21 अरब डॉलर से अधिक राशि एआई और क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार पर खर्च की जाएगी।

- भारत में रोजगार और डिजिटल सशक्तिकरण का लक्ष्य
- छोटे व्यवासियों और स्कूलों तक एआई का लाभ पहुंचेगा



पीएम मोदी से मुलाकात करते अमेजन के सीईओ एंडी जेसी

### भारत में अपार संभावनाएं

एंडी जेसी के अनुसार, अमेजन का लक्ष्य वर्ष 2030 तक भारत में 38 लाख रोजगार अवसरों का समर्थन करना, 80 अरब डॉलर के ई-कॉमर्स निर्यात को सक्षम बनाना तथा 1.5 करोड़ छोटे व्यवसायों और 40 लाख सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों तक एआई के लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि भारत में ग्राहकों, विक्रेताओं, स्टार्टअप्स और डेवलपर्स के साथ कंपनी की यात्रा अभी शुरुआती दौर में है और भविष्य में विकास की व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं।

### तेज डिलीवरी सेवाएं देंगे

अमेजन ने इस वर्ष देशभर में 20 से अधिक नए फुलफिलमेंट सेंटर और 100 से ज्यादा नए लास्ट-माइल डिलीवरी स्टेशन शुरू करने की योजना बनाई है। इससे विशेष रूप से टियर-3 और टियर-4 शहरों में ग्राहकों को तेज और अधिक भरोसेमंद डिलीवरी सेवाएं उपलब्ध होंगी।

### युवाओं के लिए पैदा होंगे अवसर: पीएम

*पीएम मोदी ने गुरुवार को भारत में अमेजन के 48 अरब डॉलर के निवेश का स्वागत किया और कहा कि इससे देश युवाओं के लिए अवसर पैदा होंगे। साथ ही, यह पूरी दुनिया की भारत में निवेश करने को लेकर रुचि को दिखाता है। पीएम मोदी ने लिखा कि एंडी जेसी के साथ बैठक शानदार रही। मैं भारत में अमेजन के रिकॉर्ड 48 अरब डॉलर के निवेश का स्वागत करता हूं।*

### मुंबई और हैदराबाद में होगा विस्तार

*अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) के डेटा सेंटर नेटवर्क का विस्तार मुंबई और हैदराबाद में किया जाएगा। इससे स्टार्टअप्स, उद्योगों और सरकारी संस्थानों को एआई चिप्स, प्रबंधित एआई सेवाओं, सुरक्षित क्लाउड तकनीक और डेवलपर टूल्स तक बेहतर पहुंच मिलेगी। कंपनी ने बताया कि वर्ष 2010 से 2030 के बीच भारत में उसका कुल निवेश 88 अरब डॉलर से अधिक हो जाएगा।*

## बांग्लादेशी नागरिकों के लिए बड़ा फैसला

# भारत ने फिर शुरू की टूरिस्ट वीजा सेवा, दे सकेंगे आवेदन

एजेंसी ▶▶ ढाका

भारत ने लगभग दो साल बाद बांग्लादेशी नागरिकों के लिए टूरिस्ट वीजा सेवा फिर से शुरू करने का फैसला किया है। भारतीय उच्चायुक्त दिनेश त्रिवेदी ने गुरुवार को घोषणा की कि 28 जून से बांग्लादेश के पांच वीजा आवेदन केंद्रों के जरिए सामान्य टूरिस्ट वीजा आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। भारतीय वीजा आवेदन केंद्र (आईवीएसी) में घोषणा करते हुए दिनेश त्रिवेदी ने कहा कि उन्हें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि टूरिस्ट वीजा के लिए सामान्य आवेदन प्रक्रिया दोबारा शुरू की जा रही है। इसके तहत रविवार 28 जून 2026 से आवेदन जमा किए जा सकेंगे।



- पांच केंद्रों से शुरू होगी सेवा

### सुरक्षा कारणों से सीमित करनी पड़ी थीं सेवाएं

5 अगस्त 2024 को धनमंडी स्थित इंदिरा गांधी सांस्कृतिक केंद्र में तोड़फोड़ और आगजनी की घटना हुई थी। इसके अलावा बांग्लादेश के विभिन्न शहरों में पांच इंडियन वीजा एप्लीकेशन सेंटर (आईवीएसी) पर हमले हुए थे। विकास परियोजनाओं पर काम कर रहे भारतीय कर्मचारियों को भी हमले की धमकियां मिली थीं। सुरक्षा खतरों और भारतीय उच्चायोग परिसर पर हमलों के कारण भारत को बांग्लादेश में वीजा संबंधी गतिविधियां सीमित करनी पड़ी थीं।

### राष्ट्रपति को सौंपा परिचय पत्र

ढाका में नियुक्त भारतीय उच्चायुक्त दिनेश त्रिवेदी ने गुरुवार को बंगभवन में बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन को अपना परिचय पत्र सौंपा। इस दौरान गार्ड ऑफ ऑनर के साथ उनका स्वागत किया गया। राष्ट्रपति ने उनका स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि वे अपने कार्यकाल में भारत और बांग्लादेश के द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने में योगदान देंगे। इसके बाद त्रिवेदी ने जमुना फ्यूचर पार्क स्थित इंडियन वीजा एप्लीकेशन सेंटर का दौरा किया और वहीं से बांग्लादेशी नागरिकों के लिए टूरिस्ट वीजा सेवा बहाल करने की घोषणा की।

## समुद्री सहयोग को मिलेगी नई मजबूती

# कल से तीन दिवसीय दौरे पर सेशेल्स जाएंगे प्रधानमंत्री मोदी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सेशेल्स के राष्ट्रीय दिवस के स्वर्ण जयंती समारोह शामिल होने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी 27 से 29 जून तक सेशेल्स की राजकीय यात्रा पर रहेंगे। यह यात्रा भारत और सेशेल्स के बीच मजबूत दोस्ती, समुद्री सहयोग और आपसी साझेदारी को नई मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। विदेश मंत्रालय के अनुसार पीएम मोदी की सेशेल्स की यह राजकीय यात्रा राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी के निमंत्रण पर हो रही है।

पीएम मोदी इससे पहले वर्ष 2015 में सेशेल्स गए थे। इस बार सेशेल्स अपने राष्ट्रीय दिवस की स्वर्ण जयंती 50वीं वर्षगांठ मना रहा है, जिसमें पीएम मोदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। समारोह में भारतीय रक्षा बलों का एक दल और भारतीय नौसेना के दो युद्धपोत भी हिस्सा लेंगे।

## सेना के अधिकारी का वाहन रोका

# थाने में की मारपीट, कमांडिग ऑफिसर समेत 40 जवानों पर एफआईआर दर्ज



एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू कश्मीर पुलिस ने किश्तवाड़ जिले में एक थाने में घुसकर पुलिसकर्मियों पर हमला करने और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में सेना के एक कमांडिंग ऑफिसर सहित कई सैन्य कर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सेना ने गुरुवार (25 जून 2026) को कहा कि इस मामले की जांच की जा रही है और संयुक्त जांच के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार, यह घटना उस समय हुई जब पुलिस दल ने कथित यातायात उल्लंघन के चलते सेना के एक अधिकारी के निजी वाहन रोककर जब्त कर लिया।

अथोली पुलिस थाने में दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि यह घटना 24 जून को उस समय हुई जब थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अमृत कोटाच एक बैठक में शामिल होने के लिए पड्डर ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर के कार्यालय गए हुए थे।

# कामाख्या मंदिर में शक्ति उपासकों की भीड़



**अंबुबाची मेला का आज अंतिम दिन**

*गुवाहाटी। असम के गुवाहाटी में नीलांचल पहाड़ियों पर इन दिनों शक्ति उपासकों की भारी भीड़ जमा है क्योंकि यहां पर हर साल की भांति अंबुवाची मेला जारी है। मां कामख्या के पावन धाम पर लगने वाले इस महापर्व में शामिल होने के लिए पूरे भारत से लाखों की तादाद में देवी के भक्त, साधु-संन्यासी और तीर्थयात्री पहुंच रहे हैं। शक्ति की उपासकों से जुड़ा यह धार्मिक उत्सव 22 जून की शाम को शुरू हुआ था और 26 जून तक चलेगा।*

## खाड़ी से भारत के लिए बड़ी राहत, एलपीजी एलएनजी लेकर निकले

# 30 भारतीय जहाज ने पार किया होर्मुज, 26 कतार में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

28 फरवरी को शुरू हुए अमेरिका-ईरान युद्ध के बाद से वैश्विक व्यापार के लिए सबसे संवेदनशील माने जाने वाले समुद्री मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही पर गहरा असर पड़ा था। हालांकि, अब इस मार्ग से राहत की खबर आ रही है। जहाजरानी मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक युद्ध की शुरुआत के बाद से भारत आने वाले कुल 30 व्यावसायिक जहाज होर्मुज को सुरक्षित रूप से पार कर चुके हैं। वहीं 26 अन्य जहाज अभी भी इस महत्वपूर्ण समुद्री रास्ते को पार करने के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं।



होर्मुज की खाड़ी में जहाज

### 5 विदेशी जहाज भी शामिल

*अधिकारियों ने बताया कि 30 में से 19 जहाजों ने 1 मार्च से 17 जून के बीच इस मार्ग को पार किया था। इन 30 जहाजों में से 17 विदेशी ध्वज वाले जहाज हैं, जिनमें सबसे अधिक 5 जहाज मार्शल आइलैंड्स के झंडे वाले हैं। फारस की खाड़ी में अभी भी भारत से जुड़े 26 जहाज फंसे हुए हैं। इसमें भारतीय ध्वज वाले और भारत आ रहे विदेशी ध्वज वाले दोनों तरह के जहाज शामिल हैं। इन जहाजों में से 3 जहाजों में ऊर्जा/ईंधन (एलपीजी, एलएनजी, तेल आदि) से लदे हैं। 10 जहाज उर्वरक लेकर आ रहे हैं।*

## आसमान में उड़ती स्वदेशी आंख दुश्मन की गतिविधि पर रखेगी नजर

### सभी जरूरी परीक्षणों और मानकों को पूरा किया

# ऑपरेशन सिंदूर को ताकत देने वाली 'नेत्रा' अब पूरी तरह ऑपरेशनल हुई

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

देश की सुरक्षा को नई ताकत देने वाली 'नेत्रा' अब पूरी तरह ऑपरेशनल हो गई है। आसमान में उड़ती यह स्वदेशी आंख दुश्मन की हर गतिविधि पर दूर से नजर रख सकती है और भारतीय वायुसेना को रियल-टाइम इंटेलिजेंस उपलब्ध कराती है। भारत के रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के सेंटर फॉर एयर बॉर्न सिस्टम्स (सीएबीएस) में विकसित स्वदेशी टोही और निगरानी विमान नेत्रा अवॉक्स को फाइनल ऑपरेशनल क्लीयरेन्स यानी एफओसी मिल गया। इसका मतलब ये है कि बालाकोट और ऑपरेशन सिंदूर में अहम भूमिका निभाने वाली आसमान में हमारी आंख 'नेत्रा' अब पूरी तरह से वायु सेना को और सशक्त बनाने के लिए तैयार है।

◆ नेत्रा प्रमाणित रूप से वायु सेना के बेड़े में शामिल



### नेत्रा की खासियत

*नेत्रा भारत द्वारा विकसित एक अत्याधुनिक एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल (एईडब्ल्यूएंडसी) प्रणाली है। यह हवाई निगरानी एवं कमांड-एंड-कंट्रोल प्रणाली है।*

### मिशन के लिए पूरी तरह तैयार

बेंगलुरु में आयोजित कार्यक्रम में उप वायु सेना प्रमुख अवधेश भारती ने एफओसी सर्टिफिकेट रिसीव किया और नेत्रा को प्रमाणित रूप से वायु सेना के बेड़े में शामिल करने की घोषणा की। एफओसी वह अंतिम चरण होता है।

### वायु सेना की ताकत बढ़ेगी

*एम्ब्रेयर विमान पर बना यह सिस्टम आसमान में दुश्मन की मिसाइलों और विमानों पर नजर रखकर भारतीय वायु सेना की ताकत को कई गुना बढ़ाने का काम करेगा। इस प्रोजेक्ट ने तहत अत्याधुनिक सर्विलांस सेंसर ब्राजीलियाई एम्ब्रेयर विमान पर फिट किए गए हैं। इस सिस्टम का मुख्य काम भारतीय हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने वाले दुश्मन के लड़ाकू विमानों, ड्रोनों, मिसाइलों और यहां तक कि समुद्री सतह पर मंडराने वाले खतरों की बहुत पहले ही टोह लेना और अर्ली वॉर्निंग जारी करना है।*

### मुख्य सचिव की व्यक्तिगत पेशी पर फिलहाल रोक, अवमानना प्रकरण में कोर्ट का आदेश

## हाई कोर्ट कर्मचारियों के वेतनमान विवाद में राज्य शासन को अंतरिम राहत

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट से तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को उच्च वेतनमान का लाभ दिए जाने से जुड़े बहुचर्चित अवमानना प्रकरण में राज्य सरकार को अंतरिम राहत मिली है। एसीजे विवेक रूसिया की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच ने राज्य शासन की अपील पर सुनवाई करते हुए मुख्य सचिव को व्यक्तिगत रूप से न्यायालय में उपस्थित होने के आदेश से फिलहाल छूट प्रदान कर दी। दरअसल, यह मामला जबलपुर हाई कोर्ट कर्मचारियों को उच्च वेतनमान का लाभ दिए जाने संबंधी उस विवाद से जुड़ा है, जिसकी शुरुआत वर्ष 2016 में दायर याचिका से हुई थी। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि वेतनमान संबंधी प्रस्ताव राज्य सरकार के समक्ष वर्षों से लंबित है, जिसके कारण कर्मचारियों को वैधानिक लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस पर हाई कोर्ट ने 28 अप्रैल, 2017 को राज्य शासन को चार सप्ताह के भीतर निर्णय लेने के निर्देश दिए थे।



### एएसआई के स्थानांतरण आदेश पर हाई कोर्ट की रोक

जबलपुर ।मप्र हाईकोर्ट ने सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) राजेंद्र प्रसाद यादव के स्थानांतरण आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने राज्य शासन और संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर छह सप्ताह में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अजय शंकर रायजादा, प्रभात यादव व अमित रायजादा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि उमरिया जिला के राजेंद्र प्रसाद यादव वर्ष 1995 में कांस्टेबल ट्रेड (कुक) के रूप में भर्ती हुए थे, लेकिन वर्ष 2013 में एएसआई पद पर पदोन्नति के बाद उनका संवर्ग ट्रेड आधारित नहीं रहा। इसके बावजूद 29 मई, 2026 को उन्हें थाना मानपुर से रक्षित केंद्र उमरिया स्थानांतरित कर दिया गया। प्रारंभिक सुनवाई के बाद कोर्ट ने स्थानांतरण आदेश के क्रियान्वयन पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी।

### रेलवे बोर्ड ने वैगन डिज़ाइन नीति में बड़े सुधारों का निर्णय लिया, उद्योगों को मिलेगा लचीलापन

**जबलपुर।** भारतीय रेल ने माल परिवहन व्यवस्था को अधिक आधुनिक, प्रभावी और उद्योग-अनुकूल बनाने की दिशा में वैगन डिज़ाइन नीति में व्यापक सुधारों का निर्णय लिया है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के बाद अगले 15 दिनों के भीतर नई वैगन डिज़ाइन नीति जारी करने के निर्देश दिए हैं। नई नीति के तहत उद्योगों को अपनी आवश्यकताओं के अनुसार वैगन डिज़ाइन करने की सुविधा दी जाएगी, जबकि डिज़ाइन स्वीकृति और प्रोटोटाइप निर्माण के लिए कड़े गुणवत्ता मानदंड लागू रहेंगे। रेलवे के अनुसार इस व्यवस्था में सुरक्षा मानकों की निगरानी आरडीएसओ और सीसीआरएस द्वारा की जाएगी। रेल मंत्रालय का कहना है कि वस्तु-विशिष्ट वैगनों से लोडिंग, अनलोडिंग और परिवहन प्रक्रियाएं अधिक कुशल होंगी तथा रेल आधारित माल परिवहन को बढ़ावा मिलेगा। इससे लॉजिस्टिक लागत में कमी, डीजल पर निर्भरता में गिरावट और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा मिलने की संभावना है। प्रस्तावित नीति को भारतीय रेल के आधुनिक और नवाचार-आधारित माल परिवहन तंत्र की दिशा में महत्वपूर्ण सुधार माना जा रहा है।



## आपातकाल लोकतंत्र पर सबसे बड़ा हमला था : डॉ. महेंद्र सिंह

**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान हत्या दिवस (आपातकाल दिवस) के अवसर पर कलचरल स्ट्रीट स्थित सभागार में आयोजित संगोष्ठी में भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि 25 जून 1975 को लगाया गया आपातकाल भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सबसे बड़ा हमला था। उन्होंने आरोप लगाया कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने सत्ता बचाने के लिए लोकतांत्रिक संस्थाओं, प्रेस की स्वतंत्रता और नागरिक अधिकारों का दमन किया। कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानियों एवं मीसाबंदियों का सम्मान भी किया गया। डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष और बलिदान के कारण ही देश में लोकतांत्रिक अधिकारों की पुनर्स्थापना संभव हो सकी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपातकाल के इतिहास और लोकतंत्र की रक्षा के महत्व को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में आपातकाल विभीषिका पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया गया।

संगोष्ठी को सांसद आशीष दुबे, विधायक अशोक रोहाणी, जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर तथा लोकतंत्र सेनानी संघ के जिला अध्यक्ष अंजनी सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे, पूर्व मंत्री शरद जैन सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वृद्ध आश्रम में गूंजी श्रीमद्भागवत कथा सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने दिया भक्ति का संदेश

**जबलपुर।** शास्त्री नगर स्थित निराश्रित वृद्ध आश्रम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान शिव मंदिर कचनार सिटी (बड़े शंकर जी) के मुख्य आचार्य एवं मां दक्षिणेश्वरी धाम के संस्थापक सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने कहा कि आश्रम में रहने वाले वरिष्ठजन स्वयं को निराश्रित नहीं, बल्कि भगवान का आश्रित समझें। उन्होंने कहा कि ईश्वर की शरण में रहने वाले व्यक्ति का कल्याण निश्चित होता है तथा जीवन के इस अमूल्य समय को नामस्मरण, भजन-कीर्तन और सत्संग में लगाना चाहिए। कथा में शास्त्री जी ने श्रीमद्भागवत के प्रसंगों का सरल एवं भावपूर्ण वर्णन करते हुए भक्ति को जीवन की सबसे बड़ी शक्ति बताया। वृद्ध आश्रम की अधीक्षक रेवेन्दु सिंह ने बताया कि इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष एवं कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में कथा का निःशुल्क आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में पंडित अमित उपाध्याय एवं संजय उपाध्याय ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन कराया, जबकि भजन गायक शरद तिवारी ने मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर पत्रकार सुनील सेन, प्रीति श्रीवास्तव, संध्या चतुर्वेदी, अंजना शुक्ला, उर्मिला पांडे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## रुस्तमजी पुरस्कार प्राप्त नौ पुलिस अधिकारियों का हुआ सम्मान, जनसेवा और वीरता को किया नमन

**जबलपुर।** गुंजन कला सदन मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित एक गरिमामय समारोह में रुस्तमजी पुरस्कार से सम्मानित नौ पुलिस अधिकारियों का शाल, श्रीफल, माल्यार्पण एवं अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू', विधायक अजय विश्नोई, डीआईजी अतुल सिंह, पूर्व डीआईजी मनोहर वर्मा तथा कार्यकारी अध्यक्ष हिमांशु तिवारी ने पुलिस अधिकारियों की वीरता, कर्तव्यनिष्ठा और जनसेवा की सराहना करते हुए उन्हें समाज का सजग प्रहरी बताया। समारोह में राजेश तिवारी, गोपाल खंडेल, भावना मरावी, प्रभात शुक्ल, रवींद्र गौतम, राजेंद्र बागरी, नरेंद्र मिश्रा, जयप्रकाश आर्य एवं जय कुमार चौधरी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। अपनी डांस फैमिली के कलाकारों ने गणेश वंदना प्रस्तुत कर सांस्कृतिक रंग बिखेरा। इस अवसर पर सनत जैन, लायन नरेंद्र जैन, प्रतुल श्रीवास्तव, विजय जायसवाल, विनोद यादव, अभय जैन, पंकज शाह, सुनील श्रीवास्तव, आलोक पाठक, डॉ. रजनीश गर्ग एवं राजीव गुप्ता सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संचालन प्रतुल श्रीवास्तव एवं राजेश पाठक 'प्रवीण' ने किया तथा अंत में हिमांशु तिवारी ने आभार व्यक्त किया।






## तालाब किनारे से हटाया गया अवैध कब्जा, नगर निगम की संयुक्त कार्रवाई

**जबलपुर।** शहर के जलस्त्रोतों के संरक्षण और अतिक्रमण मुक्त अभियान के तहत नगर निगम ने चेरीताल वार्ड के राजीव नगर क्षेत्र में तालाब के पास किए गए अवैध कब्जे को हटाने की कार्रवाई की। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर अतिक्रमण एवं भवन शाखा की संयुक्त टीम ने अवैध निर्माण को पूरी तरह हटाकर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराया।नगर निगम अधिकारियों के अनुसार अतिक्रमण हटने से अब तालाब क्षेत्र के सुंदरीकरण और विकास कार्यों को गति मिलेगी तथा स्थानीय नागरिकों को बेहतर एवं स्वच्छ वातावरण उपलब्ध हो सकेगा। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल और स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौजूद रही। इस अवसर पर भवन शाखा के सब इंजीनियर अभिषेक तिवारी, टाइम कीपर विमलेश पाठक, अतिक्रमण दल प्रभारी कुलदीप त्रिपाठी सहित निगम अमला उपस्थित रहा।

## यौमे आशूरा आज, शहर में निकलेंगे ताजियों और सवारियों के जुलूस

**जबलपुर।** मुहर्रम की दसवीं तारीख यौमे आशूरा शुक्रवार को अकीदत और एहतराम के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों से सवारी एवं ताजियों के जुलूस निकाले जाएंगे, जो निर्धारित मार्गों से होते हुए रानीताल एवं सूपाताल कर्बला पहुंचेंगे। जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल होंगे तथा विभिन्न स्थानों पर लंगर और अफ्तार-ए-आम का आयोजन किया जाएगा। मुस्लिम इस्लाह कमेटी के हाजी शेख जमील नियाज़ी, हाजी मकबूल अहमद रज़वी, पप्पू वसीम खान, याकूब अंसारी, शमीम अंसारी और शाकिर हुसैन कुरैशी सहित अन्य पदाधिकारियों ने लोगों से शांति, अनुशासन और भाईचारे के साथ जुलूस में शामिल होने तथा प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है। वहीं आगा चौक स्थित हजरत आगा मोहम्मद साहब की दरगाह में तबरुकात एवं परचम की ज्यारत कराई जाएगी। शिया समुदाय द्वारा भी गलगला स्थित शिया इमामबाड़े से अलम का जुलूस निकाला जाएगा। यौमे आशूरा के अवसर पर शहर के विभिन्न मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में रोजेदारों के लिए अफ्तार-ए-आम का आयोजन भी किया गया है।



## दादा बाबूराव परांजपे वार्ड में लगा शिविर

**जबलपुर।** दादा बाबूराव परांजपे वार्ड में 24 जून को प्रधानमंत्री के 12 वर्ष कार्यकाल के पूर्ण होने पर जनकल्याणकारी योजनाओं का शिविर वार्ड पार्षद मालती चौधरी द्वारा चण्डीधाम परिसर में लगाया गया। इस अवसर पर राजेन्द्र सूर्यवंशी, मनजीत मेहता, भगवानदास दीन चौधरी, शिवा चौधरी, अजय सूर्यवंशी, मंडल प्रभारी श्रीराम शुक्ला, संतोष यादव, सुनील शर्मा आदि सभी कार्यकर्ता उपस्थत रहे।



## कोचिंग संस्थानों पर निगम की कार्रवाई पाँच संस्थानों में अनियमितता पर तालाबंदी

**जबलपुर।** जन-सुरक्षा के दृष्टिगत नगर निगम द्वारा शहर में संचालित कोचिंग संस्थानों एवं सार्वजनिक उपयोग वाले प्रतिष्ठानों की जांच अभियान के तहत लेबर चौक क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर अग्निशमन विभाग, भवन शाखा, अतिक्रमण एवं बाजार विभाग की संयुक्त टीम ने विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान अग्नि सुरक्षा, भवन सुरक्षा, सुरक्षित निकासी मार्ग एवं लाइसेंस संबंधी व्यवस्थाओं में अनियमितताएं पाए जाने पर करियर लॉन्चर, एमप्लिक्लिक्स एकेडमी, करियर शेपर्स, रिवीलक्स रीक्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड कॉल सेंटर एवं मैथ्स बाय शर्मा सर में तालाबंदी की कार्रवाई की गई। नगर निगम ने संबंधित संस्था संचालकों को सभी आवश्यक मानकों का पालन कर विभागीय सत्यापन कराने के निर्देश दिए हैं। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जन-सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और भविष्य में भी इस प्रकार की जांच एवं कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## मप्र की चार पारंपरिक फसल किस्मों को मिला जीआई टैग, जनेकृविवि की बड़ी उपलब्धि

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर और किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के संयुक्त प्रयासों से मध्यप्रदेश की चार पारंपरिक कृषि किस्मों सिताही कुटकी, नागदमन कुटकी, बैगानी अरहर एवं छत्रिय धान को भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग प्राप्त हुआ है। जीआई रजिस्ट्री कार्यालय, चेन्नई ने 25 जून 2026 को इसकी अधिसूचना जारी की। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने इसे प्रदेश, विशेषकर आदिवासी अंचलों की कृषि विरासत के संरक्षण की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। कुलपति ने कहा कि जीआई टैग मिलने से इन उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान मिलेगी तथा किसानों को बेहतर बाजार और आर्थिक लाभ प्राप्त होंगे। इस उपलब्धि में पूर्व संचालक अनुसंधान डॉ. जी.के. कौतु, वर्तमान संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. ए.के. जैन, जीआई सेल के प्रधान अन्वेषक डॉ. आशीष कुमार एवं उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड के सहयोग से स्थापित जीआई सेल के माध्यम से यह पंजीकरण संभव हो सका। विशेषज्ञों के अनुसार सिताही और नागदमन कुटकी पोषक तत्वों से भरपूर मिलेट्स हैं, जबकि बैगानी अरहर और छत्रिय धान अपनी गुणवत्ता, स्वाद और स्थानीय विशेषताओं के लिए प्रसिद्ध हैं। जीआई टैग से इन उत्पादों की प्रामाणिकता को कानूनी संरक्षण मिलेगा, साथ ही डिंडोरी क्षेत्र की बैगा जनजाति की पारंपरिक कृषि विरासत को भी राष्ट्रीय और वैश्विक पहचान प्राप्त होगी।




### एचपीसीएल की सप्लाई ठप कई पेट्रोल पंप ड्राई; डीलर और उपभोक्ता परेशान

**जबलपुर।** शहर में हिन्दुस्तान पेट्रोलियम (एचपीसीएल) की सप्लाई व्यवस्था चरमराने से कई पेट्रोल पंपों पर ईंधन संकट गहरा गया है। तिलवारा, विजय नगर और घमापुर क्षेत्र सहित कई एचपीसीएल पंप पूरी तरह ड्राई हो चुके हैं, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर 'नो फ्यूल' के बोर्ड लगाए गए हैं, जबकि बीपीसीएल और इंडियन ऑयल के पंपों पर पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध बताया जा रहा है।डीलरों का आरोप है कि कंपनी के पास लाखों रुपये एडवांस जमा होने के बावजूद उन्हें समय पर ईंधन की आपूर्ति नहीं मिल रही। इससे एक ओर उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है, वहीं दूसरी ओर उपभोक्ताओं की नाराजगी का सामना भी करना पड़ रहा है। इस संबंध में एचपीसीएल के जबलपुर सेल्स ऑफिसर मीत त्रिवेदी और चीफ रीजनल मैनेजर निमिष सिंह से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनके मोबाइल फोन बंद मिले। शहर में बढ़ते ईंधन संकट के बीच जिला प्रशासन की ओर से भी कोई ठोस पहल सामने नहीं आई है। आमजन और डीलर अब एचपीसीएल की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं तथा जल्द से जल्द आपूर्ति व्यवस्था बहाल करने की मांग कर रहे हैं।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग
क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-27/एम/83
दिनांक:- 25/06/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती तृप्ति खत्री पति श्री अंकित खत्री ने मकान नं. 1445 ब्लाक बी फ्लेट-409 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती चतुर्थ तल 796 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**CHANGE OF NAME**

I, Arvind Shivhare S/O: Ghanshyam, R/O HN-133 Gram- Mohas, post Belkhadu, Panagar, Jabalpur, Madhya Pradesh - 482002, have changed the name of my minor son Shubh Shivhare aged 15 years and he shall hereafter be known as Agraj Shivhare.

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग
क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-27/एम/86
दिनांक:- 25/06/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1)श्री श्रवण नैन पिता स्व. श्री महावीर सिंह नैन (2)श्रीमती गायत्री देवी पति स्व. श्री महावीर सिंह नैन ने मकान नं. 1070/10 गेट नं. 4 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान भूतल 2508 व.फु. मृत्यू प्रमाणपत्र/वसीयतनामा/खसरे की नकल के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**नाम परिवर्तन सूचना**

I, PRASHANTA GOGOI of ARMY NO-15711906K, Rank - HAV presently residing at Vill- DAKHIN HATI CHUNGI POST-NA ALI DHEKIA JULI Teh - JORHAT Distt – JORHAT, State- ASSAM PIN- 785009 शपथपूर्वक नि. लि. कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी बेटी का नाम TANMAI GOGAI दर्ज है। जो कि गलत है। यह कि मेरी बेटी के आधार कार्ड एंव अन्य दस्तावेजो में मेरी बेटी का नाम TANMAI GOGOI दर्ज हैं। जो कि सही है मेरी बेटी के नाम को पढा व सुना एंव मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए। द्वारा शपथ पत्र नं 38AA580960 दिनांक 25-06-26 नोटरी वनचियोर केरला।

गलत नाम
TANMAI GOGAI
सही नाम
TANMAI GOGOI

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग
क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-27/एम/85
दिनांक:- 25/06/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1)श्री श्रवण नैन पिता स्व. श्री महावीर सिंह नैन (2)श्रीमती गायत्री देवी पति स्व. श्री महावीर सिंह नैन ने मकान नं. 1070 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान भूतल 1925 व.फु. मृत्यू प्रमाणपत्र/वसीयतनामा/खसरे की नकल /रिलीजडीड के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग
क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-27/एम/87
दिनांक:- 25/06/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1)श्री श्रवण नैन पिता स्व. श्री महावीर सिंह नैन (2)श्रीमती गायत्री देवी पति स्व. श्री महावीर सिंह नैन ने मकान नं. 96 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान मैजनाइन 700 व.फु., भूतल 2975 व.फु., प्रथम तल 2100 व.फु., द्वितीय तल 3315 व.फु., तृतीय तल 3315 व.फु. मृत्यू प्रमाणपत्र / वसीयतनामा /खसरे की नकल के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग
क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-27/एम/84
दिनांक:- 25/06/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री प्रशांत पांडेय पिता स्व. श्री गोपाल कृष्ण पांडेय ने मकान नं. 955/14 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी तृतीय तल 650 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

समक्ष माननीय न्यायालय
श्रीमान जिला उपभोक्ता विवाद प्रप्रतितोषण आयोग, जिला - जबलपुर (म.प्र.)
परिवाद क्र. सी. सी. 256 / 2024
परिवादी.....अशोक कुमार श्रीवास्तव
विरुद्ध
अनावेदकगण....1. सक्षम प्राधिकारी/प्रबंधक/फ्रेंचायसी गार्डजियन सहारा इंडिया व अन्य
पेशी दिनांक 04/08/2026

यह कि, प्राथी अशोक कुमार श्रीवास्तव, उम्र लगभग 75 वर्ष, पिता भैया लाल, व्यवसाय- सेवानिवृत्त, निवासी- जे.-58, जे.पी. हेल्थ क्लब के पास, जयप्रकाश नगर, अधारताल, जिला - जबलपुर (म.प्र.) ने आप अनावेदक क्र. 1, सक्षम प्राधिकारी/प्रबंधक / फ्रेंचायसी गार्डजियन सहारा इंडिया, कार्यालय- फेंचायसी कार्यालय, जौहरी हॉस्पिटल के पास, राईट टाउन स्टेडियम के पास, जबलपुर (म.प्र.) 482002 के विरूद्ध अंतर्गत धारा 35 उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के तहत परिवाद प्रप्रस्तुत किया हैं। अत: आपको फोरम आयोग दिनांक 04/08/2026 को 10.30 बजे परिवाद का उत्तर देने के लिए द्वारा उपसंजात हाजिर होने के लिये सम्मन जारी किया जाता है। आप आयोग में स्वयं या किसी अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे समयक अनुतोष दिये गये हैं। जो इस परिवाद से सम्बंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता हैं कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा व लिखित कथन दाखिल करे और उस दिन ऐसे सच दस्तावेजों को जो आपके कब्जे व शक्ति में हो पेश करें जिन पर आपकी प्रप्रतिरक्षा आधारित हो। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई दिनांक को इस न्यायालय मे उपस्थित नही होंगे तो प्रकरण की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका का निराकरण आपकी अनुपस्थिति में कर दिया जाएगा।

नोट: उक्त दिनाक को किसी कारणवश सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले दिन पर की जावेगी।

यह आज तारीख 13/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर से व मुद्रा लगाकर दिया गया है।

जबलपुर, दिनांक :

अध्यक्ष
(सील) जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग क्र....जबलपुर (म.प्र.)

## खबर संक्षेप

### गुणवत्ता की निगरानी के मानक मापदंड किए जाएं निर्धारित: पटेल

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि योजनाओं की मंशा और क्रियान्वयन की व्यवहारिकता में संवेदनशीलता की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का मूल्यांकन मुख्यतः तकनीकी विषय है, इसलिए हितग्राहियों की प्रतिक्रिया पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। निर्माण सामग्री एवं कार्य की गुणवत्ता की निगरानी के मानक मापदंड निर्धारित किए जाए। अधिकारियों द्वारा निगरानी मापदंड के अनुसार नियमित गुणवत्ता परीक्षण करना चाहिए। राज्यपाल पटेल लोक भवन में बुधवार को आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

### एम्स: क्वालिटी मैनेजर सर्टिफिकेशन आयोजित

**भोपाल।** एम्स भोपाल के अस्पताल प्रशासन विभाग एवं गुणवत्ता प्रकोष्ठ द्वारा एनएबीएच के सहयोग से क्वालिटी मैनेजर सर्टिफिकेशन कोर्स आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न क्लिनिकल एवं गैर-क्लिनिकल विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली, एनएबीएच मानक, रोगी सुरक्षा, जोखिम प्रबंधन, ऑडिट तथा सतत गुणवत्ता सुधार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

### गबन मामला: तत्कालीन शहडोल बीईओ अशोक शर्मा बर्खास्त

**भोपाल।** मध्य प्रदेश शासन के जनजातीय कार्य विभाग ने शहडोल जिले के बुढ़ार क्षेत्र के तत्कालीन विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) अशोक कुमार शर्मा को करोड़ों रुपए के गबन के मामले में सेवा से बर्खास्त कर दिया है। विभाग ने 23 जून 2026 को जारी आदेश में वित्तीय अनियमितताओं और शासकीय धन के गबन के आरोपों को गंभीर मानते हुए यह कार्रवाई की है। विभागीय आदेश के अनुसार मूल रूप से व्याख्याता पद पर पदस्थ अशोक कुमार शर्मा ने वर्ष 2014 से 2020 के बीच बुढ़ार क्षेत्र में विभिन्न बैंक खातों का संचालन करते हुए करीब 1 करोड़ 1 लाख 72 हजार 176 रुपए का गबन किया था। मामले के उजागर होने के बाद उनके खिलाफ बुढ़ार थाने में भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। इसके बाद वर्ष 2021 में उन्हें निलंबित कर दिया गया था। इसके बाद कार्रवाई की गई है।

### हफ्ते में दो दिन चलेगी अंबिकापुर-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस

**अंबिकापुर।** भारतीय रेलवे मंत्रालय ने अंबिकापुर-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस के संचालन को साप्ताहिक से बढ़ाकर सप्ताह में दो दिन करने का फैसला लिया है। इस निर्णय का पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के लाखों यात्रियों के लिए जनहितैषी कदम बताया है। मंत्री अग्रवाल ने कहा कि अंबिकापुर-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस उत्तर छत्तीसगढ़ की जीवनरेखा के रूप में कार्य करती है। दिल्ली सहित देश के विभिन्न हिस्सों में शिक्षा, रोजगार, व्यवसाय, चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए यात्रा करने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

---

राज्य व्यापी साइबर जागरूकता अभियान सेफ क्लिक 2.0 का शुभारंभ कर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा...

# सावधानी में बचाव: कोई अनजान लिंक मिले, कोई डराए-धमकाए तो रुको, सोचो और फिर एक्शन लो

» साइबर सुरक्षा को जन आंदोलन बनाने की जरूरत, हर नागरिक बने डिजिटली जागरूक

» 8 जुलाई तक चलेगा यह राज्य व्यापी जनजागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सायबर खतरा एक ऐसा अदृश्य दुश्मन है, जो बिना दस्तक दिए हमारे घरों तक पहुंच रहा है। सायबर खतरों को समझना ही उनसे बचने का सबसे बड़ा रास्ता है। सावधानी ही सुरक्षा है और जानकारी ही बचाव है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट, डीप-फेक, फेक प्रोफाइल, हैकिंग, डेटा ब्रीचिंग, ऑनलाइन फ्रॉड, ओटीपी धोखाधड़ी, ऑनलाइन शॉपिंग ठगी, रैनसमवेयर हमले और फर्जी निवेश लिंक जैसे अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं।

प्रत्येक नागरिक को सतर्क रहने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को रवीन्द्र भवन में आयोजित 'राज्य व्यापी सायबर जागरूकता अभियान' के तहत सेफ क्लिक 2.0 के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रदेश की जनता को सायबर सुरक्षा के तीन महत्वपूर्ण सूत्र 'जागरूकता, सावधानी और सहभागिता' के बारे में बताकर कहा कि जो लोग सायबर सुरक्षा की जानकारी रखते हैं, वे दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें। अभियान 24 जून से शुरू होकर 8 जुलाई तक प्रदेश के 10 संभाग, 55 जिलों और 50 हजार से अधिक गांव में एक साथ चलेगा। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (सायबर सुरक्षा) ए. साईं मनोहर ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले 2 सप्ताह में पुलिस इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए काम करेगी। कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे सहित सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स भी उपस्थित थे।



समारोह में पुलिस अधिकारियों को संबोधित करते डॉ. यादव।

### जागरुकता ही साइबर क्राइम से बचाव का सुरक्षा कवच: डीजीपी

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने कहा कि मप्र पुलिस 24 जून से 8 जुलाई तक सेफ क्लिक 2.0 साइबर जागरूकता अभियान चल रहा है। उन्होंने कहा कि आज साइबर अपराध केवल एक आर्थिक चुनौती नहीं है, बल्कि यह सामाजिक विश्वास और राष्ट्रीय सुरक्षा के भी जुड़ा गंभीर विषय है। पिछले कुछ वर्षों में साइबर अपराधों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और करीब 80 प्रतिशत शिकायतें वित्तीय धोखाधड़ी से संबंधित होती हैं। डिजिटल अरेस्ट, डीपफेक, फर्जी प्रोफाइल, फर्जी सिमकार्ड, म्यूल बैंक अकाउंट, महिला एवं बच्चों के जुड़े अपराधों की संख्या भी बढ़ी है।

### मप्र पुलिस हमेशा संकटमोचक हनुमान की भूमिका में

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्कूली बच्चों के लिए तैयार की गई साइबर जागरूकता बुकलेट्स तथा अभियान के ऑफिशियल वीडियो का विमोचन किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने साइबर जागरूकता रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने अभियान के संचालन के लिए मप्र पुलिस की सराहना करते हुए कहा कि संकट के समय मप्र पुलिस हमेशा संकटमोचक हनुमान की भूमिका में रहती है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि वर्ष 2025 में प्रदेश में विभिन्न साइबर जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से 33 लाख से अधिक नागरिकों को जागरूक किया गया। अब अभियान का विस्तार पंचायतों, स्कूलों, बैंकों, बाजारों, धार्मिक स्थलों और सरकारी कार्यालयों तक किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि साइबर अपराधों के प्रति प्रदेशवासियों को जागरुक करने के लिए मप्र पुलिस का सेफ क्लिक 2.0 साइबर जागरूकता अभियान महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी एक प्रकार से डिजिटल दौर के राक्षस हैं, जो दबे पांव लैपटॉप, कम्प्यूटर और मोबाइल के जरिए हमारे साथ सेंधमारी और डकैती करते हैं। मप्र पुलिस ने देश में पहली बार साइबर डकैती का लाइव पर्दाफाश किया था। इसके लिए मप्र पुलिस बधाई की पात्र है।

---

उद्योगों के लिए प्रदेश में पारदर्शी और उद्योग मित्र नीतियां लागू

# विकसित भारत में 2 ट्रिलियन डॉलर का होगा मप्र का योगदान: सीएम डॉ. यादव

» सीएम ने उद्योगपतियों से राज्य में निवेश संभावनाओं का लाभ उठाने का किया आह्वान

» मप्र देश के मध्य में होने से कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक्स का विशेष लाभ भी मिलेगा

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत <\@>2047 और अर्थव्यवस्था को 30 ट्रिलियन डॉलर पहुंचाने का संकल्प लिया है। राज्य सरकार का प्रयास होगा कि इसमें से लगभग 2 ट्रिलियन डॉलर का योगदान मप्र का हो।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में मप्र की गिनती देश के सबसे तेजी से प्रगति करने वाले राज्यों में हो रही है। हम 'विरासत भी और विकास भी' के पथ पर लगातार अग्रसर हो रहे है। डॉ. यादव 'विकसित मप्र' विषय पर भोपाल में आयोजित कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कॉन्क्लेव में शामिल उद्योगपतियों से राज्य में मौजूद निवेश संभावनाओं का लाभ उठाने का आह्वान करते हुए कहा कि मप्र की विशेषता है कि एक बार जो मप्र आता है, यहीं का होकर रह जाता है। कार्यक्रम में उद्योग व्यापार जगत के प्रतिनिधि, निवेशक, बैंकिंग और वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधि तथा नीति निर्माता शामिल हुए।

### चारों दिशाओं में सड़क कनेक्टिविटी बेहतर करने के लिए अधोसंरचना विकास पर विशेष बल




कॉन्क्लेव में उद्योगपतियों को संबोधित करते सीएम डॉ. यादव।

विकसित मप्र पर कॉन्क्लेव आयोजित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में पिछले तीन साल से विकास का कारवां लगातार आगे बढ़ रहा है। मप्र में नए उद्योग स्थापित करने के लिए पर्याप्त लैंड बैंक है। राज्य सरकार ने उद्योग अनुकूल वातावरण तैयार करने लिए पारदर्शी और उद्योग मित्र नीतियां लागू की हैं। मप्र की इन्हीं विशेषताओं के कारण निवेशक उद्योग लगाने के लिए राज्य में आ रहे हैं। देश के मध्य में स्थित होने के कारण उन्हें कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक्स का विशेष लाभ भी मिलेगा। प्रदेश सरकार ने चारों दिशाओं में सड़क कनेक्टिविटी बेहतर करने के लिए अधोसंरचना विकास पर विशेष बल दिया है।

### प्रदेश के 10 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव आ चुके धरातल पर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल में पहली बार ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 का आयोजन किया गया, जिसमें अभूतपूर्व निवेश प्राप्त हुआ और एमओयू साइन हुए। प्रसन्नता का विषय है कि 10 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों को राज्य सरकार धरातल पर ला चुकी है। मप्र की छवि कृषि प्रधान राज्य के साथ उद्योग मित्र राज्य की भी बनी है। राज्य सरकार ने वर्ष 2025 को उद्योग और रोजगार को समर्पित किया था। डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय युवा प्रतिभाओं ने दुनिया की बड़ी से बड़ी कंपनियों में शीर्ष पदों पर पहुंचकर भारत का मान बढ़ाया है। स्पेस टेक्नोलॉजी में भारतीय वैज्ञानिकों ने नए कीर्तिमान गढ़े हैं। राज्य सरकार ने भी अपनी स्पेस-टेक पॉलिसी लॉन्च की है। मप्र को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए हम निरंतर प्रयास कर रहे हैं। कॉन्क्लेव में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सूक्ष्म लघु एवं उद्योग मंत्री चैतन्य काश्यप, मुख्य सचिव अनुराग जैन विशेष रूप से उपस्थित थे।



कॉन्क्लेव में उपस्थित उद्योगपति, संस्थाओं के प्रतिनिधि।

---

राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष पवैया ने ली बैठक

# बड़े तालाब के लिए तीन सौ करोड़ का पैकेज, 36 पंचायतें बनेंगी राजस्व मॉडल



बैठक में पवैया ने मंत्री, विधायकों, सांसद और जनप्रतिनिधियों से चर्चा की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर के भविष्य के लिए बड़े तालाब के समग्र विकास के लिए तीन सौ करोड़ का पैकेज, शहरी क्षेत्र से लगी 36 पंचायतों को राजस्व मॉडल बनाने और भोपाल का मास्टर प्लान लागू करने की जरूरत है। जिससे भोपाल के विकास को पंख लग जाएंगे। यह बात बुधवार को राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया से कही।

जनप्रतिनिधियों ने कहा कि भोपाल का मास्टर प्लान लागू नहीं होने से शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के समग्र विकास में अड़चन आ रही हैं। वीआईपी गेस्ट हाउस में रखी गई बैठक में आयोग के अध्यक्ष पवैया ने जनप्रतिनिधयों की मांगों को सुना। बैठक में प्रभारी मंत्री चैतन्य काश्यप ने प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री से मिलने वाले टैक्स को सीधे नगरीय निकायों को देने और सरकारी भवनों से प्रॉपर्टी टैक्स वसूली करने का सुझाव दिया। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने कहा कि शहरी क्षेत्र से लगी 36 पंचायतों को राजस्व मॉडल के रूप में विकसित किया जाना चाहिए।

बैठक में बैरसिया विधानसभा विधायक विष्णु खत्री ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए मास्टर प्लान तैयार करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि गांवों में स्कूल, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी और सामुदायिक भवनों के लिए पहले से जमीन आरक्षित की जानी चाहिए।

**» आलोक बोले, तालाब किनारे से हटाएं अतिक्रमण**

सांसद आलोक शर्मा ने बड़ा तालाब की एफटीएल सीमा से 50 मीटर के दायरे में हो रहे अतिक्रमणों पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने यूनियन कार्बाइड परिसर में औद्योगिक विरासत संग्रहालय विकसित करने और फ्लाई ओवर बनाने की बात कही।

---

सुंदरराज ने कार्यकाल के दौरान सात वर्षों में निभाई कई महत्वपूर्ण भूमिका

# अब बस्तर रेंज आईजी होंगे बीएन मीणा, सुंदरराज पी को भेजा एनआईए

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर संभाग के 7 जिलों में नक्सली हिंसा व निर्दोष ग्रामीणों की हो रही हत्या व नक्सलियों के बढ़ते आतंक को रोकने के लिए 7 वर्ष पहले सुंदरराज पी को बस्तर संभाग में आईजी के पद पर पदस्थ किया गया। जहां इस लंबे कार्यकाल के दौरान बहुत महत्वपूर्ण सफलताओं को हासिल करने के साथ ही बस्तर संभाग से नक्सलियों को जड़ से खत्म करने में भी बड़ी अहम भूमिका निभाई।



इनके कार्यकाल को देखते हुए राज्य सरकार की ओर से उन्हें एनआईए में भेजा गया। जहाँ उनके स्थान पर अब बस्तर रेंज आईजी के रूप में बीएन मीणा को कार्यभार सौपा गया है। जिसे लेकर आदेश भी जारी कर दिया गया है। बता दे कि बस्तर संभाग में बस्तर आईजी के रूप में सुंदरराज पी ने अपने 7 वर्ष के कार्यकाल के दौरान टॉप नक्सलियों के एनकाउंटर से लेकर लाखों रुपये के नक्सलियों के लिए काल बनकर रहे।

### नक्सलियों के मन में एनकाउंटर का रहा खौफ

इसके अलावा बस्तर आईजी रहे सुंदरराज पी ने नक्सलियों का इस कदर एनकाउंटर किया कि आधे से ज्यादा नक्सलियों ने अपने साथ हथियार लेकर समर्पण तक कर दिए। वही कुछ नक्सलियों के द्वारा तो जंगलों में झुपाकर रहे नगदी करोड़ो रूपये से लेकर सोना, डायमंड आदि तक पुलिस को दिखाया। साथ ही नक्सलियों के द्वारा अपने हथियारों को झुपाने की जगह से लेकर अन्य सामानों को भी पुलिस के सुपुर्द कर दिया। सुंदरराज पी के द्वारा किये गए इन अभियानों को सफल बनाने के चलते ही राज्य सरकार ने उन्हें एनआईए में नियुक्त किया गया। साथ ही उनके स्थान में बस्तर जिले में पूर्व में एसपी के रूप में कई वर्ष तक सेवा देने वाले बीएन मीणा को बस्तर रेंज आईजी के रूप में पदस्थ किया गया है।

---

पीडब्ल्यूडी मंत्री सिंह और प्रमुख सचिव की बैठक का निकला नतीजा

# धार-टीकमगढ़ में घटिया निर्माण पर सख्ती, ठेकेदारों को थमाए नोटिस, 28 कार्यों में सुधार के दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने प्रदेश में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर सख्त रुख अपनाया है। धार और टीकमगढ़ जिलों में सड़क एवं भवन निर्माण कार्यों की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पाए जाने पर संबंधित ठेकेदारों और एजेंसियों को नोटिस जारी किए गए हैं। साथ ही 28 निर्माण कार्यों में सुधार के निर्देश भी दिए गए हैं। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह और विभाग के प्रमुख सचिव सुखबीर सिंह के निर्देश पर प्रदेशभर में निर्माणाधीन और पूर्ण हो चुके कार्यों की नियमित गुणवत्ता जांच कराई जा रही है।

इसी क्रम में गठित सात जांच दलों ने हरदा, डिंडोरी, अशोकनगर, धार, सिंगरौली, देवास और टीकमगढ़ जिलों में 35 निर्माण कार्यों का रैंडम निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान धार जिले में परफॉर्मेंस गारंटी के तहत निर्मित मनावर-सिंघाना-कुक्षी मार्ग की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पाई गई।

### सड़क निर्माण कार्य में भी खामियां मिली

ठेकेदार मैसर्स एएच इंफ्रास्ट्रक्चर के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा की गई है। टीकमगढ़-जतारा-पलेरा-नौगांव मार्ग पर किए गए सड़क निर्माण कार्य में भी खामियां मिलने पर डीबीएल टीकमगढ़-नौगांव टोलवेज प्राइवेट लिमिटेड, भोपाल को नोटिस जारी कर निर्धारित समय सीमा में सुधार कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि तय समय में सुधार नहीं होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा धार जिले में गवर्नमेंट एक्सीलेंस हायर सेकेंडरी स्कूल, दाही और इंदौर में भवन निर्माण कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता अपेक्षित स्तर की नहीं मिलने पर संबंधित सलाहकार एजेंसी आईक्यूटी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण रिपोर्ट की समीक्षा एमपीआरडीसी के प्रबंध संचालक भरत यादव की अध्यक्षता में हुई। विभाग ने 28 अन्य निर्माण कार्यों में आंशिक सुधार के निर्देश जारी करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है।

---

108 देशों के छात्र लेंगे इस मिशन में हिस्सा

# चांद पर जाने के लिए सैटेलाइट बनाएगी छग की बिटिया महिमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

10वीं क्लास की महिमा राजपूत को बड़ी सफलता मिली है। रायपुर की रहने वाली महिमा का चयन अंतरराष्ट्रीय स्पेस मिशन के लिए हुआ है। वह चांद पर जाने के लिए सैटेलाइट बनाएगी। महिमा की उपलब्धि पर पूरे प्रदेश को गर्व है। दरअसल, छत्तीसगढ़ सरकार की तरफ से संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल है।



रायपुर के तिलक नगर में स्थित इसी स्कूल में महिमा पढ़ती है। उसका चयन अंतरराष्ट्रीय स्पेस मिशन 'ShakthiSAT' के लिए हुआ है। वह चांद पर जाने के लिए सैटेलाइट बनाएगी। इस मिशन में 108 देशों के छात्र हिस्सा लेंगे। महिमा राजपूत ने कहा कि मेरा चयन शक्तिशैट मिशन के लिए हुआ है। मेरे प्रिंसपिल ने मेरे गाइडेंस टीचर को इसके बारे में बताया और उन्होंने मेरा रजिस्ट्रेशन कर दिया। रजिस्ट्रेशन के बाद कुछ मॉड्यूल आए, जिनसे साइंस और सैटेलाइट के बारे में बेसिक कॉन्सेप्ट्स क्लियर हुए।

---

दुल्हन के निर्णय की हो रही तारीफ, एसपी पांडेय ने किया सम्मान

# बारात के वक्त नशे में धुत दुल्हे की सूचना मिलते ही दुल्हन ने शादी से किया इंकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर चांपा

छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले के एक गांव में विवाह समारोह के दौरान दूल्हे को बुरी तरह नशे में धुत पाकर युवती ने उससे शादी करने से इनकार कर दिया। जिले के चांपा पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत कोसमंदा गांव निवासी दुल्हन मुस्कान प्रधान को नशे के खिलाफ आवाज उठाने के लिए गुरुवार को एसपी विजय कुमार पांडेय ने अपने कार्यालय में सम्मानित किया।

जानकारी के मुताबिक मुस्कान की शादी 23 जून को खोखरा गांव के रहने वाले संत राम से होनी थी। बारात शाम करीब चार बजे कोसमंदा गांव पहुंची और उसके तुरंत बाद शादी की रस्में शुरू हो गईं। उन्होंने बताया कि दुल्हा कथित तौर पर इतना नशे में था कि वह ठीक से खड़ा भी नहीं हो पा रहा था।



### शराब के नशे के खिलाफ एक कड़ा संदेश

उन्होंने बताया कि परिवार के सदस्यों के अनुसार, दूल्हे का परिवार शादी की तैयारियों में हुए खर्च के बदले दुल्हन के परिवार को लगभग तीन लाख रुपये देने पर सहमत हो गया है। उन्होंने बताया कि गुरुवार को एसपी विजय पांडेय ने समाजसेवियों और महिला प्रतिनिधियों की मौजूदगी में मुस्कान को सम्मानित किया। इस घटना की गांव और आसपास के इलाकों में काफी चर्चा हो रही है। कई निवासी युवती के फैसले की तारीफ कर रहे हैं। जांजगीर-चांपा पुलिस ने कहा है कि यह घटना शराब के नशे के खिलाफ एक कड़ा संदेश देती है और शादी में जिम्मेदारी, सम्मान और अच्छे व्यवहार के महत्व को उजागर करती है।

### बारातियों-घरातियों के बीच बढ़ा तनाव

अधिकारियों ने बताया कि उसकी हालत के बारे में पता चलने पर मुस्कान ने शादी करने से इनकार कर दिया। उन्होंने बताया कि दुल्हन के इस फैसले के बाद दोनों परिवारों के सदस्यों और शादी में आए मेहमानों के बीच तनाव बढ़ गया। उन्होंने बताया कि स्थिति बिगड़ने पर पुलिस को सूचना दी गई और चांपा पुलिस थाने के प्रभारी अशोक वैष्णव के नेतृत्व में एक दल को गांव भेजा गया। थाना प्रभारी अशोक वैष्णव ने बताया कि जब दोनों पक्षों के परिवार के बड़े-बुजुर्ग इस मुद्दे पर बातचीत कर रहे थे, तभी बारात के साथ आए कुछ युवकों और दुल्हन पक्ष के लोगों के बीच हाथापाई हो गई।

# आरबीआई का ऐलान, फ्राड का शिकार होने वालों को मिलेगा 25,000 तक मुआवजा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में डिजिटल पेमेंट का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। यूपीआई, नेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और कार्ड पेमेंट करने की वजह से साइबर ठगी और ऑनलाइन फ्रॉड के मामलों में भी लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। हर दिन हजारों लोग फर्जी लिंक, नकली कॉल, ओटीपी फ्रॉड और यूपीआई स्कैम का शिकार होकर अपनी मेहनत की कमाई गंवा रहे हैं।

ऐसे में भारतीय रिजर्व बैंक ने ग्राहकों को राहत देने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। अब ऑनलाइन ठगी में पैसा गंवाने वालों को बड़ी राहत मिल सकती है। आरबीआई के नए नियमों के मुताबिक, पात्र ग्राहकों को साइबर फ्रॉड के नुकसान की भरपाई के लिए 25,000 रुपए तक की आर्थिक मदद दी जा सकती है। खास बात यह है कि कुछ मामलों में ग्राहक की छोटी गलती होने पर भी राहत मिलने की संभावना रखी गई है, बशर्ते वह समय पर शिकायत दर्ज कराए।

## ग्राहकों को राहत देने के लिए बड़ा कदम उठाया , नियम 1 जनवरी 2027 से लागू किया जाएगा

### कब से लागू होंगे नए नियम

आरबीआई ने इस व्यवस्था को अंतिम रूप दे दिया है, लेकिन नियम का लागू होना 1 जनवरी 2027 से तय किया गया है। पहले इसे जुलाई 2026 से लागू करने की योजना थी, लेकिन बाद में इसे छह महीने आगे बढ़ा दिया गया। इसका मतलब है कि जनवरी 2027 के बाद होने वाले पात्र डिजिटल फ्रॉड मामलों में यह नियम लागू होगा।






*5 दिन के अंदर करना होगा शिकायत : आरबीआई के नए नियम में समय पर शिकायत दर्ज करना सबसे महत्वपूर्ण शर्तों में से एक है। यदि ग्राहक फ्रॉड होने के बाद पांच दिनों के भीतर बैंक या संबंधित संस्था को शिकायत दर्ज कर देता है, तो उसके मुआवजा पाने की संभावना काफी बढ़ जाती है। साइबर फ्रॉड का पता चलते ही ग्राहक को तुरंत बैंक हेल्पलाइन, साइबर हेल्पलाइन 1930 और राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत करनी चाहिए।*

### इतना मिलेगा मुआवजा

आरबीआई के प्रस्ताव और अंतिम ढांचे के अनुसार पीड़ित ग्राहक को हुए नुकसान का 85 प्रतिशत तक या अधिकतम 25,000 रुपए तक मुआवजा दिया जा सकता है। यानी यदि किसी व्यक्ति के साथ 20,000 रुपए का फ्रॉड हुआ है तो उसे नियमों के अनुसार बड़ी राशि वापस मिल सकती है, जबकि 50,000 रुपए तक के नुकसान वाले मामलों में अधिकतम सीमा 25,000 रुपए रखी गई है। हालांकि यह मुआवजा सभी मामलों में नहीं मिलेगा। इसके लिए आरबीआई द्वारा तय शर्तों को पूरा करना होगा।

### ओटीपी शेयर करने से बचे

सिर्फ मुआवजे पर भरोसा करने के बजाय सावधानी बरतना सबसे जरूरी है। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी किसी के साथ साझा न करें, स्क्रीन शेयरिंग ऐप डाउनलोड करने से बचें और बैंक अधिकारी बनकर आने वाली कॉल्स पर भरोसा न करें। इसके अलावा अपने बैंक खाते और यूपीआआ ऐप में उपलब्ध सुरक्षा फीचर्स का इस्तेमाल जरूर करें।

### आरबीआई का नया नियम

इसके अनुसार यदि कोई ग्राहक ऑनलाइन बैंकिंग, यूपीआई, मोबाइल बैंकिंग, डेबिट कार्ड या क्रेडिट कार्ड से जुड़े फ्रॉड का शिकार होता है और उसका नुकसान 50,000 रुपए तक है, तो उसे अधिकतम 25,000 रुपए तक की आर्थिक सहायता मिल सकती है। यह रूल खास तौर पर उन लोगों के लिए बनाया गया है जो छोटी रकम के साइबर फ्रॉड का शिकार हो जाते हैं और अक्सर अपना पैसा वापस नहीं पा पाते।

## खबर संक्षेप

### रुपया 16 पैसे मजबूत होकर 94.39 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपया बृहस्पतिवार को 16 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.39 (अस्थायी) पर रहा। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में लगातार गिरावट से घरेलू मुद्रा को बल मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, डॉलर की कमजोरी और घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख ने भी रुपये को समर्थन दिया।

### वेदांता रियल एस्टेट कारोबार में उतरी, नई कंपनी बनाई




**नई दिल्ली।** वेदांता लिमिटेड ने रियल एस्टेट क्षेत्र में उतरने के लिए पूर्ण स्वामित्व वाली एक नई अनुषंगी कंपनी 'वेदांता प्रॉपर्टी प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड' (वीपीपीएल) का गठन किया है। कंपनी ने कहा कि वीपीपीएल वेदांता के रियल एस्टेट कारोबार और उससे जुड़ी गतिविधियों के लिए एक रणनीतिक इकाई के रूप में काम करेगी।

### जेएसडब्ल्यू इंफ्रा के क्यूआईपी को 50,350 करोड़ की बोलियां मिलीं





**नई दिल्ली।** सज्जन जिंदल प्रवर्तित जेएसडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर के पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) को 50,350 करोड़ रुपये से अधिक की बोलियां मिली हैं, जो 7,503 करोड़ रुपये तक के सांकेतिक निर्गम आकार से लगभग सात गुना अधिक है। इस निर्गम का प्रबंधन कर रहे मर्चेंट बैंकरों ने यह जानकारी दी। क्यूआईपी 22 जून को शुरू हुआ।

### स्टीमहाउस ने आईपीओ से पहले जुटाए 50 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** औद्योगिक भाप उपयोगिता सेवाएं प्रदान करने वाली स्टीमहाउस इंडिया लिमिटेड ने अपने प्रस्तावित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से पहले निवेशक मधुसूदन केला समर्थित कोषों और निवेश संभव फंड से करीब 50 करोड़ रुपये जुटाए हैं। 73 रुपये प्रति शेयर के निर्गम मूल्य पर 68,49,315 शेयर आवंटित किए हैं।

### अल्फा वेव ने डेल्हीवरी में 1.93 फीसदी हिस्सेदारी बेची




**नई दिल्ली।** अल्फा वेव ग्लोबल ने लॉजिस्टिक्स कंपनी डेल्हीवरी में अपनी पूरी 1.93 प्रतिशत हिस्सेदारी खुले बाजार के सौदे के जरिये 665 करोड़ रुपये में बेच दी है। हिस्सेदारी बिक्री के बाद बृहस्पतिवार को डेल्हीवरी के शेयर में गिरावट आई। थोक आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका स्थित अल्फा वेव ग्लोबल ने अपनी सहयोगी इकाई अल्फा वेव वेंचर्स, एलपी के माध्यम से कुल 1,44,44,800 शेयर दो चरणों में बेचे। यह कंपनी की कुल चुकता पूंजी का 1.93 प्रतिशत हिस्सा है।

## भारत के लिए स्थिति काफी अनुकूल हो गई है

# तेल के दाम युद्ध से पहले के स्तर पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमत पश्चिम एशिया में तनाव शुरू होने से पूर्व के स्तर पर आ गयी है। इससे महंगाई का खतरा कम होने, आयात बिल घटने और सरकार की वित्तीय स्थिति में सुधार के साथ दुनिया के तीसरे सबसे बड़े कच्चा तेल आयातक भारत के लिए स्थिति काफी अनुकूल हो गयी है।

वैश्विक मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत टूटकर लगभग 72-73 डॉलर प्रति बैरल, जबकि अमेरिकी कच्चे तेल की कीमत 70 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गई है। इससे उस भू-राजनीतिक जोखिम के कारण बढ़ी हुई कीमत का असर खत्म हो गया है, जिसके कारण इस साल की शुरुआत में तनाव बढ़ने पर दाम 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया था।

- ब्रेंट क्रूड की कीमत टूटकर लगभग 72-73 डॉलर प्रति बैरल पहुंची
- अमेरिकी कच्चे तेल की कीमत 70 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आई
- भू-राजनीतिक जोखिम के कारण बढ़ी कीमत का असर खत्म हो गया

### दोनों में 7.50 रुपए की बढ़ोतरी की गई थी

दोनों मानक अब फरवरी के आखिर के स्तर के करीब आ गए हैं। कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट के बावजूद बृहस्पतिवार को खुदरा ईंधन के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ। हाल ही में वैश्विक स्तर पर तेल के दाम में तेजी के दौरान पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगभग 7.50 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी।

### डीजल की बिक्री से थोड़ा नुकसान हो रहा

*हालांकि, उद्योग के आंकड़ों के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र के खुदरा ईंधन विक्रेताओं ने अब तक पेट्रोल पंप पर कीमतें कम नहीं की हैं। अधिकारियों ने बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र की तीन खुदरा ईंधन विक्रेता अभी पेट्रोल पर अच्छा विपणन मार्जिन कमा रहे हैं। हालांकि, डीजल की बिक्री से अब भी थोड़ा नुकसान हो रहा है।*




*आपूर्ति का पांचवां हिस्सा इसी मार्ग से : यह गिरावट होर्मुज जलडमरूमध्य से टैंकर की आवाजाही सामान्य होने के बाद हुई है। इस रास्ते से दुनिया भर की तेल आपूर्ति का लगभग पांचवां हिस्सा आता है। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि पिछले 24 घंटों में इस जलमार्ग से कम से कम दो करोड़ बैरल तेल गुजरा है और आपूर्ति का प्रवाह युद्ध से पहले के स्तर के करीब पहुंच गया है।*

*कंपनियों ने ढाई महीने तक खुदरा कीमतें स्थिर रखी : कंपनियों ने वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के बावजूद लगभग ढाई महीने तक खुदरा कीमतें स्थिर रखी थीं और उसके बाद ही कीमतों में थोड़ी बढ़ोतरी की थी। उन्होंने कहा कि ईंधन की कीमतें अंतरराष्ट्रीय कच्चा तेल बाजार में रोजाना होने वाले उतार-चढ़ाव के आधार पर तय नहीं की जाती हैं, बल्कि आमतौर पर पिछले दो सप्ताह या महीने की औसत तेल कीमतों के आधार पर तय की जाती हैं।*

### जून में तेल की औसत कीमत 86.31 डॉलर प्रति बैरल रही

इस रास्ते से खाड़ी देशों से भारत जैसे देशों को तेल और गैस की आपूर्ति होती थी। पेट्रोलियम मंत्रालय के पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) के आंकड़ों के अनुसार, 24 जून को भारत में आयातित होने वाले कच्चे तेल की औसत कीमत 70.71 डॉलर प्रति बैरल थी। जून महीने के लिए, कच्चे तेल की औसत कीमत 86.31 डॉलर प्रति बैरल रही, जबकि फरवरी, 2026 में यह औसत 72.47 डॉलर प्रति बैरल थी।

# बुनियादी ढांचा क्षेत्र की परियोजनाओं की लागत 5.4 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- एक सरकारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई
- संशोधित परियोजना लागत का लगभग 51.34 प्रतिशत है


देश में 150 करोड़ रुपये या उससे अधिक मूल्य की केंद्रीय क्षेत्र की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की लागत में सामूहिक रूप से 5.4 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मई महीने की एक सरकारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) की रिपोर्ट के अनुसार, 17 केंद्रीय मंत्रालयों एवं विभागों की 1,987 चालू बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी की गई। इन परियोजनाओं की संशोधित लागत 42.50 लाख करोड़ रुपये आंकी गई, उनकी मूल अनुमानित लागत 37.09 लाख करोड़ रुपये थी। हालांकि, रिपोर्ट में लागत वृद्धि से प्रभावित परियोजनाओं की वास्तविक संख्या का उल्लेख नहीं किया गया है। इन परियोजनाओं पर अब तक 21.82 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं, जो संशोधित परियोजना लागत का लगभग 51.34 प्रतिशत है। परियोजनाओं की प्रगति के संदर्भ में 817 परियोजनाओं (41 प्रतिशत) में 80 प्रतिशत से अधिक भौतिक प्रगति दर्ज की गई है, जबकि 280 परियोजनाएं (14 प्रतिशत) वित्तीय रूप से 80 प्रतिशत से अधिक पूरी हो चुकी हैं।

### रेल मंत्रालय 261 परियोजनाओं का क्रियान्वयन कर रहा

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के तहत सर्वाधिक 1,149 परियोजनाएं (58 प्रतिशत) क्रियान्वित की जा रही हैं। इनकी संशोधित लागत 10.95 लाख करोड़ रुपये है, जो कुल संशोधित परियोजना लागत का 26 प्रतिशत है। रेल मंत्रालय 261 परियोजनाओं का क्रियान्वयन कर रहा है, जिनकी संशोधित लागत 8.79 लाख करोड़ रुपये है।

# कच्चे तेल के दाम में नरमी से बाजार में दूसरे दिन तेजी

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- सेंसेक्स 109 और निफ्टी 34 अंक चढ़ा
- वाहन, विमानन और बैंक के शेयरों में रही खरीदारी

स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही और दोनों मानक सूचकांक लाभ में रहे। कच्चे तेल के दाम में नरमी और वैश्विक बाजारों में तेजी के साथ निवेशकों की धारणा मजबूत होने से वाहन, विमानन और बैंक शेयरों में लिवाली से बीएसई सेंसक्स 109 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी 34 अंक के लाभ में रहा।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 109.25 अंक की बढ़त के साथ 77,100.47 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में 19 में गिरावट आई और 11 लाभ में रहे। सूचकांक बढ़त के साथ खुला और एक समय 811.96 अंक यानी एक प्रतिशत और चढ़कर दिन के उच्चतम स्तर 77,803.18 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी 34.35 अंक बढ़कर 24,056 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन में सबसे अधिक 4.82 प्रतिशत की तेजी आई। इसके अलावा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर भी प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में पावर ग्रिड, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस और भारती एयरटेल शामिल हैं।

### एशिया के बाजार में रहा मिलाजुला रुख

एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट लाभ के साथ बंद हुए। हांगकांग के हैंग सेंग में गिरावट रही। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख था। अमेरिकी बाजार में बुधवार को नरमी रही थी।

# अदाणी समूह 'एयरपोर्ट सिटी' परियोजनाओं पर करेगी निवेश

- पहले चरण में 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक निवेश करने की घोषणा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अदाणी एयरपोर्ट सिटी लिमिटेड (एएसीएल) ने पांच राज्यों के छह हवाई अड्डों पर 655 एकड़ से अधिक क्षेत्र में 'एयरपोर्ट सिटी' विकसित करने के लिए पहले चरण में 20,000 करोड़ रुपये से अधिक निवेश करने की योजना की घोषणा की है। भारत की सबसे बड़ी निजी हवाई अड्डा संचालक अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई एएसीएल ने बृहस्पतिवार को कहा कि इस परियोजना के तहत मुंबई, नवी मुंबई, अहमदाबाद, लखनऊ, जयपुर




और गुवाहाटी हवाई अड्डों के आसपास लगभग 2.2 करोड़ वर्ग फुट मिश्रित उपयोग वाली बुनियादी ढांचा विकसित किया जाएगा। कंपनी के अनुसार, कुल निवेश का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा मुंबई और नवी मुंबई में किया जाएगा, जहां उसके पास करीब 440 एकड़ भूमि है।

*समूह पर्यटन परिवेश तैयार करेगा : इसका उद्देश्य केवल यात्री यातायात पर निर्भर न रहकर एक एकीकृत व्यापार और पर्यटन परिवेश तैयार करना है। कंपनी ने बताया कि 'एयरपोर्ट सिटी' की इन सभी परियोजनाओं को 'यूएस ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल' से 'लीड गोल्ड' पूर्व-प्रमाणन प्राप्त हुआ है, जो इसके पर्यावरण-अनुकूल डिजाइन, ऊर्जा दक्षता और टिकाऊ बुनियादी ढांचे को दर्शाता है।*

# सुजलॉन को टाटा पावर से मिला परियोजना का ठेका




**नई दिल्ली।** सुजलॉन को आंध्र प्रदेश में टाटा पावर से 400 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना स्थापित करने का ठेका मिला है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कर्नाटक, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में टाटा पावर के साथ उसकी साझेदारी एक गीगावाट (1000 मेगावट) के आंकड़े को पार कर चुकी है। नई परियोजना के तहत सुजलॉन 127 एस144 श्रृंखला के पवन टर्बाइन जनरेटर (डब्ल्यूटीजी) लगाएगी, जिनमें से प्रत्येक की स्थापित क्षमता 3.15 मेगावाट होगी। कंपनी अपनी ईपीसी (इंजीनियरिंग, खरीद एवं निर्माण) सेवाओं के तहत इस परियोजना को पूरा करेगी।

# सोना 2,800 रुपए टूटा और चांदी 5,000 रुपए कमजोर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- सोना घटकर 1.45 लाख रुपए प्रति दस ग्राम
- चांदी लुढ़कर 2,26,000 रुपए प्रति किलोग्राम

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को बाज़ार की कमजोर मांग और सुस्त वैश्विक रुख के कारण सोने की कीमत 2,800 रुपये घटकर 1.45 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। वहीं चांदी की कीमत भी 5,000 रुपये घट गई।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,800 रुपये घटकर 1,45,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई, जो पहले 1,48,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी की कीमत में भी गिरावट आई और यह 5,000 रुपये घटकर 2,26,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई।

**वैश्विक बाजार में सराफा कमजोर :** पिछले सत्र में चांदी 2,31,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना 21.15 डॉलर या 0.53 प्रतिशत घटकर 3,978.06 डॉलर प्रति औंस रह गया, जबकि चांदी भी 0.56 प्रतिशत घटकर 57.10 डॉलर प्रति औंस रह गई।

## प्याज की अब तक सिर्फ 2000 टन की खरीदी



**नई दिल्ली।** वर्ष 2026 के बफर स्टॉक के लिए प्याज की सरकारी खरीद धीमी गति से शुरू हुई है। खरीद की कीमत तीन बार बढ़ाने के बावजूद, एक जून से अब तक सिर्फ 2,000 टन प्याज ही खरीदा गया है। खरीद का काम करने वाली दो प्रमुख एजेंसियों - नेफेड और नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (एनसीसीएफ) - ने अब तक सरकार द्वारा 'मूल्य स्थिरीकरण कोष'' (पीएसएफ) के तहत तय किए गए दो लाख टन के लक्ष्य का सिर्फ एक प्रतिशत ही हासिल किया है। सत्र शुरू होने के बाद से खरीद की कीमत में तेजी से बदलाव किए गए हैं। 22 मई को कीमत 12.70 रुपये प्रति किलो से बढ़ाकर 15.80 रुपये प्रति किलो की गई, फिर 13 जून को 16.50 रुपये प्रति किलो तथा हाल ही में 20 जून को 17.30 रुपये प्रति किलो कर दी गई।

## एएवाई की अधिकतम सीमा 35 किलोग्राम ही रहेगी

# अंत्योदय योजना में सात किलोग्राम अनाज देने पर विचार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- इस कदम से बड़े गरीब परिवारों को लाभ होगा

सरकार अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) के तहत प्रति व्यक्ति प्रति माह खाद्यान्न की मात्रा को सात किलोग्राम करने पर विचार कर रही है। हालांकि, इसकी अधिकतम सीमा 35 किलोग्राम ही रहेगी। इस कदम से बड़े गरीब परिवारों को लाभ होगा।

खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 में संशोधन का प्रस्ताव रखा है। खाद्य मंत्रालय ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा (संशोधन) विधेयक, 2026 पर 13 जुलाई तक आम लोगों से सुझाव और टिप्पणियां मांगी हैं। मौजूदा कानून के तहत एएवाई परिवारों (जिन्हें सबसे गरीब श्रेणी में रखा गया है) को परिवार के आकार पर विचार किए बिना प्रति माह 35 किलोग्राम खाद्यान्न दिया जाता है।

### चावल व गेहूं निशुल्क वितरित किया जाता है

सरकार ने इस संशोधन को खाद्य और पोषण सुरक्षा को मजबूत करने की व्यापक पहल का हिस्सा बताया है। इसका उद्देश्य ''मानव जीवन-चक्र दृष्टिकोण'' के तहत लोगों को किफायती दरों पर पर्याप्त मात्रा में गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराना है, जो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के उद्देश्यों के अनुरूप है। प्राथमिकता वाले परिवारों और अंत्योदय अन्न योजना के लाभार्थियों को वर्तमान में चावल और गेहूं निःशुल्क वितरित दिया जाता है।



### प्राथमिकता वाले परिवार को प्रति व्यक्ति पांच किलो

इसके विपरीत, प्राथमिकता वाले परिवारों को प्रति व्यक्ति प्रति माह पांच किलोग्राम खाद्यान्न मिलता है। इस व्यवस्था के कारण बड़े एएवाई परिवारों को प्रति व्यक्ति आधार पर प्राथमिकता वाले परिवारों की तुलना में कम खाद्यान्न मिलता है, जबकि प्राथमिकता वाले परिवारों को एएवाई लाभार्थियों से कम संवेदनशील माना जाता है।

### छोटे परिवार के लिहाज से कोई बदलाव नहीं

प्रस्तावित व्यवस्था के तहत दो सदस्य वाले एएवाई परिवार को प्रति माह 14 किलोग्राम खाद्यान्न मिलेगा, जबकि पांच या उससे अधिक सदस्यों वाले परिवारों को मौजूदा अधिकतम सीमा के अनुसार 35 किलोग्राम खाद्यान्न मिलेगा। छोटे परिवारों को कुल मात्रा के लिहाज से बहुत अधिक बदलाव नहीं दिखेगा, लेकिन बड़े परिवारों को लाभ होगा क्योंकि खाद्यान्न आवंटन परिवार के आकार के अनुसार बढ़ेगा।

### उद्देश्य सबसे कमजोर परिवार की सुरक्षा

अंत्योदय अन्न योजना के तहत परिवार आधारित मौजूदा खाद्यान्न अधिकार को सबसे कमजोर परिवारों की सुरक्षा के उद्देश्य से बनाया गया था, लेकिन परिवार के आकार के आधार पर इसमें महत्वपूर्ण असमानताएं उत्पन्न हो जाती हैं।''

# दूरसंचार क्षेत्र में नई मंजूरी आधारित व्यवस्था लागू



**नई दिल्ली।** सरकार ने दूरसंचार क्षेत्र में पुरानी लाइसेंस व्यवस्था को समाप्त कर उसकी जगह एक नई 'मंजूरी आधारित रूपरेखा' को लागू करने वाले नियमों को अधिसूचित कर दिया है। इसके साथ ही केंद्र सरकार ने 'टेलीकॉम ई-सर्विसेज पोर्टल' को भी अधिसूचित किया है, जो दूरसंचार अधिनियम के प्रावधानों को डिजिटल रूप से लागू करने में सक्षम बनाएगा। दूरसंचार अधिनियम के तहत अधिसूचित नियमों में ''दूरसंचार (मुख्य दूरसंचार सेवाओं के प्रावधान के लिए मंजूरी) नियम, 2025'' शामिल हैं।

## चिंतन

# प्रकृति के सामने सब बेबस, तैयारी जरूरी

वेनेजुएला में आए बैक-टू-बैक भूकंप और भूस्खलन ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि प्रकृति के प्रचंड प्रकोप के आगे मानव निर्मित आधुनिकता और तकनीक सब बेबस हैं। इस भीषण त्रासदी ने दिखा दिया है कि समूची मानव जाति प्रकृति की अनिश्चित और विनाशकारी शक्तियों के सामने कितनी असहाय है। सैकड़ों लोगों की मौत और हजारों के प्रभावित होने की खबरें बताती हैं कि आपदा प्रबंधन, भूकंपरोधी निर्माण और त्वरित राहत व्यवस्था कितनी महत्वपूर्ण है। इसलिए मानव जाति को प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाना बेहद जरूरी है। ऐसी घटनाओं से बचने के लिए केवल राहत और बचाव पर ध्यान देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि पहले से तैयारियों, सुरक्षित निर्माण मानकों और जनजागरूकता को प्राथमिकता देना समय की मांग है। प्राकृतिक आपदाओं को रोका नहीं जा सकता, लेकिन उनकी विनाशलीला को बेहतर तैयारी और मजबूत व्यवस्थाओं से काफी हद तक कम जरूर किया जा सकता है। समस्या यह नहीं है कि ये आपदाएं आती हैं, बल्कि यह है कि इनके प्रति हमारी तैयारी कितनी है। अधिकांश मामलों में देखा गया है कि आपदा के बाद राहत और बचाव कार्यों पर अधिक ध्यान दिया जाता है, जबकि आपदा से पहले की तैयारी अपेक्षाकृत कमजोर रहती है। यही कारण है कि प्राकृतिक घटनाएं कई बार बड़े मानवीय संकट में बदल जाती हैं। भारत भी इस चुनौती से अछूता नहीं है। देश का एक बड़ा हिस्सा भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में आता है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पूर्वोत्तर राज्य और पश्चिम बंगाल का दार्जिलिंग क्षेत्र भूकंप और भूस्खलन के लिहाज से जोखिम वाले क्षेत्रों में शामिल हैं। वहीं, हर वर्ष मानसून के दौरान बाढ़ और भूस्खलन लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित करते हैं। हाल के वर्षों में उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और केरल में आई प्राकृतिक आपदाओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जलवायु परिवर्तन और अनियोजित विकास इन खतरों को और बढ़ा रहे हैं। ऐसे में केवल आपदा आने के बाद सहायता पहुंचाना पर्याप्त नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि आपदा जोखिम को कम करने के लिए दीर्घकालिक रणनीति अपनाई जाए। भूकंपरोधी भवन निर्माण को अनिवार्य बनाया जाए, संवेदनशील क्षेत्रों में निर्माण गतिविधियों पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण से नियंत्रण रखा जाए और स्थानीय समुदायों को आपदा से निपटने का प्रशिक्षण दिया जाए। स्कूलों, कॉलेजों और सरकारी संस्थानों में नियमित मॉक ड्रिल आयोजित की जानी चाहिए, ताकि संकट की स्थिति में लोग घबराने के बजाय सही निर्णय ले सकें। दुनिया में जापान इसका उत्कृष्ट उदाहरण है। जापान हर वर्ष अनेक भूकंपों और सुनामी की आशंका का सामना करता है, लेकिन वहां मजबूत भवन निर्माण मानकों, उन्नत चेतावनी प्रणाली और व्यापक जनजागरूकता के कारण जनहानि को काफी हद तक नियंत्रित किया जाता है। आपदा के बाद पुनर्वास और पुनर्निर्माण की उनकी क्षमता भी उल्लेखनीय है। भारत सहित अन्य देशों को इस अनुभव से सीख लेकर अपनी व्यवस्थाओं को और मजबूत बनाना चाहिए। प्रकृति को पूरी तरह नियंत्रित करना संभव नहीं है, लेकिन उसके खतरों को कम करना जरूर संभव है। इसके लिए सरकार, वैज्ञानिक संस्थानों, स्थानीय प्रशासन और नागरिकों को मिलकर काम करना होगा। वेनेजुएला की त्रासदी केवल एक देश की समस्या नहीं है, बल्कि पूरी दुनिया के लिए चेतावनी है। यह हमें याद दिलाती है कि प्रकृति के सामने विनम्र रहना और हर समय तैयार रहना ही सबसे बड़ा बचाव है।



मुद्दा
महेन्द्र तिवारी

# ईरान, होर्मुज और बदलती विश्व व्यवस्था

आज के दौर में वैश्विक व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति, तकनीकी नेटवर्क और समुद्री मार्गों ने शक्ति की परिभाषा को एक बिल्कुल नया और बहुआयामी स्वरूप प्रदान किया है। ईरान और पश्चिमी देशों के बीच बढ़े तनाव तथा होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर उभरी परिस्थितियों ने यह पूरी तरह स्पष्ट कर दिया है कि आधुनिक दुनिया में केवल सैन्य सामर्थ्य ही निर्णायक नहीं है। किसी महत्वपूर्ण भौगोलिक मार्ग, संसाधन अथवा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर नियंत्रण भी उतना ही प्रभावशाली और रणनीतिक साधन बन सकता है। यही वह महत्वपूर्ण संदेश है जो ईरान की वर्तमान रणनीति के माध्यम से पूरी दुनिया के सामने उभरकर आया है। होर्मुज जलडमरूमध्य पश्चिम एशिया का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील समुद्री मार्ग है।

विश्व राजनीति में शक्ति का अर्थ समय के साथ निरंतर बदलता रहा है। इतिहास के विभिन्न कालखंडों में शक्ति के मानक बदलते रहे हैं। कभी विशाल और अजेय सेनाएं किसी साम्राज्य या देश की ताकत का सबसे बड़ा प्रतीक मानी जाती थीं, तो कभी औद्योगिक क्रांति के बाद औद्योगिक उत्पादन और आर्थिक क्षमता को वैश्विक शक्ति का मुख्य आधार समझा गया। 20वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में, विशेषकर शीतयुद्ध के दौर में, परमाणु हथियारों को सर्वोच्च शक्ति और संप्रभुता का प्रतीक माना जाने लगा। ऐसा माना जाता था कि परमाणु क्षमता से संपन्न देश ही वैश्विक व्यवस्था की दिशा तय कर सकते हैं। किंतु 21वीं शताब्दी के आगमन ने इन सभी पारंपरिक धारणाओं को पीछे छोड़ दिया है। आज के दौर में वैश्विक व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति, तकनीकी नेटवर्क और समुद्री मार्गों ने शक्ति की परिभाषा को एक बिल्कुल नया और बहुआयामी स्वरूप प्रदान किया है। ईरान और पश्चिमी देशों के बीच बढ़े तनाव तथा होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर उभरी परिस्थितियों ने यह पूरी तरह स्पष्ट कर दिया है कि आधुनिक दुनिया में केवल सैन्य सामर्थ्य ही निर्णायक नहीं है।

किसी महत्वपूर्ण भौगोलिक मार्ग, संसाधन अथवा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर नियंत्रण भी उतना ही प्रभावशाली और रणनीतिक साधन बन सकता है। यही वह महत्वपूर्ण संदेश है जो ईरान की वर्तमान रणनीति के माध्यम से पूरी दुनिया के सामने उभरकर आया है। होर्मुज जलडमरूमध्य पश्चिम एशिया का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील समुद्री मार्ग है। इस संकरे मार्ग का महत्व इस बात से समझा जा सकता है कि सऊदी अरब, इराक, कुवैत, कतर, बहरीन और संयुक्त अरब अमीरात जैसे दुनिया के सबसे प्रमुख तेल उत्पादक देशों का समुद्री निर्यात इसी मार्ग से होकर गुजरता है। वैश्विक कच्चे तेल की कुल आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा रोजाना इस संकरे जलमार्ग से दुनिया के विभिन्न हिस्सों तक पहुंचता है। इसके अलावा, तरल प्राकृतिक गैस के वैश्विक समुद्री व्यापार का भी एक बहुत बड़ा भाग इसी रास्ते से तय होता है। इसलिए होर्मुज केवल एक साधारण जलमार्ग नहीं है, बल्कि यह वैश्विक अर्थव्यवस्था की धड़कन है। यदि इस मार्ग में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न होती है या तनाव बढ़ता है, तो उसका सीधा और तात्कालिक प्रभाव अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऊर्जा की कीमतों, समुद्री परिवहन लागत, औद्योगिक उत्पादन और दुनिया भर के उपभोक्ता बाजारों पर दिखाई देने लगता है। इस पूरे परिदृश्य में ईरान की भौगोलिक स्थिति उसे इस क्षेत्र में एक विशिष्ट सामरिक महत्व प्रदान करती है। इस जलडमरूमध्य के उत्तरी तट पर ईरान का सीधा भौगोलिक प्रभाव है और इसी कारण वह लंबे समय से इस मार्ग को अपनी सबसे बड़ी रणनीतिक शक्ति के रूप में देखता रहा है। जब भी पश्चिमी देशों द्वारा ईरान पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाए गए या उसकी सुरक्षा संबंधी चिंताओं की अनदेखी की गई, तब उसने बार-बार यह संकेत दिया कि वह होर्मुज में जहाजों के आवागमन को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। कई अवसरों पर ईरान ने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से यह चेतावनी भी दी है कि यदि उसके राष्ट्रीय हितों को गंभीर नुकसान पहुंचाया गया, तो वह इस मार्ग को पूरी तरह बंद करने अथवा यहां अतिरिक्त नियंत्रण स्थापित करने पर विचार कर सकता



है। यहीं से दुनिया के लिए एक नया भू-राजनीतिक संदेश निकलता है कि आधुनिक अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में भूगोल स्वयं एक बहुत बड़ी शक्ति है।

यदि किसी देश के पास कोई ऐसा विशिष्ट स्थान है जो वैश्विक व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति या सामरिक गतिविधियों के लिए अनिवार्य है, तो वह देश अपनी सीमित सैन्य या आर्थिक क्षमताओं के बावजूद वैश्विक मंच पर अत्यंत महत्वपूर्ण प्रभाव रख सकता है। ईरान दशकों से भारी आर्थिक प्रतिबंधों और राजनीतिक दबावों का सामना कर रहा है, लेकिन होर्मुज पर उसकी सामरिक स्थिति उसे विश्व राजनीति में लगातार प्रासंगिक और शक्तिशाली बनाए रखती है। यह स्थिति पारंपरिक शक्ति संतुलन को भी गंभीर चुनौती देती है। लंबे समय तक वैश्विक राजनीति में यह माना जाता रहा कि बड़ी सैन्य और परमाणु शक्ति रखने वाले देश किसी भी क्षेत्रीय संकट का समाधान अपने पक्ष में करने में सक्षम होते हैं। होर्मुज का उदाहरण दिखाता है कि कठोर भौगोलिक वास्तविकताएं कई बार विशाल सैन्य शक्ति को भी सीमित कर देती हैं। यदि इस समुद्री मार्ग पर थोड़ा भी तनाव बढ़ता है तो उसका असर केवल एक क्षेत्र पर नहीं बल्कि पूरी दुनिया पर पड़ता है। इसलिए दुनिया के सबसे शक्तिशाली देशों को भी यहां किसी भी प्रकार की सैन्य कार्रवाई करने से पहले कूटनीति, समझौतों और क्षेत्रीय संतुलन का सहारा लेना पड़ता है। इसके साथ ही, ईरान की इस रणनीति ने वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के प्रश्न को एक बार फिर केंद्र में ला दिया है। ऊर्जा आधुनिक अर्थव्यवस्था की आधारशिला है जिसके बिना उद्योग, परिवहन, कृषि और संचार जैसे लगभग सभी क्षेत्र ठप हो सकते हैं। जब किसी ऐसे महत्वपूर्ण मार्ग पर संकट की मामूली आशंका भी उत्पन्न होती है, तब अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल और गैस की कीमतों में तेजी से उतार-चढ़ाव शुरू हो जाता है।

इससे दुनिया भर के निवेशकों में चिंता बढ़ती है और सरकारें वैकल्पिक व्यवस्थाओं की तलाश करने के लिए मजबूर हो जाती हैं। इस प्रकार एक सीमित क्षेत्रीय तनाव भी व्यापक वैश्विक आर्थिक अस्थिरता का कारण बन सकता है। इस परिस्थिति का प्रभाव केवल तेल उत्पादक या पश्चिमी देशों तक सीमित नहीं रहता है। जापान, दक्षिण कोरिया, भारत और यूरोप के अनेक प्रमुख देश अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए पूरी तरह से पश्चिम एशिया के इसी मार्ग पर निर्भर हैं। यदि होर्मुज में कोई बाधा आती है तो इन विकासशील और विकसित देशों की ऊर्जा सुरक्षा सीधे प्रभावित होती है। यही कारण है कि दुनिया के तमाम राष्ट्र इस मार्ग को हमेशा खुला और सुरक्षित बनाए रखने के पक्षधर हैं। वे अच्छी तरह समझते हैं कि यहां उत्पन्न होने वाला कोई भी संकट उनके घरेलू आर्थिक हितों को सीधे चोट पहुंचाएगा। ईरान के इस व्यवहार से यह भी स्पष्ट होता है कि भविष्य की प्रतिस्पर्धा केवल हथियारों के संचय की नहीं होगी। बीते दशकों में परमाणु हथियारों के प्रसार को लेकर व्यापक चिंताएं व्यक्त की जाती रही हैं, लेकिन आज एक नई प्रवृत्ति उभरती दिखाई दे रही है, जिसमें देश उन स्थानों, संसाधनों और मार्गों पर नियंत्रण की तलाश कर रहे हैं जिनके माध्यम से वे संपूर्ण वैश्विक व्यवस्था को प्रभावित कर सकें। इन्हें भू-राजनीति की भाषा में चोक प्वाइंट कहा जाता है, जहां से होकर व्यापार, ऊर्जा या संचार का बड़ा भाग गुजरता है। यदि वैश्विक व्यापार और ऊर्जा सुरक्षा को अक्षुण्ण रखना है, तो क्षेत्रीय देशों तथा बड़ी शक्तियों के बीच निरंतर संवाद और सहयोग आवश्यक होगा। अंततः, ईरान के व्यवहार से यही निष्कर्ष निकलता है कि 21वीं शताब्दी में शक्ति का स्वरूप बहुआयामी हो गया है, जहां भौगोलिक स्थिति, समुद्री मार्ग, संसाधन और ऊर्जा नेटवर्क ही भविष्य की विश्व राजनीति की दिशा तय करेंगे।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## पाक रक्षा बजट
डॉ. लक्ष्मी शंकर यादव



# सुरक्षा प्रणालियों को और अधिक मजबूत करे भारत

पाकिस्तान की शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार ने अपने वित वर्ष 2026-27 का बजट कुल 18.77 ट्रिलियन पाकिस्तानी रुपये अर्थात 67.49 अरब डॉलर का पेश किया है। इस बजट में रक्षा बजट पर विशेष ध्यान दिया गया है, क्योंकि पाकिस्तानी सेना ने भारत तथा अफगानिस्तान के साथ चल रहे तनाव एवं अन्य सैन्य अभियानों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर अधिक रक्षा बजट की मांग की थी। शरीफ सरकार ने सेना प्रमुख जनरल आसिफ मुनीर की इस मांग को मानते हुए रक्षा बजट में 18 प्रतिशत की भारी-भरकम बढ़ोत्तरी कर दी है। इस बढ़ोत्तरी के बाद पाकिस्तान का रक्षा बजट तीन ट्रिलियन अर्थात 3000 अरब रुपये हो गया है। वहां के वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब ने नेशनल असेम्बली को बताया कि सरकार जुलाई से शुरू होने वाले वित्त वर्ष में रक्षा बजट के लिए यह राशि आवंटित करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में अनिश्चितता के कारण देश को अजेय बनाने के लिए रक्षा खर्च में यह बढ़ोत्तरी सभी प्रांतीय सरकारों के साथ बातचीत के बाद की गई है। पाकिस्तान का रक्षा बजट पिछले कुछ वर्षों में लगातार बढ़ा है। 2021-22 में यह लगभग 1280 अरब पाकिस्तानी रुपये था। वहीं, 2025-26 में यह 2550 अरब पाकिस्तानी रुपये था। अब नई उल्लेखनीय वृद्धि का निर्णय ऐसे समय में लिया गया है, जब पाक गंभीर आर्थिक संकट, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, विदेशी कर्ज और गरीबी जैसी अनेक समस्याओं से जूझ रहा है। एक तरफ पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के सहारे चल रही है, वहीं दूसरी ओर सरकार ने रक्षाबजट बढ़ाने का निर्णय लिया है। विदित हो कि पाकिस्तान वर्ष 2023 में डिफॉल्ट होने से बचने के बाद सात अरब डॉलर के आईएमएफ प्रोग्राम को पटरी पर लाने के लिए संघर्ष कर रहा है।

विश्व बैंक तथा आईएमएफ जैसी संस्थाएं उसकी आर्थिक स्थिति को चुनौतीपूर्ण बताती हैं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब करोड़ों नागरिक आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहे हों तब रक्षा बजट का बढ़ाया जाना उचित नहीं लगता है, जबकि पाकिस्तान इस निर्णय के पीछे अपनी सुरक्षा चिंताओं, क्षेत्रीय रणनीतिक परिस्थितियों एवं सैन्य जरूरतों का हवाला देता है। सैन्य नेतृत्व का यह मानना है आर्थिक संकट तो अस्थायी है, लेकिन सुरक्षा कमजोर हुई तो इसके परिणाम गंभीर हो सकते हैं। 1947 में हुए बंटवारे के बाद से अब तक पाक की रक्षानीति का सबसे बड़ा केन्द्र भारत ही रहा है और इसी के चलत उसने भारत के साथ 1947-48, 1965, 1971 एवं 1999 में संघर्ष किया और पराजित भी हुआ, लेकिन तनाव बनाए रखा। गत वर्ष की लड़ाई में मात खाना भी उसे अच्छी तरह से याद है। भारत में फैला आतंकवाद उसकी नीतियों की देन है। भारत की बढ़ती आर्थिक व सैनिक ताकत उसके लिए आज भी चिंता का विषय है। भारत लगातार अपनी आधुनिक मिसाइल प्रणालियां, आधुनिक लड़ाकू विमान, वायु रक्षाप्रणाली, ड्रोन एवं नौसैनिक ताकत का लगातार विकास कर रहा है। इस कारण पाकिस्तान अपनी सैन्य क्षमता को मजबूत बनाए रखने और भारत के मुकाबले में बने रहने हेतु अपनी रक्षाशक्ति को आधुनिक बनाने के लिए रक्षाबजट में वृद्धि को जायज मानता है। भारत के अलावा अफगानिस्तान के साथ पाकिस्तान का संघर्ष जारी है। वहां पर तालिबान का शासन स्थापित होने के बावजूद पाक की सुरक्षा चिंताएं कम नहीं हुई हैं। दोनों देशों के बीच आए दिन संघर्ष होता रहता है। पाकिस्तान का आरोप है कि कुछ आतंकवादी संगठन अफगानिस्तान की जमीन का उपयोग पाकिस्तान विरोधी गतिविधियों के लिए कर रहे हैं। इसीलिए सीमा सुरक्षा अभियानों पर खर्च बढ़ रहा है। पाकिस्तान को केवल बाहरी ही नहीं बल्कि आंतरिक सुरक्षाचुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है। अगर पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणालियों, मिसाइल एवं ड्रोन जैसे क्षेत्रों में विकास करता है तो भारत को पाकिस्तानी सीमा पर अपनी निगरानी एवं सुरक्षा प्रणालियों को और अधिक मजबूत करना होगा। चीन और पाकिस्तान के बीच बढ़ता रणनीतिक सहयोग एक चिंता का विषय है क्योंकि दोनों देशों के बीच रक्षा तकनीक, हथियार प्रणालियां और संयुक्त रक्षा परियोजनाओं का विस्तार भारत के लिए दो मोर्चों की सुरक्षा तैयारी के लिए बाध्य करता है। रक्षा बजट की वृद्धि यदि पाकिस्तान की सैन्य क्षमता मजबूत करेगी तो भारत पर तत्कालिक खतरा भले ही कम हों, लेकिन दीर्घकालिक रणनीतिक चुनौती तो अवश्य बनेगी। साथ में देखना यह भी होगा कि आर्थिक तंगी के बीच पाकिस्तान का बढ़ा रक्षा बजट उसके लिए कितना लाभदायक सिद्ध होगा।

# कुसंगति त्यागे, धर्मबुद्धि जागे




संकलित

**दर्शन**

आम और नीम दोनों की मूल जमीन में एकत्रित होने से नीम के संसर्ग में आम भी नीमपन को प्राप्त करता है। अर्थात दुर्जन की संगत से प्रायः सज्जन भी दुर्जन हो जाता है। इस बात पर यदि थोड़ा विचार किया जाए तो प्रश्न यह उठता है कि दुर्जन का प्रभाव ही क्यों पड़ता है? सज्जन का प्रभाव क्यों नहीं पड़ता। आम भी कड़वा क्यों होता है? नीम मीठा क्यों होता नहीं ? इसके पीछे यही कारण है कि सज्जन का हृदय बहुत कोमल होता है, जबकि दुर्जन कठोर हृदय का होता है। सज्जन तो खरबूजे की भांति होता है और दुर्जन चाकू की भांति। चाकू चाहे खरबूजे पर पड़े या खरबूजा चाकू के ऊपर, कटना तो खरबूजे को ही पड़ता है इसलिए सज्जन को सदैव सजग होकर रहना चाहिए। मनुष्य का अहित जितना दुश्मन नहीं करता उतना उसका अविवेक कर बैठता है। महान उपन्यासकार बाबू बंकिमचन्द्र ने एक जगह लिखा है कि मनुष्य का विशेष अहित उनके स्नेहीजन ही कर सकते है। विवेकहीन माता-पिता धर्म भावना वाली संतान को धर्म से विमुख करके उसे विषय वासना के गर्त में डाल सकते हैं। वर्तमान युग में देखा जा रहा है कि माता पिता अपनी संतान को धनवान बनाने की भावना रखते हैं मगर धर्मवान बनाने की ओर उनका ध्यान नहीं जाता है। वे अपनी संतान को सुसंस्कारित करने की ओर और ध्यान नहीं दे पाते। जिसमें स्वयं संस्कारो का अभाव होता है ,वे भला दूसरों को संस्कारित कैसे कर सकते हैं।

# मंजिल तक कैसे पहुंचा जाए



संकलित

**प्रेरणा**

एक बार एक संत ने अपने दो भक्तों को बुलाया और कहा आप को यहां से पचास कोस जाना है। एक भक्त को एक बोरी खाने के समान से भर कर दी और कहा जो लायक मिले उसे देते जाना। और एक को खाली बोरी दी उससे कहा रास्ते में जो उसे अच्छा मिले उसे बोरी मे भर कर ले जाए। दोनो निकल पड़े जिसके कंधे पर समान था वो धीरे चल पा रहा था। खाली बोरी वाला भक्त आराम से जा रहा था। थोड़ी दूर उसको एक सोने की ईंट मिली उसने उसे बोरी में डाल लिया। थोड़ी दूर चला फिर ईंट मिली उसे भी उठा लिया। जैसे-जैसे चलता गया उसे सोना मिलता गया और वो बोरी में भरता हुआ चल रहा था। और बोरी का वजन बढ़ता गया उसका चलना मुश्किल होता गया और सांस भी चढ़ने लग गई। एक एक कदम आगे चलना कठिन होता गया। दूसरा भक्त जैसे-जैसे चलता गया रास्ते में जो भी मिलता उसको बोरी में से खाने का कुछ समान देता गया धीरे-धीरे बोरी का वजन कम होता गया। और उसका चलना आसान होता गया। जो बांटता गया उसका गंतव्य स्थान तक पहुंचना आसान होता गया। और जो लालच में आकर इकट्ठा करता रहा वो रास्ते में ही दम तोड़ गया। हम सभी को अब ये सोचना चाहिए कि हमने जीवन में क्या बांटा और क्या इकट्ठा किया हम मंजिल तक कैसे पहुंच पाएंगे। दरअसल लालच ही वह बला है जिससे मनुष्य उबर नहीं पाता और जो इससे उबर जाता है अपनी मंजिल पा लेता हैं ।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### महिलाओं में बढ़ा तंबाकू का सेवन

देश में तंबाकू सेवन को लेकर सामने आए ताजा आंकड़े चिंता बढ़ाने वाले हैं। विशेष रूप से महिलाओं में तंबाकू सेवन की बढ़ती प्रवृत्ति समाज और स्वास्थ्य व्यवस्था दोनों के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार देश के 13 राज्यों में महिलाओं द्वारा तंबाकू सेवन में वृद्धि दर्ज की गई है। यह स्थिति केवल महिलाओं के स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका प्रभाव परिवार, बच्चों और आने वाली पीढ़ियों पर भी पड़ता है। जिस समाज में महिलाएं परिवार की आधारशिला मानी जाती हैं, वहां उनका किसी भी प्रकार के नशे की ओर बढ़ना सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी कई नई समस्याओं को जन्म देता है। तंबाकू चाहे किसी भी रूप में लिया जाए, वह शरीर के लिए अत्यंत हानिकारक होता है। तंबाकू का सेवन छुड़वाना एक बड़ी चुनौती है।

*– प्रोमिला शर्मा, बहादुरगढ़*

## ट्रेंड

### भारतीय लोकतंत्र



'संविधान हत्या दिवस' हमें उस काले दौर की याद दिलाता है जब भारतीय लोकतंत्र को बेरहमी से कुचल दिया गया था। आपातकाल का विरोध करने वाले सभी महानुभावों को मेरा सादर नमन।

**- नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### सत्ता का अहंकार



सत्ता के अहंकार में डूबी मोदी सरकार इस मुकाम पर पहुंच गई है कि अपने अधिकारों, निष्पक्ष परीक्षाओं और सुरक्षित भविष्य की मांग करने वाले छात्रों को ही शिक्षा मंत्री "आतंकवादी" कह रहे हैं। जिसकी नाकामी से इतने पेपर लीक हुए, वह आज पीड़ित बच्चों को "दहशतगर्द" बता रहा है।

**- राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस

### चंपत राय की हिम्मत



चंपत राय ने प्रधानमंत्री को हिसाब देने से इनकार कर दिया है। उसने इतनी हिम्मत कहां से जुटाई? उसे कौन से राज़ पता हैं कि प्रधानमंत्री भी उनके सामने बेबस हैं? दूसरी तरफ, एसआईटी छोटे कर्मचारियों को तलब कर सबकी आंखों में धूल झोंक रही है।

**-अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### आवाजाही सुचारू



एनएच-44 पर कालीबाड़ी के पास रावी नदी और सेहर खड्ड पर बने दो अहम पुल, जो पिछले साल आई बाढ़ में क्षतिग्रस्त हो गए थे, उन्हें ठीक कर लिया गया है। इससे अमरनाथ तीर्थयात्रियों यात्रियों व सामान की आवाजाही सुचारू रूप से हो सकेगी।

**- मनोज सिन्हा**, एलजी, जम्मू-कश्मीर

## करंट अफेयर


# प्रतिबंध के बावजूद बच्चे कर रहे सोशल मीडिया का उपयोग



ऑस्ट्रेलिया में 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्रतिबंध लागू होने के छह महीने बाद भी 85 प्रतिशत से अधिक बच्चे सोशल मीडिया मंचों का इस्तेमाल कर रहे हैं। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि इस कानून की सफलता का आकलन केवल इस आधार पर नहीं किया जाना चाहिए कि बच्चे अब भी इन मंचों तक पहुंच बना रहे हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूकैसल की जनस्वास्थ्य शोधकर्ता कोर्टनी बार्नेस के नेतृत्व में किए गए और ब्रिटिश मेडिकल जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि टिकटॉक, एक्स, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे प्रतिबंधित सोशल मीडिया मंचों का उपयोग करने वाले बच्चों की संख्या में बहुत कमी नहीं आई है। शोधकर्ताओं ने 12 से 16 वर्ष आयु वर्ग के 408 किशोरों पर सर्वेक्षण किया। यह सर्वेक्षण दिसंबर 2025 में कानून लागू होने से पहले और तीन महीने बाद किया गया। अध्ययन में 16 वर्ष की आयु सीमा से ठीक नीचे और उससे ऊपर के किशोरों की तुलना कर कानून के प्रभाव को अलग से समझने का प्रयास किया गया। अध्ययन के अनुसार, अनुवर्ती सर्वेक्षण के समय 16 वर्ष से कम आयु के 85 प्रतिशत से अधिक बच्चे अब भी प्रतिबंधित सोशल मीडिया मंचों का उपयोग कर रहे थे जिनमें से अधिकतर बच्चे अपने स्वयं के खातों के जरिए इन मंचों तक पहुंच रहे थे।

## ऑफ बीट

# महासागर पहले कभी हरे रंग के हुआ करते थे



महासागर धरती के करीब तीन चौथाई हिस्से पर फैले हैं जिससे यह ग्रह आकाश से हल्के नीले रंग का दिखता है। लेकिन 'नेचर पत्रिका' में प्रकाशित एक अध्ययन रिपोर्ट में जापानी शोधकर्ताओं ने यह दावा किया है कि पृथ्वी के महासागर कभी हरे हुआ करते थे। प्राचीन काल में पृथ्वी के महासागरों के अलग रंग में दिखने का संबंध उनके रसायन विज्ञान और प्रकाश संश्लेषण के विकास से है। भूविज्ञान के स्नातक छात्र के रूप में, मुझे ग्रह के इतिहास को रिकॉर्ड करने के लिहाज से 'बैंडेड आयरन' संरचना के रूप में जाने जाने वाले एक प्रकार के 'चट्टानी जमाव' के महत्व के बारे में पढ़ाया गया था। 'बैंडेड आयरन' संरचना का जमाव आर्कियन और पैलियोप्रोटेरोजोइक युग में लगभग 3 .8 से 1 .8 अरब साल पहले हुआ था। उस समय जीवन महासागरों में एक कोशिका वाले जीवों तक ही सीमित था। महाद्वीप ग्रे, भूरे और काले रंग की चट्टानों और जमा तलछटों का एक बंजर परिदृश्य था। महाद्वीपीय चट्टानों पर गिरने वाली बारिश की बूंदों से उसमें विद्यमान लोहा घुलकर नदियों के जरिये महासागरों में पहुंच गया। लोहे के अन्य स्रोत समुद्र तल पर ज्वालामुखी थे। यह लोहा (आयरन) बाद में महत्वपूर्ण हो गया होगा।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

### जामसांवली आये भक्तों की कार पुलिया से नीचे गिरी

# नागपुर-छिंदवाड़ा मार्ग पर तीन सड़क हादसे, 5 घायल



**पहली घटना**

नागपुर मार्ग पर ग्राम जाम के पास जोबंनधाना निवासी आकाश तुमडॉम अपनी मोटरसाइकिल से जा रहे थे। तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। आकाश इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद सौसर से नागपुर रेफर किया गया है। ग्रामीणों ने पुलिस एवं एंबुलेंस को सूचना थी जिसके बाद में अस्पताल से मुंह पर गंभीर चोटे होने के चलते नागपुर रेफर किया गया है।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

नागपुर-छिंदवाड़ा मार्ग और चमत्कारिक हनुमान मंदिर, जामसावली के आसपास का क्षेत्र गुरुवार को दुर्घटनाओं का केंद्र बन गया। एक ही दिन में हुई तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं ने क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया है। इन हादसों में एक महिला समेत कुल पांच लोग घायल हुए हैं, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। मौके पर 'यू फॉर एच फाउंडेशन' की एम्बुलेंस देवदूत बनकर पहुंची और घायलों को समय रहते अस्पताल पहुँचाया।

**दूसरी घटना**

छिंदवाड़ा मार्ग पर स्थित ओम साईं इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के सामने मोटरसाइकिल दुर्घटना हुई, जिसमें दो युवक घायल हो गए। दोनों युवक रामाकोना निवासी बताए जा रहे हैं जिनका का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सौसर में उपचार किया जा रहा है।

**तीसरी घटना**

तीसरा हादसा श्री चमत्कारी हनुमान मंदिर जामसावली से दर्शन कर लौट रहे वरुड़ निवासी उइके परिवार के साथ हुआ है। दिनेश उइके अपनी पत्नी रूबीना उइके और बच्चों के साथ अल्टो कार एम एच 26 वी 1528 से नागपुर मार्ग बजाज जोड़ की ओर लौट रहे थे। तभी बजाज जोड़ के पास सामने से तेज गति से आ रहे वाहन को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे जा गिरी। इस हादसे में 35 वर्षीय रूबीना उइके के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं, जबकि बच्चों को भी मामूली चोटें आई हैं। सभी का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की टीम के द्वारा उपचार किया है।

**यू फॉर एच फाउंडेशन' बना घायलों के लिए देवदूत**

इन तीनों दुर्घटनाओं में 'यू फॉर एच फाउंडेशन' की टीम ने तत्परता दिखाते हुए एम्बुलेंस के माध्यम से सभी घायलों को तत्काल सौसर अस्पताल पहुँचाया, जिससे समय रहते उनका उपचार शुरू हो सका। लगातार हो रहे इन हादसों ने सड़कों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नागपुर-छिंदवाड़ा मार्ग पर यातायात का दबाव लगातार बढ़ रहा है, लेकिन सड़कों की स्थिति और सुरक्षा मानकों में कोई सुधार नहीं हो रहा है। फिलहाल, सौसर पुलिस तीनों मामलों को दर्ज कर मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

## आकाशीय बिजली की मार से दीवार ढही, दीवार की चपेट में आकर 9 वर्षीय बालक की मौत



**वारासिवनी।** बालाघाट जिले के वारासिवनी थाना क्षेत्र के तुमाड़ी गांव में गुरुवार शाम आकाशीय बिजली गिरने से शौचालय की दीवार ढह गई। इस हादसे में 9 वर्षीय रियांश नगपुरे (पिता जितेंद्र नगपुरे) की मौत हो गई, जो दीवार के मलबे में दब गया था। परिजनों ने उसे तत्काल सिविल अस्पताल वारासिवनी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पड़ोसी जयराम गौतम ने बताया कि रियांश गांव के शासकीय स्कूल में तीसरी कक्षा का छात्र था। वह गुरुवार को शाम करीब 4:30 बजे स्कूल से घर लौटा था। इसके बाद वह घर से कुछ दूरी पर स्थित शौचालय गया था। इसी दौरान खराब मौसम के चलते शौचालय पर आकाशीय बिजली गिरी, जिससे दीवार गिर गई और रियांश उसकी चपेट में आ गया। थाना प्रभारी पवन यादव ने बताया कि बालक स्कूल से आने के बाद शौचालय गया था, जहां आकाशीय बिजली गिरने से दीवार ढह गई और वह उसमें दब गया। सिविल अस्पताल में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बालक के शव को सुरक्षित फ्रीजर में रखवा दिया है और शुक्रवार को उसका पोस्टमार्टम कराया जाएगा।बताया गया है कि घटना के समय घर में केवल बालक की मां मौजूद थीं। उन्होंने ही पड़ोसियों को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद रियांश को अस्पताल ले जाया गया।

## मानसून के पूर्व नर्मदा से ढुल रही रेत

**तेंदूखेड़ा।** इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली प्रमुख नदियों के साथ जीवन रेखा मां नर्मदा के पावन तट ककरा घाट से प्रतिदिन दिन रेत कंपनी के लोगों द्वारा टेक्ट्रर ट्राली के माध्यम से रेत बेंची जा रही है। चूंकि यह क्रम लगातार जारी बना हुआ है।रेत खदान आवंटन ना होने के बाबजूद भी माइनिंग विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से मां नर्मदा के आंचल को छलनी किया जा रहा है। मानसून की दस्तक के पूर्व यहां से बड़ी संख्या में रेत ढुलवा कर बरसात के दिनों में मनमाने दामों में बेंचा जाता है। चूंकि हाल ही में जिला प्रशासन द्वारा रेत के अवैध भंडार को लेकर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यवाही तो की जा रही है। तेंदूखेड़ा गाडरवारा सड़क मार्ग पर स्थित मां नर्मदा के ककरा घाट की भी वस्तु स्थिति और रेत के भंडारों पर कार्यवाही के लिए प्रबुद्ध वर्ग के लोगों ने मांग की है। बरसात के दिनों में यही रेत 5 से 6 हजार रुपए प्रति ट्राली के हिसाब से बेंची जाती है। चूंकि ट्रालियों का भी कोई माप नहीं होता है। और ना ही इनका कोई माप तौल का मापदंड। जरुरतमंदों को मजबूरीबश रेत खरीदनी पड़ती है।

## देवगांव टोल के पास दो बाइकों की भिड़ंत

**छतरपुर।** जिले के राजनगर थाना क्षेत्र के देवगांव टोल प्लाजा के समीप हुए दर्दनाक सड़क हादसे में पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे 24 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान अजय अहिरवार पुत्र रामू अहिरवार निवासी बंदरगढ़, थाना राजनगर के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार बुधवार रात करीब 9 बजे देवगांव टोल प्लाजा के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में अजय अहिरवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंची।

## खाई में गिरने से युवक की मौत, सड़क हादसे में 10 वर्षीय बालक ने गंवाई जान



**अनूपपुर।** जिले के कोतवाली एवं जैतहरी थाना क्षेत्र में हुए दो अलग-अलग हादसों में एक युवक और एक नाबालिग बालक की मौत हो गई। दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भालूमाड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम देवरी की बड़ी मौहरी निवासी विनोद कुमार साहू अपने परिवार के सात सदस्यों के साथ मां नर्मदा के दर्शन करने अमरकंटक गए थे। दर्शन के बाद सभी लोग कार क्रमांक एपी-18-जेडसी-2522 से घर लौट रहे थे। इसी दौरान किरर घाट में सिद्धबाबा के नीचे सामने से आ रही कार क्रमांक एमपी-51-सीए-6950 से उनकी कार की भिड़ंत हो गई। हादसे में 10 वर्षीय आयुष साहू पिता विनोद कुमार साहू गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। दुर्घटना में कार में सवार अन्य लोग भी घायल हुए हैं, जिनका उपचार जिला चिकित्सालय अनूपपुर में जारी है। गुरुवार सुबह जिला चिकित्सालय स्थित पुलिस सहायता केंद्र में पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं दूसरी घटना जैतहरी थाना क्षेत्र के ग्राम बैहार के दुखवाटोला की है। यहां 45 वर्षीय पचलू बैगा पिता स्वर्गीय ऐतू बैगा की 60 फीट गहरी खाई में गिरने से मौत हो गई। गुरुवार सुबह सूचना मिलने पर थाना प्रभारी अमर वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से शव को खाई से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम कराया। परिजनों के अनुसार पचलू बैगा को मिर्गी की बीमारी थी और संभवतः देर रात किसी कार्य से घर से बाहर निकले दौरान चक्कर आने से खाई में गिर गए। पुलिस ने दोनों मामलों में जांच प्रारंभ कर दी है।

# कपिलधारा अमरकंटक में सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल, टूटा कांच बना हादसे का कारण



**अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक के प्रसिद्ध पर्यटन एवं धार्मिक स्थल कपिलधारा जलप्रपात में सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर गंभीर चिंता का विषय सामने आया है। जानकारी के अनुसार कपिलधारा क्षेत्र में लगाए गए सुरक्षा कांच (ग्लास बैरियर) का एक हिस्सा टूट गया है, जिससे किसी भी समय बड़ी दुर्घटना होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों एवं स्थानीय लोगों के अनुसार टूटे हुए कांच के कारण पर्यटकों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है। कपिलधारा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने पहुंचते हैं। ऐसे में सुरक्षा अवरोधक के क्षतिग्रस्त होने से किसी भी प्रकार की अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि संबंधित विभाग को तत्काल संज्ञान लेते हुए टूटे हुए कांच को हटाकर नई एवं मजबूत सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए, ताकि पर्यटकों और श्रद्धालुओं की जान-माल की सुरक्षा बनी रहे। लोगों ने यह भी मांग की है कि कपिलधारा सहित अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों पर नियमित निरीक्षण की व्यवस्था की जाए, जिससे इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। गौरतलब है कि अमरकंटक प्रदेश के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन केंद्रों में शामिल है, जहां वर्षभर हजारों श्रद्धालु एवं पर्यटक पहुंचते हैं। ऐसे में सुरक्षा संबंधी छोटी सी लापरवाही भी बड़े हादसे का रूप ले सकती है। नागरिकों ने प्रशासन एवं संबंधित विभाग से शीघ्र कार्रवाई कर क्षेत्र को सुरक्षित बनाने की मांग की है। स्थानीय लोगों का मानना है कि समय रहते आवश्यक मरम्मत एवं सुरक्षा प्रबंध नहीं किए गए तो भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। प्रशासन से अपेक्षा की जा रही है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए तत्काल प्रभाव से आवश्यक कदम उठाए जाएं।

## 10 हजार से अधिक प्राचीन पांडुलिपियों का हुआ दस्तावेजीकरण, खोज जारी

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

प्राचीन ज्ञान, दुर्लभ अभिलेखों और ऐतिहासिक ताड़पत्रों के संरक्षण तथा उन्हें भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित करने के उद्देश्य से जिले में ज्ञान भारतम मिशन के तहत राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। कलेक्टर हर्षल पंचोली के कुशल मार्गदर्शन में जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद् की विशेष टीम ने अब तक जिले में 10,544 प्राचीन पांडुलिपियों को खोजकर उनकी जानकारी आधिकारिक ऐप पर अपलोड कर दी है। सर्वेक्षण टीम द्वारा अमरकंटक और उसके आस-पास के क्षेत्रों में सघन अभियान चलाकर इन बहुमूल्य धरोहरों को संकलित किया जा रहा है, और आने वाले दिनों में इस आंकड़े में और बड़ी वृद्धि होने की संभावना है। सर्वेक्षण के दौरान टीम ने क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्वान पंडित कामता प्रसाद द्विवेदी के पास सुरक्षित उनके पूर्वजों द्वारा लिखित अत्यंत दुर्लभ पांडुलिपियों को खोज निकाला है।

# युवती ने रील बनाकर अवैध हथियार का किया प्रदर्शन

**रीवा।** जिले में हाल ही में हुई ताबड़तोड़ फायरिंग और अवैध हथियारों से जुड़ी घटनाओं के बीच अब सोशल मीडिया पर एक युवती का अवैध हथियार के साथ प्रदर्शन किए जाने का मामला सामने आया है। युवती ने हथियार के साथ वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर रील के रूप में साझा किया, जो देखते ही देखते वायरल हो गई। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस महकमे में भी हलचल मच गई है। जानकारी अनुसार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर मनु_रीवा नामक आईडी से दो अलग-अलग रील पोस्ट की गई हैं, जिनमें एक युवती हाथ में पिस्तौलनुमा हथियार लिए दिखाई दे रही है। वीडियो में युवती हथियार का प्रदर्शन करते हुए नजर आ रही है। बताया जा रहा है कि वायरल रील को हजारों लोग देख चुके हैं और लगातार यह वीडियो सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर साझा किया जा रहा है।गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से रीवा शहर में अवैध हथियारों के प्रदर्शन, खुलेआम फायरिंग और आपराधिक गतिविधियों से जुड़े मामलों में वृद्धि देखने को मिली है। हाल ही में शहर में हुई फायरिंग की घटनाओं के बाद पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई की रणनीति बनाई गई है। इसके लिए अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन भी किया गया है, ताकि जिले में अवैध हथियारों की तस्करी, खरीद-फरोख्त और प्रदर्शन पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। इसी बीच सोशल मीडिया पर वायरल हुए इस वीडियो ने पुलिस की कार्यप्रणाली और कानून-व्यवस्था को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। बताया जा रहा है कि इससे पूर्व भी सोशल मीडिया पर अवैध पिस्तौल के साथ वीडियो कॉल करने वाले एक युवक के खिलाफ समान थाना पुलिस ने कार्रवाई की थी। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हथियार बरामद कर उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। इसके बावजूद सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन थमने का नाम नहीं ले रहा है।मामले को लेकर जब रीवा पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरुकरण सिंह से चर्चा की गई तो उन्होंने वायरल वीडियो की जांच कराने की बात कही। एसपी ने संबंधित अधिकारियों को वीडियो की सत्यता, हथियार की वैधता तथा युवती की पहचान की जांच के निर्देश दिए हैं।



## अवैध रेत से भरे डंपर ने महिला को कुचला, ग्रामीणों में फूटा आक्रोश

**छतरपुर।** सरबई क्षेत्र में अवैध रेत खनन का कारोबार एक बार फिर जानलेवा साबित हुआ। रामपुर घाट में अवैध रेत से ओवरलोड एक बेकाबू डंपर ने सड़क पार कर रही एक महिला को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की खबर फैलते ही क्षेत्र में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया और ग्रामीणों ने अवैध खनन व प्रशासनिक लापरवाही के खिलाफ नाराजगी जताई और सड़क पर जाम लगा दिया।स्थानीय लोगों का आरोप है कि रामपुर घाट क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन करने वाले ओवरलोड ट्रक, डंपर और ट्रैक्टर दिन-रात तेज रफ्तार से दौड़ते हैं, जिससे आम लोगों की जान लगातार खतरे में बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि यह पहली घटना नहीं है, बल्कि ऐसे वाहनों की चपेट में आकर अब तक कई लोगों की जान जा चुकी है। हादसे के बाद लोगों ने शासन-प्रशासन पर भी गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना है कि खनन माफियाओं के सामने प्रशासन पूरी तरह बेबस नजर आता है। अवैध खनन और ओवरलोड वाहनों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से माफियाओं के हौसले लगातार बुलंद हैं। ग्रामीणों ने दोषी वाहन चालक और अवैध खनन में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के साथ क्षेत्र में अवैध खनन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

### झलवार के बाद अब चंसुरा में किसान को उतारा मौत के घाट

# बांधवगढ़ बफर जोन में आदमखोर का खूनी तांडव

**वन अमले के खिलाफ फूटा ग्रामीणों का गुस्सा**

उमरिया।

बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व के पनपथा वन परिक्षेत्र में एक बाघ पूरी तरह से आदमखोर हो चुका है। झलवार गांव में दो मासूम जिंदगियों को बेरहमी से लीलने के बाद, इस खूंखार बाघ ने महज 5 किलोमीटर दूर चंसुरा गांव में अपना अगला शिकार ढूंढ लिया। गुरुवार की अलसुबह महुआ का फल (गोही) बीनने गए 58 वर्षीय किसान अन्नू रजक पिता काशी रजक पर झाड़ियों में घात लगाए बैठे बाघ ने पीछे से जानलेवा हमला कर दिया। बाघ अन्नू को घसीटते हुए घने जंगल में ले गया, जहाँ उसने दम तोड़ दिया।



**दो दिन में तीन मौतें**

इलाके में बाघ के इस खूनी खेल से कोहराम मचा हुआ है। अभी दो दिन पहले ही झलवार गांव में इसी बाघ ने फूल बाई और उसके भतीजे कल्याण सिंह को अपना निवाला बनाया था। उस खौफनाक मंजर की राख अभी ठंडी भी नहीं हुई थी कि चँसुरा में तीसरी मौत से पूरा इलाका दहल उठा है। ग्रामीणों का आरोप है कि वन अमला हाथ पर हाथ धरे बैठा है और अधिकारी एसी कमरों से बाहर निकलने को तैयार नहीं हैं।

**हाथियों की मदद से खोजा शव**

घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने जब शोर मचाया, तब जाकर वन अमले की नींद टूटी। मौके पर हाथियों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर मृतक अन्नू रजक का क्षत-विक्षत शव बरामद किया गया, जिसे पोस्टमार्टम के लिए अमरपुर अस्पताल भेजा गया है। अस्पताल परिसर में भी ग्रामीणों का भारी आक्रोश देखने को मिला। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि इस आदमखोर बाघ को तुरंत ट्रेंकुलाइज (पकड़ा) नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन को मजबूर होंगे।

## जंगल क्षेत्र में 45 मवेशियों से भरा ट्रक पकड़ा, आरोपीयों पर प्रकरण दर्ज

**नैनपुर।** पुलिस अधीक्षक मंडला राजेश रघुवंशी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा तथा एसडीओपी नैनपुर मनीष राज के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी नैनपुर निरीक्षक मंशाराम वगेन के नेतृत्व में थाना नैनपुर पुलिस द्वारा पशुओं के प्रति क्रूरता करने वाले आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई है। इस संबंध में थाना नैनपुर में पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। दिनांक 24.06.2026 को थाना नैनपुर पुलिस को भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम हमनगांव एवं मलधा के बीच जंगल क्षेत्र में एक ट्रक में बड़ी संख्या में मवेशियों को भरकर रखा गया है। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर जांच की गई। मौके पर ट्रक क्रमांक MP20 ZK 3507 खड़ा मिला। ट्रक की तलाशी लेने पर उसमें 45 नग भैंस एवं बछड़े/बोड़े अत्यंत क्रूरतापूर्वक रस्सियों से बांधकर ठूंस-ठूंस कर भरे पाए गए। मौके पर उपस्थित व्यक्तियों ने अपने नाम इरफान कुरैशी एवं मो. इरशाद कुरैशी बताए। मौके पर ही मोटर सायकल क्रमांक MP51 JE 9418 तथा डिलक्स मोटर सायकल क्रमांक MP17 HC 3012 भी मिली। समक्ष गवाहों की उपस्थिति में विधिवत कार्यवाही करते हुए सभी 45 मवेशियों तथा संबंधित वाहनों को जब्त किया गया। प्रारंभिक जांच में यह पाया गया कि आरोपियों द्वारा मवेशियों को भूखा-प्यासा रखकर, रस्सियों से अमानवीय एवं क्रूरतापूर्वक बांधकर परिवहन किया जा रहा था।

# 20 किलो से अधिक गांजा और 22 लाख की कार जब्त, तस्कर फरार

छतरपुर।

थाना सिविल लाइन पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम कदारी के पास से 20 किलो 420 ग्राम अवैध गांजा एवं उड़ीसा राज्य में पंजीकृत टाटा नेक्सन कार जब्त की है।

बरामद मादक पदार्थ और वाहन की कुल अनुमानित कीमत करीब 22 लाख रुपये बताई गई है। मामले में फरार आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशानुसार जिले में अवैध मादक पदार्थों के संग्रह, उत्पादन, विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत थाना सिविल लाइन पुलिस को रात्रि गश्त के दौरान ग्राम कदारी के पास गांजा तस्करी की सूचना मिली। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां फार्म हाउस के सामने सड़क किनारे खड़ी एक संदिग्ध कार की विधिवत तलाशी लेने पर उसमें से 20 किलो 420 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने अवैध गांजा और तस्करी में प्रयुक्त उड़ीसा नंबर की टाटा नेक्सन कार को जब्त कर लिया। फरार आरोपी के विरुद्ध थाना सिविल लाइन में एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश और मामले की विवेचना में जुटी हुई है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सिविल लाइन निरीक्षक आशुतोष श्रोत्रिय, सहायक उप निरीक्षक सीताराम अहिरवार, आरक्षक हरेंद्र, अरविंद, हरिशरण, सूरजभान सहित पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।



## मैहर में जमीनी विवाद में खूनी संघर्ष,14 घायल

**मैहर।** जिले के अमरपाटन थाना अंतर्गत कहरी गांव में बुधवार रात जमीन से जुड़े पुराने विवाद को लेकर बंसल समाज के दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। विवाद की शुरुआत विवादित जमीन पर पानी भरने की मामूली बात से हुई,जिसने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया। दोनों ओर से लाठी-डंडे और धारदार हथियार चलने के कारण 7 महिलाओं समेत कुल 14 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल में बेड की कमी के कारण डॉक्टरों को मजबूरी में गंभीर मरीजों का इलाज बरामदे और वार्ड के फर्श पर लिटाकर करना पड़ा। सभी घायलों की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल सतना रेफर कर दिया।



# ऋतिक ने पूरी की जेलर 2 की शूटिंग, निर्देशक ने की तारीफ

**मुंबई**। बॉलीवुड स्टार ऋतिक रोशन ने रजनीकांत की फिल्म जेलर 2 में अपने खास कैमियो रोल की शूटिंग पूरी कर ली है। बताया जा रहा है कि एक्टर ने चेन्नई में दो दिन के शूटिंग शेड्यूल में अपना हिस्सा पूरा किया है। नेल्सन दिलीप कुमार ने 'जेलर 2' में ऋतिक रोशन के लिए एक बहुत ही शानदार किरदार तैयार किया है। उनका एक दमदार सीक्वेंस है। इसके बाद रजनीकांत के साथ एक सीन है। शूटिंग खत्म होने पर डायरेक्टर नेल्सन ने दोनों एक्टर्स की जमकर तारीफ की। सेट पर मौजूद लोगों के लिए दोनों सुपरस्टार्स को एक साथ देखना बहुत सुखद अनुभव था।

लाइफ Style



# रिया
## पूरी तरह से खत्म नहीं होता ट्रॉमा

एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती ने एक बार फिर सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद आए मुश्किल दौर के बारे में बात की। साथ ही उनके भाई शोविक चक्रवर्ती ने याद किया कि कैसे एक घटना ने उनका पूरा जीवन बदलकर रख दिया। इस दौरान एक्ट्रेस ने ड्रग मामले और अपनी गिरफ्तारी को लेकर भी बात की।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रिया चक्रवर्ती अपने भाई शोविक चक्रवर्ती के साथ नेहा धूपिया और अंगद बेदी के चैट शो 'डबल डेट' पर पहुंचे। इस दौरान भाई-बहन ने सुशांत सिंह राजपूत की मौत मामले और इससे जुड़ी ड्रग्स की जांच के सिलसिले में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा 2020 में अपनी गिरफ्तारी के बारे में बात की। रिया चक्रवर्ती ने उस अनुभव के मानसिक असर और यह कैसे उनके साथ बना हुआ है, इस पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि ट्रॉमा पूरी तरह से खत्म नहीं होता और इंसान के इमोशनल सिस्टम का हिस्सा बन जाता है। यह ऐसी चीज नहीं है जिससे आप पूरी तरह उबर सकें। यह ट्रॉमा है। अगर दिमाग में नहीं, तो शरीर में तो यह रहता ही है। ठीक होने के लिए लगातार कोशिश और सपोर्ट की जरूरत होती है। जैसा कि शोविक कह रहे थे, पीटीएसडी होता है। आप अपनी थेरेपी करवाते हैं और इसका सामना करते हैं। रिकवरी लगातार चलती रहती है ।रिया ने इस बारे में भी बात की कि कैसे उनका अनुभव लगातार लोगों की नजर में रहा, जिससे स्थिति और भी गंभीर हो गई और उसे समझना मुश्किल हो गया। उन्होंने कहा कि भले ही बीता हुआ समय उनकी जिंदगी का हिस्सा बना हुआ है।

हॉलीवुड मसाला



# तलाक के बाद नहीं किया किसी को डेट

**लॉस एंजिल्स**। एंजेलिना जोली इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'कौचर' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। जोली अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी प्राइवेट रहती हैं, लेकिन उनके पूर्व पति ब्रैड पिट से उनका चर्चित अलगाव सालों तक चर्चा में रहा। हाल ही में, एंजेलिना जोली ने अपनी डेटिंग लाइफ के बारे में बात की और बताया कि ब्रैड पिट से अलग होने के बाद से वे किसी भी रिश्ते में नहीं रही हैं। एंजेलिना जोली ने माना कि उनकी जिंदगी में रोमांस पीछे छूट गया है, क्योंकि उन्होंने खुद को अपने छह बच्चों की परवरिश में लगा दिया है।



# मेरा हॉलीवुड कॅरियर आज भी बॉलीवुड से फीका ...

**लॉस एंजिल्स**। बॉलीवुड के साथ-साथ हॉलीवुड में भी बड़ा नाम कमा चुकीं प्रियंका चोपड़ा जोनस ने प्रड्यूसर बनने और अमेरिका में अपने कॅरियर को आगे बढ़ाने को लेकर खुलकर बातें कीं। उन्होंने यह भी कहा कि अब हॉलीवुड में नए कलाकारों और फिल्म प्रड्यूसर के लिए एंट्री की बाधाएं पहले की तुलना में काफी कम हो गई हैं। हालांकि, उन्होंने ये भी कहा है कि इतने सारे इंटरनेशनल फिल्मों और सीरीज में काम करने के बावजूद हॉलीवुड में उनका काम भारतीय सिनेमा में उनके द्वारा अर्जित किए गए काम की तुलना में फीका पड़ जाता है। प्रियंका ने कम बजट की सफल हॉरर फिल्म 'ऑब्सेशन' का उदाहरण देते हुए कहा कि आज के दौर में प्रतिभाशाली लोगों के लिए अवसरों के नए दरवाजे खुल रहे हैं।



# चौहान फिल्म में अजय का फौजी अवतार...

**मुंबई**। अजय देवगन अब अपने फैन्स के सामने 'चौहान' के रूप में एक नए और दमदार अवतार में वापसी कर रहे हैं। यह फिल्म फिल्म निर्माता आनंद एल राय के साथ उनकी पहली फिल्म है। फिल्म को जियो स्टूडियोज प्रड्यूस कर रहा है। दिवंगत एक्शन डायरेक्टर वीरू देवगन की जयंती पर उन्हें याद करते हुए, फिल्म निर्माताओं ने फिल्म में अजय देवगन का 'चौहान' के रूप में पहला लुक जारी किया, जिससे ये साफ हो गया है कि फिल्म दमदार और एक्शन से भरपूर है। इस अनाउंसमेंट वीडियो की शुरुआत एक उग्र प्रदर्शन की झलकियों से होती है, जिसके साथ दमदार डायलॉग बैकग्राउंड में सुनाई दे रहा है। इसमें कहा जा रहा है, 'चौराहे पर 300 लड़के थे, घर सिर्फ 270 पहुंचे। 30 लड़के कम हैं।'



# प्रहार का टीजर रिलीज वकील बने राजकुमार

**मुंबई**। राजकुमार राव की नई फिल्म आ रही है 'प्रहार', जिसका दमदार टीजर रिलीज कर दिया गया है। टीजर रिलीज होते ही छा गया है और राजकुमार राव की तारीफ हो रही है। यह एक बायोग्राफिकल फिल्म है, जिसमें राजकुमार राव जाने-माने वकील उज्जवल निकम के रोल में हैं। यह उनके अब तक के करियर का सबसे चैलेंजिंग रोल माना जा रहा है। 'प्रहार' को अविनाश अरुण ने डायरेक्ट किया है और यह मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बनी है। इसमें राजकुमार राव के अलावा वामिका गब्बी और जयदीप अहलावत भी मौजूद हैं। यह फिल्म 7 अगस्त को थिएटर्स में रिलीज होगी। फिल्म में वामिका गब्बी ने राजकुमार राव की पत्नी का किरदार निभाया है, जबकि जयदीप अहलावत एक अन्य वकील बने हैं। 'प्रहार' के टीजर की शुरुआत राजकुमार के किरदार उज्जवल निकम से होती है।

टीवी मसाला

# साल 2000 का वो गाना, जिसका बच्चा-बच्चा हो गया था दीवाना...

**नई दिल्ली**। साल 2000 के दौर का एक ऐसा ही गाना, जिसको लेकर कहा जा सकता है कि कुछ गाने सिर्फ सुने नहीं जाते, बल्कि जिए जाते हैं। इसकी धुन सुनते ही बच्चों के कदम खुद-ब-खुद स्कूल की तरफ बढ़ने लगते थे।



एक समय था जब सुबह की शुरुआत अलार्म से नहीं, बल्कि टीवी पर बजने वाली इसी प्यारी सी धुन से हुआ करती थी। ये वो गाना था जिसने बच्चों को गुनगुनाना सिखाया। इसकी धुन सुनते ही बच्चे झूम उठते थे और बड़े मुस्कुरा देते थे। गली-मोहल्लों से लेकर गांव और शहर तक हर तरफ इसी गाने की चर्चा थी। खास बात ये थी कि ये सिर्फ एक गाना नहीं था, बल्कि एक ऐसा संदेश था जिसने लाखों बच्चों को स्कूल की ओर कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। आज भी इसकी धुन सुनते ही लोग सीधे अपने बचपन की सुनहरी गलियों में पहुंच जाते हैं। अगर आप अब तक नहीं समझ पाए हैं कि हम किस गाने की बात कर रहे हैं तो आपको बता दें कि ये वही 'स्कूल चले हम' है, जिसे सुनकर एक पूरी पीढ़ी बड़ी हुई है। 'स्कूल चले हम' उस दौर के उन चुनिंदा गानों में शामिल था, जिसे सुनने के लिए बच्चे खुद टीवी के सामने बैठ जाया करते थे। आज की तरह तब हर मिनट नया कंटेंट नहीं आता था, इसलिए जो चीज लोगों के दिल में जगह बना लेती थी, वो लंबे समय तक याद रहती थी। इस गाने की धुन इतनी आसान और प्यारी थी कि बच्चे इसे खेलते-कूदते, साइकिल चलाते और स्कूल जाते वक्त भी गुनगुनाते रहते थे। यही वजह थी कि ये गीत देखते ही देखते घर-घर की पहचान बन गया। शान की आवाज ने इस गाने को और खास बना दिया था।

## तुलसी और अनुपमा की राह में रोड़ा बनीं 'गंगा माई की बेटियां'

**नई दिल्ली**। दर्शकों की पसंद टीवी सीरियल के मामले में तेजी से बदली है। अब तक जहां टीवी सीरियल 'अनुपमा' और 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' टीआरपी लिस्ट में टॉप पर बने रहते थे, लेकिन अब ये टॉप 5 में बने रहने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।



सीरियल 'गंगा माई की बेटियां' ने पिछले दो-तीन हफ्ते से टीआरपी लिस्ट में टॉप 5 में अपने लिए जगह बनाई है। इस सीरियल को 24वें हफ्ते में 1.9 की रेटिंग मिली है। यह सीरियल पहले स्थान पर है। सीरियल 'वसुधा' 24वें हफ्ते में टीआरपी लिस्ट में दूसरे नंबर पर रहा है। इसकी 1.8 की टीआरपी रेटिंग रही है। यह सीरियल एक सीधी सरल की लड़की वसुधा की जिंदगी और उसके प्यार की कहानी को बयां करता है। शरद केलकर स्टारर सीरियल 'तुम से तुम तक' भी दर्शकों को पसंद आ रहा है। इस सीरियल को 24वें हफ्ते में 1.7 की रेटिंग मिली है, टीआरपी लिस्ट में यह तीसरे नंबर पर है। यह सीरियल ऐसे कपल की कहानी कहता है, जिनके बीच में उम्र का बड़ा फासला है। 'नागिन 7' 24वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में चोथे नंबर पर है। इसे 1.6 की रेटिंग मिली है। इस सीरियल की टीआरपी बढ़ी है।

# लोग महाभारत समझते हैं... तो मेरी फिल्म क्यों नहीं : इम्तियाज

**मुंबई**। इम्तियाज अली की फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' सिनेमाघरों में जोरदार तरीके से चल रही है। लोग फिल्म को अभी भी देखने जा रहे हैं। इस बीच, फिल्ममेकर ने कहा है कि अगर लोग महाभारत समझ सकते हैं तो मेरी फिल्म क्यों नहीं। चमत्कार होते हैं, और इम्तियाज अली की नई फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' के साथ कुछ ऐसा ही हुआ है। बंटवारे के दौर की प्रेम कहानी वाली इस फिल्म ने धीमी शुरुआत के बावजूद बॉक्स ऑफिस पर अपनी जगह बना ली है और अब देश भर के कई सिनेमाघरों में हाउसफुल चल रही है। फिल्ममेकर के लिए यह बेहद खुशी का पल है। वे खुद कई थिएटर जाकर दर्शकों का शुक्रिया अदा कर रहे हैं कि वे बड़ी संख्या में आए और फिल्म को सपोर्ट किया। इम्तियाज अली की बेटी इदा अली के इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए एक ऐसे ही डायलॉग में, हाउसफुल स्क्रीनिंग के बाद फिल्म निर्माता दर्शकों से बातचीत करते और आभार जताते हुए दिखाई दे रहे हैं। उन्हें कहते हुए सुना जा सकता है, 'लोगों की शक्ति में मेरी उम्मीद को फिर से जगाने के लिए धन्यवाद। मुझे लगातार कहा जाता है कि लोग समझेंगे नहीं, कि अगर आप दर्शकों को खुश करना चाहते हैं, तो सिर्फ एक खास तरह की फिल्में बनाएं। यहां आने के लिए धन्यवाद।'



उन्होंने आगे कहा, 'मैंने अपने इंटरव्यू में लाखों बार कहा है कि अगर लोग महाभारत समझ सकते हैं, तो वे मेरी फिल्में क्यों नहीं समझ पाएंगे? मुझमें ही कुछ कमी होगी, मैं भी आप सबके लिए सुधार करने की कोशिश कर रहा हूं।' लेकिन, न केवल मेरा बल्कि इस देश के सभी भाषाओं के 100 फिल्म निर्देशकों का आत्मविश्वास फिर से जगाने के लिए धन्यवाद। बहुत-बहुत धन्यवाद। फिल्ममेकर सिद्धार्थ आनंद, जो अभी शाहरुख खान के साथ 'किंग' की शूटिंग कर रहे हैं, उन्होंने 'मैं वापस आऊंगा' देखने के लिए भी समय निकाला। बुधवार को डायरेक्टर ने एक्स पर फिल्म और दर्शकों से मिल रहे अच्छे रिस्पॉन्स की तारीफ की। अपनी बात शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, 'कितनी खूबसूरत फिल्म है!

# आज सिनेमाघरों में 5 नई फिल्में होंगी रिलीज



**नई दिल्ली**। शुक्रवार 26 जून को हमारे-आपके नजदीकी सिनेमाघरों में 5 नई फिल्में रिलीज हो रही हैं, जिसमें हिंदी के दर्शकों के लिए सबसे बड़ी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' है। इसके अलावा 'रामायण' की सीता मैया यानी दीपिका चिखलिया भी एक फैमिली ड्रामा 'तेरा मेरा नाता' लेकर आ रही हैं। हॉलीवुड से भी तीन बड़ी फिल्में रिलीज हो रही हैं। इनमें 'सुपरगर्ल', 'द इनवाइट', और 'जैकऐसः बेस्ट एंड लास्ट' भी आ रही है।

***वेलकम टू द जंगल*** : वेलकम टू द जंगल बॉलीवुड की सुपरहिट कॉमेडी 'वेलकम फ्रैंचाइज' की तीसरी किस्त है। यह 2015 में आई 'वेलकम बैक' के लगभग एक दशक बाद आ रही है। इस बार फिल्म का पैमाना बहुत बड़ा है। डायरेक्टर अहमद खान ने 30 से अधकि दिग्गज कलाकारों की फौज तैयार की है।

***सुपरगर्ल*** : डीसी यूनिवर्स के फैंस को सुपरगर्ल फिल्म का लंबे समय से इंतजार रहा है। यह फिल्म कारा जोर-एल किरदार पर आधारित है, जो अपनी गहरी भावनात्मक और आत्मा-खोज की यात्रा पर है। उसके चचेरे भाई काल-एल (सुपरमैन) को अब उसकी सुरक्षा की आवश्यकता नहीं है। ऐसे में दिशाहीन महसूस कर रही सुपरगर्ल के पास न्याय की आस लगाए एक लड़की आती है। कारा जोर-एल की यह कहानी क्रिप्टोनियन की है। उसने अपना बचपन अपनी दुनिया और परिवार को मरते हुए देखने में बिताया। पृथ्वी पर बिना किसी मकसद के घूम रही कारा, रूथी नाम की लड़की के साथ मिलकर 'येलो हिल्स' के बेरहम 'क्रेम' को रोकने के लिए एक कॉस्मिक सफर पर निकलती है। अपने कजिन सुपरमैन के उलट, कारा के मन में क्रिप्टन पर बिताए बचपन की गहरी चोटें (ट्रॉमा) हैं। दुश्मन उसके प्यारे कुत्ते 'क्रिप्टो' को घायल कर देता है। अब सुपरगर्ल बदला लेने के लिए किसी भी हद तक जाने वाली है।

***तेरा मेरा नाता*** : तेरा मेरा नाता एक फैमिली ड्रामा फिल्म है। यह प्यार, परिवार और भावनात्मक रिश्तों की दिल को छू लेने वाली कहानी है। 79वें कान फिल्म फेस्टिवल में इसका प्रीमियर हुआ था। अब यह सिनेमाघरों में आ रही है।

***द इनवाइट*** : ओलिविया वाइल्ड के डायरेक्शन में बनी द इनवाइट एक खट्टी-मीठी सेक्स कॉमेडी और मैरिटल ड्रामा है। यह सैन फ्रांसिस्को में रहने वाले एक शादीशुदा जोड़े, जो और एंजेला के बारे में है। अपनी बोरिंग जिंदगी से बाहर निकलने के लिए वे अपने घर के ऊपरी मंजिल पर रहने वाले ग्लैमरस और एडवेंचरस पड़ोसी हॉक और पीना को डिनर पर बुलाते हैं।

***जैकऐसः बेस्ट एंड लास्ट*** : जैकऐसः बेस्ट एंड लास्ट बेहद पॉपुलर 'जैकऐस सीरीज' की आखिरी फिल्म है। इसके साथ ही यह फ्रैंचाइजी खत्म हो जाएगी। इसमें नए और खतरनाक स्टंट्स और प्रैंक के साथ फ्रैंचाइज के क्लासिक यादगार पलों को भी जोड़ा गया है।


## एक्टर्स ने 45 दिन तक पहने थे एक ही कपड़े, जीता था नेशनल अवॉर्ड

# पांच लाख किसानों ने 2-2 रुपए देकर प्रोड्यूस की थी ये फिल्म

### जब किसानों ने लिखी भारतीय सिनेमा की नई कहानी

'मंथन' की कहानी गुजरात के दुग्ध सहकारी आंदोलन और श्वेत क्रांति से प्रेरित थी। फिल्म के निर्माण के लिए गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (GCMMF) से जुड़े लगभग पांच लाख दुग्ध उत्पादक किसानों ने दो-दो रुपये का योगदान दिया था। यही वजह है कि इसे भारत की पहली क्राउड-फंडेड फिल्म भी कहा जाता है। फिल्म में गिरीश कर्नाड, स्मिता पाटिल, नसीरुद्दीन शाह, अमरीश पुरी और कुलभूषण खरबंदा जैसे दिग्गज कलाकार नजर आए. रिलीज के समय गांवों में बैलगाड़ियों और ट्रकों में भरकर किसान इस फिल्म को देखने सिनेमाघरों तक पहुंचे थे, क्योंकि उन्हें लगता था कि यह उनकी अपनी कहानी है।

**नई दिल्ली**। भारतीय सिनेमा में कई ऐसी फिल्में बनी हैं, जिन्होंने सिर्फ मनोरंजन ही नहीं बल्कि समाज को भी नई दिशा देने का काम किया। ऐसी ही एक फिल्म थी 'मंथन', जिसने अपनी कहानी से जितनी पहचान बनाई, उससे कहीं ज्यादा चर्चा इसके बनने के तरीके ने बटोरी। साल 1976 में रिलीज हुई श्याम बेनेगल निर्देशित इस फिल्म को किसी बड़े प्रोडक्शन हाउस ने नहीं, बल्कि करीब पांच लाख किसानों ने दो-दो रुपए का योगदान देकर बनाया था। उस दौर में यह अपने आप में अनोखा प्रयोग था। फिल्म ने राष्ट्रीय स्तर पर सराहना हासिल की और बाद में राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी जीता। आज भी 'मंथन' भारतीय समानांतर सिनेमा की सबसे महत्वपूर्ण फिल्मों में गिनी जाती है।



### श्याम बेनेगल थे निर्देशक

फिल्म को पूरी तरह वास्तविक बनाने के लिए निर्देशक श्याम बेनेगल ने कलाकारों से मेकअप और कॉस्ट्यूम पर खास ध्यान देने को कहा. रिपोर्ट्स के मुताबिक, कई प्रमुख कलाकारों ने शूटिंग के दौरान पानी की कमी के कारण करीब 45 दिनों तक वही एक जैसे कपड़े पहने, ताकि उनके किरदारों की वास्तविकता बनी रहे और गांव का माहौल पर्दे पर बिल्कुल असली लगे।

### अपने नाम किया राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार

फिल्म ने अपनी दमदार कहानी, शानदार अभिनय और सामाजिक संदेश के दम पर सर्वश्रेष्ठ हिंदी फीचर फिल्म का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार अपने नाम किया. वर्षों बाद भी 'मंथन' भारतीय सिनेमा के इतिहास में एक मील का पत्थर मानी जाती है।

**खबर संक्षेप**

### फंड्स इंडिया ने जुटाई 446 मिलियन की राशि

**बेंगलुरु।** फंड्स इंडिया ने सिक्योर्ड नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर्स का अपना पहला प्राइवेट प्लेसमेंट पूरा कर लिया है और इसके जरिए 446 मिलियन की राशि जुटाई हैं। इन पैसों का इस्तेमाल फंड्सइंडिया की टेक्नोलॉजी को बेहतर बनाने और अपने प्लेटफॉर्म को और मज़बूत करने जाएगा। कंपनी के ग्रुप सीईओ, अक्षय सप्रू ने कहाकि निवेशकों को फंड्सइंडिया के प्लेटफ़ॉर्म और लंबे समय के लिए हमारी सोच पर कितना भरोसा है।

### नामदेव फिनवेस्ट बनी लिमिटेड कंपनी

**जयपुर।** नामदेव फिनवेस्ट लिमिटेड ने अपनी विकास यात्रा में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियों की घोषणा की है। इनमें कंपनी का लिमिटेड कंपनी में परिवर्तन तथा आईसीआरए द्वारा इसकी दीर्घकालिक क्रेडिट रेटिंग को बढ़ाकर ए- किया जाना शामिल है। ये उपलब्धियां कंपनी के विकास के अगले चरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

### एचसीजी कैंसर हॉस्पिटल का सर्वाइवर मीट

**इंदौर।** राष्ट्रीय कैंसर सर्वाइवर माह के अवसर पर एचसीजी कैंसर हॉस्पिटल इंदौर ने कैंसर सर्वाइवर्स मीट का आयोजन किया। कार्यक्रम में कैंसर सर्वाइवर्स, उनके देखभालकर्ता, डॉक्टरों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने भाग लिया तथा कैंसर के बाद के जीवन, साहस, दृढ़ता और जीत का उत्सव मनाया। यह कार्यक्रम कैंसर सर्वाइवर्स के लिए एक ऐसा मंच बना, जहां कैंसर से उबरने तक की अपनी व्यक्तिगत यात्राओं को साझा किया।

### आस्था स्पिनटेक्स का आईपीओ 29 से शुरू

**मुंबई।** आस्था स्पिनटेक्स लिमिटेड अपने इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग को सोमवार, 29 जून 2026 को खोलने जा रही है। कंपनी का लक्ष्य आईपीओ के जरिए 170 करोड़ रुपए जुटाने का है। आईपीओ का कुल आकार 170 करोड़ रुपए है, जबकि इसका प्राइस बैंड 125 से 136 रुपए प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। यह निर्गम सोमवार, 29 जून 2026 को खुलेगा और बुधवार, 1 जुलाई 2026 को बंद होगा।

### लॉरिट्ज ने किया 50 गीगा वॉट सोलर को सक्षम बनाया

**मुंबई।** लॉरिट्ज नुडसेन इलेक्ट्रिकल ने घोषणा की, कि उसकी इलेक्ट्रिकल और डिजिटल टेक्नोलॉजीज ने भारत और दुनिया के अन्य बाजारों में 50 गीगावॉट से ज़्यादा सोलर क्षमता को संचालित करने में अहम भूमिका निभाई है। यह उपलब्धि दिखाती है कि लॉरिट्ज नुडसेन का फोकस सिर्फ सोलर क्षमता बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि सोलर ऊर्जा को बड़े पैमाने पर लोगों तक पहुंचाने पर है।

## 80 हजार से अधिक घरों तक पीएनजी की पहुंच, 8 से ज्यादा रिहायशी सोसाइटी बनीं एलपीजी-फ्री जोन

# भोपाल और राजगढ़ में बढ़ रहा थिंक गैस का नेटवर्क 206 किमी पाइपलाइन नेटवर्क का विकास कार्य तेज

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन क्षेत्र की अग्रणी कंपनी थिंक गैस ने भोपाल और राजगढ़ में अपने प्राकृतिक गैस नेटवर्क का तेजी से विस्तार किया है। कंपनी ने लगभग 100 किलोमीटर स्टील पाइपलाइन चालू कर दी है, जबकि कुल 206 किलोमीटर पाइपलाइन नेटवर्क का विकास कार्य प्रगति पर है। इसके साथ ही पीई पाइपलाइन का व्यापक नेटवर्क भी तैयार किया गया है, जिससे 80 हजार से अधिक घरों तक पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की पहुंच सुनिश्चित हुई है।

उक्त जानकारी गुरूवार को आयोजित पत्रकारवार्ता में थिंक गैस के भोपाल एवं शिवपुरी जीए के रीजनल हेड डीएस दुर्गेश ने दी। इस मौके पर थिंक गैस के वाइस प्रेसीडेंट अमूल कुलकर्णी, ब्रम्हानंद तिवारी, शलभ शर्मा, मनीष विश्वकर्मा और आशुतोष गौतम मौजूद थे।



इस मौके पर डीएस दुर्गेश कहा कि कंपनी कुछ महीनों में 6,000 नए घरेलू पीएनजी कनेक्शन प्रदान करने की योजना पर कार्य कर रही है। इसके अलावा 25 से अधिक नए औद्योगिक और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को भी नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। वर्तमान में कंपनी इस क्षेत्र में 42 सीएनजी स्टेशन संचालित कर रही है, जिनमें बगरोदा स्थित एक एलसीएनजी स्टेशन भी शामिल है।

### स्टेशनों के उन्नयन की योजना

आने वाले छह महीनों में नए सीएनजी स्टेशन शुरू करने तथा मौजूदा स्टेशनों के उन्नयन की योजना है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय तथा पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) के सहयोग से थिंक गैस भोपाल और राजगढ़ क्षेत्र में घरों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और उद्योगों तक स्वच्छ, सुरक्षित और भरोसेमंद ऊर्जा पहुंचाने के लिए कार्य कर रही है। कंपनी के पास वर्तमान में 43,000 से अधिक स्थापित पीएनजी कनेक्शन हैं, जिनमें से 29,139 उपभोक्ताओं को नियमित गैस आपूर्ति शुरू की जा चुकी है। इसके अलावा कंपनी 117 व्यावसायिक और 49 औद्योगिक उपभोक्ताओं को भी सेवाएं प्रदान कर रही है।

### कंपनी की एक महत्वपूर्ण पहल एलपीजी-फ्री जोन

नेटवर्क विस्तार के तहत बगरोदा औद्योगिक क्षेत्र, गोविंदपुरा, अचारपुरा और पीलूखेड़ी जैसे प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों तक भी पीएनजी नेटवर्क का विस्तार किया जा रहा है। कंपनी की एक महत्वपूर्ण पहल एलपीजी-फ्री जोन है, जिसे उन क्षेत्रों में लागू किया जाता है जहां पीएनजी नेटवर्क पूरी तरह स्थापित हो चुका है। भोपाल की 8 से अधिक रिहायशी सोसायटियों को पहले ही एलपीजी-फ्री जोन घोषित किया जा चुका है और आने वाले समय में कई अन्य सोसायटियों को भी इसमें शामिल किए जाने की संभावना है। इस पहल के तहत किसी घर में पीएनजी कनेक्शन सक्रिय होने के बाद परिवार को अपने एलपीजी कनेक्शन को सरेंडर करने के लिए 30 दिन का समय दिया जाता है। यह प्रक्रिया एलपीजी कंपनियों के पोर्टल या मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन पूरी की जा सकती है। इसके अतिरिक्त मायपीएनजीडॉट इन के जरिए भी आवेदन किया जा सकता है, जहां डिस्ट्रीब्यूटर घर से सिलेंडर संग्रहण की सुविधा उपलब्ध कराता है। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि थिंक गैस घर-घर तक पीएनजी पहुंचाने के लिए पाइपलाइन कनेक्टिविटी, मीटर एवं प्रेशर कंट्रोल सिस्टम, डिजिटल ग्राहक पंजीकरण सुविधाओं तथा सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था को और मजबूत बना रही है।

## बोवनी के इस महत्वपूर्ण समय में डीजल की उपलब्धता प्रभावित

# डीजल संकट गहराया: मप्र में सप्लाई प्रभावित, 3 दिन में मिल रही आपूर्ति

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में डीजल की आपूर्ति प्रभावित होने से पेट्रोल पंप संचालकों और किसानों की चिंता बढ़ गई है।

प्रदेश के भोपाल, सागर, जबलपुर सहित अधिकांश डिपो ड्राई होने की कगार पर पहुंच गए हैं। स्थिति यह है कि जहां पहले पेट्रोल पंपों को एक दिन में डीजल की आपूर्ति हो जाती थी, वहीं अब ऑर्डर के बाद 3 दिन तक इंतजार करना पड़ रहा है। मध्यप्रदेश पेट्रोल पंप ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय



सिंह ने बताया कि वर्तमान में खरीफ सीजन की बोवनी का दौर चल रहा है। खेतों में ट्रैक्टर और कृषि यंत्रों के संचालन के लिए किसानों की डीजल पर निर्भरता बढ़ गई है। ऐसे समय में डीजल की सप्लाई प्रभावित होने से ग्रामीण क्षेत्रों में किल्लत के हालात बनने लगे हैं।

### जामनगर रिफाइनरी में मेंटेनेंस कार्य, असर ऑयल कंपनियों के डिपो पर

अजय सिंह ने कहाकि गुजरात के जामनगर स्थित रिफाइनरी में मेंटेनेंस कार्य चलने के कारण वहां से डीजल की आपूर्ति प्रभावित हुई है। इसका असर मध्यप्रदेश के डिपो पर दिखाई दे रहा है, जहां पर्याप्त मात्रा में स्टॉक नहीं पहुंच पा रहा है। परिणामस्वरूप प्रदेशभर में डीजल की सप्लाई बाधित हो रही है।



अजय सिंह

### सप्लाई चेन प्रभावित, दबाव बढ़ा

पंप संचालक समीर भार्गव का कहना है कि ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में किसान डीजल लेने पहुंच रहे हैं। यदि अगले कुछ दिनों में आपूर्ति सामान्य नहीं हुई तो कई पंपों पर डीजल का स्टॉक समाप्त होने की आशंका है। जबलपुर के एक पंप संचालक का कहना है कि सप्लाई चेन प्रभावित होने से दबाव बढ़ गया है।

### प्रशासन और तेल कंपनियों की नजर

पेट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि तेल कंपनियां सप्लाई व्यवस्था को सामान्य बनाने के प्रयास कर रही हैं। उम्मीद है कि रिफाइनरी में मेंटेनेंस कार्य पूरा होने के बाद आगामी दिनों में स्थिति में सुधार आएगा। फिलहाल प्रदेश के अधिकांश डिपो सीमित स्टॉक के सहारे मांग पूरी करने में जुटे हुए हैं।


**आवश्यकता**

आवश्यकता है- भारत के सबसे बड़े राइड-बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें। ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन रू 500-रू 1000 तक की गारंटीड कमाई करें बिना किसी कमीशन के। जुड़ने के लिए कॉल करें - 8929449955 (रायपुर /26/जून 26)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।





## एक प्रदेश-दो कानून, 'विसंगति' न्यायसंगत नहीं

चेंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष की नगर निगम आयुक्त से भेंट

# व्यवसायिक लाइसेंस शुल्क को समाप्त करने की मांग उठी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

व्यापारियों को व्यवसायिक लाइसेंस शुल्क से राहत मिलने की उम्मीद जगी है। भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष गोविंद गोयल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन से मुलाकात कर भोपाल में लागू व्यवसायिक लाइसेंस शुल्क को समाप्त करने की मांग उठाई। प्रतिनिधिमंडल ने आयुक्त को बताया कि मध्यप्रदेश के अन्य किसी भी नगरीय निकाय में यह शुल्क लागू नहीं है, जबकि भोपाल में अब भी व्यापारियों पर इसका बोझ बना हुआ है।



चेंबर का कहना है कि यह स्थिति "एक प्रदेश–दो कानून" जैसी विसंगति पैदा करती है और व्यापारियों के साथ न्यायसंगत नहीं है। बैठक में चेंबर के संचालक एवं समिति संयोजक अनिल चुग ने बताया कि 21 अप्रैल 2023 को नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा व्यवसायिक लाइसेंस शुल्क लागू किया गया था, लेकिन व्यापारियों के विरोध और विभिन्न विसंगतियों के चलते 25 अप्रैल 2023 को इसे पूरे प्रदेश में स्थगित कर दिया गया। इसके बावजूद भोपाल में यह शुल्क जारी है।

### शुल्क को समाप्त कराने के लिए प्रयासरत

नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि वे संबंधित दस्तावेजों और शासन के आदेशों का अध्ययन कर मामले की विस्तृत जानकारी लेंगी तथा इसके समाधान और संभावित समाप्ति के लिए सकारात्मक प्रयास करेंगी। इस अवसर पर गोविंद गोयल ने कहा कि भोपाल चेंबर लंबे समय से इस शुल्क को समाप्त कराने के लिए प्रयासरत है। इस संबंध में सांसदों, मंत्रियों, महापौर, विधायकों और प्रशासनिक अधिकारियों से लगातार पत्राचार और संवाद के माध्यम से व्यापारियों की भावनाएं पहुंचाई गई हैं।

### कॉपरटेक ने रखा 2.35 करोड़ रुपए का लक्ष्य

**मुंबई।** वेदांता रिसोर्सेज द्वारा स्थापित कॉपर एवं कोबाल्ट उत्पादक कंपनी कॉपरटेक मेटल्स ने अपने प्रस्तावित प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए रोडशो शुरू कर दिया है। कंपनी न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध होने की तैयारी कर रही है और उसका प्रस्तावित टिकर सिंबल सीयूएक्स होगा। कंपनी 2.35 करोड़ शेयर जारी कर लगभग 423.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर जुटाने की योजना बना रही है। शेयरों का मूल्य दायरा 16 से 18 अमेरिकी डॉलर प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। इस मूल्यांकन के आधार पर कॉपरटेक मेटल्स का संभावित बाजार मूल्य लगभग 3.57 अरब अमेरिकी डॉलर (करीब 3.6 अरब डॉलर) हो सकता है।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

**कार्य विवरण:** तीन वर्ष की अवधि के लिए अनूपपुर (APR) रेलवे स्टेशन के निर्दिष्ट स्थान (100 वर्ग फुट क्षेत्र) पर मसाज चेयर/कुर्सियों की स्थापना, रखरखाव और संचालन के लिए लाइसेंसधारक के खर्च पर लाइसेंस हेतु लाइसेंस के आवंटन हेतु ई–नीलामी आमंत्रित की गई है। ई–नीलामी कैटलॉग पहले ही दिनांक 16.06.2026 को आईआरईपीएस वेबसाइट (https://ireps.gov.in) पर प्रकाशित किया जा चुका है। विवरण इस प्रकार हैं:

**कैटेलॉग क्र.:** APR-RCHAIR-26, **श्रेणी:** Misc-Static-Services-Relaxation Chair

**नीलामी दिनांक एवं समय:** 03.07.2026 12:30:00

**लॉट क्रमांक:** MSS-BSP-APR-MaChr-136-26-1, **लॉट विवरण:** अनूपपुर (APR) रेलवे स्टेशन के निर्दिष्ट स्थान (100 वर्ग फुट क्षेत्र) पर मसाज चेयर/कुर्सियों की स्थापना, रखरखाव और संचालन के लिए लाइसेंसधारक के खर्च पर लाइसेंस, **अनुबंध अवधि:** 1096 दिन

सहायक वाणिज्य प्रबंधक (माल भाड़ा-II)
द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

सीपीआर/10/पीएच/224

South East Central Railway @secrail



**वनमण्डल अधिकारी, वनमण्डल अनूपपुर (म. प्र.)**
E-Mail-dfotanppur@mp.gov.in Phone-07659-222038

क्रमांक/भण्डार/2026/3317 अनूपपुर/ दिनाँक 23/06/2026

**ई - निविदा प्रेस विज्ञप्ति सूचना**

वन मण्डल अनूपपुर अंतर्गत वानिकी कार्यो एवं भवन निर्माण कार्यो में उपयोग हेतु सामग्री की आवश्यकता है। सामग्री प्रदाय करने हेतु एम. पी. ई- टेन्डरिंग पद्धति के माध्यम से ऑनलाईन पोर्टल https/mptenders.gov.in के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु सामग्री का विवरण एवं स्पेशिफिकेशन निम्नानुसार है

| क्र. | सामग्री का नाम | ईकाई | दर (जी.एस.टी. सहित) रुपए प्रति ईकाई |
|---|---|---|---|
| 1 | सीमेंट पी.पी.सी. (50Kg) | प्रति बैग | |
| 2 | सीमेंट ओ.पी.सी. (50Kg) 43 Grade | प्रति बैग | |
| 3 | गिट्टी 08 एम.एम. | प्रति घ.मी. | |
| 4 | गिट्टी 10 एम.एम. | प्रति घ.मी. | |
| 5 | गिट्टी 12 एम.एम. | प्रति घ.मी. | |
| 6 | गिट्टी 20 एम.एम. | प्रति घ.मी. | |
| 7 | गिट्टी 40 एम.एम. | प्रति घ.मी. | |
| 8 | गिट्टी 60 एम.एम. | प्रति घ.मी. | |
| 9 | गिट्टी 90 एम.एम. | प्रति घ.मी. | |
| 10 | लोहा सरिया (छड़) 6 एम. एम. टी. एम. टी. | प्रति किग्रा. | |
| 11 | लोहा सरिया (छड़) 8 एम. एम. टी. एम. टी. | प्रति किग्रा. | |
| 12 | लोहा सरिया (छड़) 10 एम. एम. टी. एम. टी. | प्रति किग्रा. | |
| 13 | लोहा सरिया (छड़) 12 एम. एम. टी. एम. टी. | प्रति किग्रा. | |
| 14 | लोहा सरिया (छड़) 16 एम. एम. टी. एम. टी. | प्रति किग्रा. | |
| 15 | रेत (नदी का साफ रेत, लाल वाली, नदी से प्राप्त) मानक इकाई उच्च गुणवत्ता युक्त प्रति घ.मी.। | प्रति घ.मी. | |
| 16 | लाल ईट 9"x4"x3" (चिमनी ए-ग्रेड वाली, भट्ठा में पूर्ण पकी हुयी मानक इकाई प्रति नग होनी चाहिये)। | प्रति नग | |
| 17 | फ्लाई एस ईट (मानक इकाई उच्च गुणवत्ता युक्त)। | प्रति नग | |
| 18 | स्टोन डस्ट, जीरा गिट्टी (मानक इकाई उच्च गुणवत्ता युक्त)। | प्रति घ.मी. | |
| 19 | हार्ड मुरुम (मानक इकाई उच्च गुणवत्ता युक्त)। | प्रति घ.मी. | |
| 20 | 20 टी. एम. टी. वाईडिंग वायर 18 Gauge | प्रति किग्रा. | |

निविदा में भाग लेने तथा निविदा खोलने की तिथि एवं समय की जानकारी निम्नानुसार है :-

| विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| Tender Publishing Date & Time | Date 24/06/2026 Time 10:00 AM | निविदा आनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in परदर्शित है। |
| Tender Sale Start Date & Time | Date 24/06/2026 Time 10:00 AM | |
| Pre Bid Meeting Date | Date 01/07/2026 Time 12:30 PM | |
| Bid Submission Start Date & Time | Date 24/06/2026 Time 10:00 AM | |
| Bid Submission closing Date & Time | Date 14/07/2026 Time 05:00 PM | |
| Bid Opening Date & Time | Date 16/07/2026 Time 11:00 AM | |

निविदादाता निविदा की सूचना एवं सामग्रियों के विस्तृत विवरण हेतु एवं अन्य संबंधित जानकारी वेबसाईट https://mptenders.gov.in एवं विभाग की वेबसाईट https://mpforest.gov.in पर देख सकते है।

वन मण्डलाधिकारी
वन मण्डल अनूपपुर

G-14918/26 "स्वच्छता ही सेवा"


## राशिफल

**मेष** – कुटुम्ब–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

**वृष** – कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धन आगमन की स्थितियां बनी रहेंगी।

**मिथुन** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अति उत्साही होने से बचें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वाणी के प्रभाव में वृद्धि

**कर्क** – अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** – कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद की स्थिति बन सकती है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कन्या** – कुटुम्ब–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। आय की स्थिति में सुधार होगा। संयत रहें। क्रोध के क्रोध से परेशान रहेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**तुला** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।

**वृश्चिक** – आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**धनु** – कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। पठन–पाठन में रुचि रहेगी।

**मकर** – वाणी में सौम्यता रहेगी। नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** – स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में सुधार होगा।

**मीन** – शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश यात्रा पर जाना हो सकता है। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।


## टैक्स लॉ बार एसोसिएशन की स्टडी सर्किल बैठक संपन्न

# जीएसटीएटी प्रक्रिया, चुनौतियां और मुकदमेबाजी पर हुई चर्चा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

टैक्स लॉ बार एसोसिएशन, भोपाल द्वारा आयोजित मासिक स्टडी सर्किल बैठक में जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। वाणिज्यिक कर भवन, अरेरा हिल्स स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में अधिवक्ताओं, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और कर सलाहकारों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। बैठक के प्रथम सत्र में वरिष्ठ कर विशेषज्ञ सीए संदीप मुखर्जी ने जीएसटीएटी प्रक्रिया, व्यावहारिक चुनौतियां और उभरते मुकदमेबाजी परिदृश्य विषय पर व्याख्यान देते हुए जीएसटीएटी की कार्यप्रणाली, अपील प्रक्रिया, व्यवहारिक चुनौतियों और उभरते विवादों के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जीएसटीएटी की स्थापना से करदाताओं और कर पेशेवरों को विवादों के समाधान के लिए एक प्रभावी मंच मिलेगा। दूसरे सत्र में सीए अंकुर अग्रवाल ने जीएसटीएटी के समक्ष अपील दायर करते समय महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश विषय पर प्रस्तुति देते हुए अपील दाखिल करने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, समय-सीमा और तकनीकी त्रुटियों से बचने के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने प्रतिभागियों के प्रश्नों का भी विस्तार से उत्तर दिया।

## शब्द पहेली - 6268



**बाएँ से दाए-**
1. छुट्टी, रजा-4
3. वध, आघात-4
5. दशानन-3
7. अनमोल, अनूठा-3
8. अनाथ, बेसहारा-3
10. खजूर-3
11. रहम करना-2,3
14. गहराई नापना-2,3
17. लगातार, सतत-5
20. संतुष्ट होना-2,3
23. बीच में, दौरान-3
24. खुश, आनंदित-3
25. शिक्षा-3
26. शोक-3
27. जांचना, परखना-4
28. धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

**ऊपर से नीचे**
2. मयखाना, मधुशाला-5
3. प्रेमकहानी-5
4. चापलूसी-4
6. नटना, वचन तोड़ना-4
7. फिजूल, व्यर्थ-3
9. अव्यवस्थित समूह, भीड़-3
12. गुजर करना-3
13. वेग, गति-3
15. खूबसूरत-3
16. पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17. गुजारिश, मांग-4
18. सुअर-3
19. गुस्सा होना-5
20. ममतापूर्ण-5
22. अयोग्य, असंगत-4

**शब्द पहेली -6267 का हल**



## सूडोकु नवताल- 6278

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 6277 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |



सारा की नाक बहुत तेज थी। वह झट से बता देती थी कि यह किस सब्जी, फल-फूल या मिठाई की खुशबू है। यहां तक कि यह भी बता देती थी कोई इत्र किस फूल का है। लेकिन एकाएक सारा की खुशबू पहचानने की क्षमता गायब हो गई। उसे लगा, उसके आस-पास बिखरी खुशबू कोई चुरा ले गया। क्या वास्तव में कोई खुशबू चोर था? बच्चो, पढ़ो बहुत प्यारी-सी कहानी।



# खुशबू चोर को पकड़ो

कहानी
सूर्यनाथ सिंह

सारा गांव, सारा की नाक का कायल था। किसके घर में किस चीज की सब्जी बन रही है, कौन-सी दाल पक रही है, सारा दूर से ही सूंघ कर पहचान लेती थी। यहां तक कि कौन, किस साबुन से नहा कर आया है, वह झट से बता देती। सारा की आंखें बंद करके मिठाई की दुकान में खड़ा कर दो, तो वह सूंघ कर बता देती कि कौन-सी मिठाई कहां रखी है। वह बहुत सारी खुशबुओं की मिली-जुली गंध में से भी अलग-अलग खुशबुओं की पहचान कर सकती थी। उसे इत्र की दुकान में खड़ा कर दो, तो वह बता देती कि वहां कितने तरह के फूलों के इत्र रखे हैं। मोगरा, चमेली, गुलाब, केवड़ा, रातरानी, चंपा, चंदन, हरसिंगार, ऐसा कोई भी फूल-फल, जड़ी-बूटी नहीं, जिसकी गंध सारा को मालूम नहीं।

सारा के तो सपनों में भी सुगंध आती। उसे सपने में फूलों से भरे बाग-बगीचों के ही आते। सपने में देखती कि वह तरह-तरह के फूलों से भरे सुंदर बगीचे में घूम रही है। वहां बहुत सारी रंग-बिरंगी तितलियां उड़ रही हैं। भंवरे गुनगुना रहे हैं। उसे सपने में अकसर कोई ऐसी तितली नजर आ जाती, जैसी उसने पहले कभी नहीं देखी। कोई तितली आकर सारा के सिर पर बैठ जाती, तो कोई देर तक उसकी हथेली पर बैठी रहती। कभी-कभी तो उसे लगता कि किसी तितली ने कहीं दूर से कोई खास गंध लाकर उसकी हथेली पर रख दी है। वह तितली शायद उस गंध के बारे में सारा को कुछ बताने की कोशिश भी करती। लेकिन अफसोस कि सारा को उसकी बात समझ नहीं आती।

गांव वाले सारा की गंध सूंघने की क्षमता की तारीफ करते, तो उसे बहुत अच्छा लगता। मगर एक अफसोस उसके मन में सदा बना रहता कि वह तितलियों से बातें नहीं कर पाती। अगर वह तितलियों की जुबान समझती, तो शायद उसे तरह-तरह की सुगंध के बारे में बहुत सारी जानकारियां मिल पातीं। वह हमेशा यही सोचती रहती कि किस तरह तितलियों की भाषा समझी जा सकती है। उसने मम्मी से पूछा, पापा से पूछा, मंदिर के पुजारी से पूछा। लेकिन किसी ने कोई ऐसा तरीका नहीं बताया, जिससे तितलियों की जुबान समझी जा सके।

एक दिन सारा ने अपनी सबसे प्यारी अध्यापिका से भी पूछा कि तितलियों की बातें कैसे समझी जा सकती हैं? उन्होंने कहा, 'तितलियों की भाषा को कूट रूप में समझने के आंकड़े उपलब्ध हैं। विज्ञान ने इस पर बहुत काम किया है। तुम अपनी विज्ञान की अध्यापिका से पूछो, वह ठीक से बता पाएंगी।' लेकिन सारा को तो विज्ञान अध्यापिका जरा भी पसंद नहीं थीं। एक तो उनका स्वभाव बहुत रूखा था, फिर उनका पूरा जोर इस बात पर होता कि जो बातें किताब में लिखी हैं, उन्हीं पर ध्यान केंद्रित करो। किताब की बातें अगर ठीक से समझ गए, तो आगे का रास्ता बहुत आसान हो जाएगा। किताब से बाहर की बातों पर वे कक्षा में बातें ही नहीं करतीं। जबकि, सारा के पास तो किताबों से बाहर की बातें ही ज्यादा होतीं। दूसरे, सारा का विज्ञान और गणित से भी छत्तीस का ही रिश्ता था। विज्ञान के सिद्धांत उसे बिलकुल पल्ले नहीं पड़ते थे। इसलिए सारा ने तितलियों की भाषा समझने के लिए विज्ञान अध्यापिका से ज्ञान लेने की कोशिश नहीं की।

सारा का अनुभव किताबों के ज्ञान से बड़ा था। वह बड़े गर्व से सबको बताती कि सारा संसार सुगंध से भरा है। इस धरती पर ऐसी कोई वस्तु नहीं, जिसकी अपनी कोई खास गंध न हो।

सारा सुगंध के अपने सुगंधित अनुभवों के साथ बड़ी हो रही थी। वह जैसे-जैसे बड़ी हो रही थी, वैसे-वैसे उसके अनुभव भी बड़े हो रहे थे। उसके सपनों की दुनिया भी बदल रही थी। ऐसे ही बदलते अनुभवों और सपनों के बीच एक रात उसे सपना आया कि वह एक ऐसी जगह पहुंच गई है, जहां कोई खुशबू नहीं। दुर्गंध ही दुर्गंध है। चारों तरफ सड़ी-गली, बदबूदार चीजें बिखरी हुई हैं। दूर-दूर तक कोई फूल नहीं, कोई पेड़-पौधा नहीं, हरी घास का तिनका तक नहीं। सब तरफ कचरे का काला बजबजाता वातावरण। तेज, तीखी दुर्गंध से उसकी नाक जैसे जलने लगी थी। वह नींद में पसीने-पसीने हो गई। नींद खुल गई। वह उठ कर बिस्तर पर बैठ गई थी। पहली बार उसे बोध हुआ कि सारा संसार सुगंध से भरा नहीं है। दुनिया में बहुत कुछ बदबूदार भी है। उस सपने के बाद सारा कुछ उदास हो गई थी। गंभीर रहने लगी थी। उसके भीतर अपने आस-पास के बाहर की दुनिया को जानने की जिज्ञासा जोर मारने लगी थी। तब उसे किताबों की बातों पर भरोसा कुछ बढ़ गया था।



ऐसे ही एक दिन, सारा सोकर उठी तो महसूस किया कि उसे किसी भी चीज की गंध नहीं आ रही। वह घबरा गई। वह भागी फूलों के बगीचे की तरफ। उसे वहां भी कोई गंध महसूस नहीं हुई। उसने एक-एक फूल को पकड़ कर, नाक से लगा कर सूंघना शुरू किया। लेकिन उनमें पहले जैसी खुशबू नहीं रह गई थी। सारा परेशान हो गई। उसे लगा कि संसार की सुगंध किसी ने रातों-रात चोरी कर ली है। वह वहीं बगीचे में बैठ कर रोने लगी। कुछ देर रोते रहने के बाद उसने अपने आंसू पोंछे और घर लौट आई। मां को बताया, पापा को बताया कि कोई फूलों की खुशबू चुरा ले गया है। उसे किसी भी चीज से कोई खुशबू नहीं आ रही। मम्मी-पापा को हैरानी तो हुई, पर सारा की बात समझ में नहीं आई। उन्होंने सोचा, सारा बच्ची है, और बच्चों को इस तरह के ख्याल इस उम्र में आते ही रहते हैं। कोई फूलों की खुशबू कैसे चुरा सकता है! उन्होंने सारा को यह बात समझाने की कोशिश भी की, लेकिन सारा भला कहां समझने वाली थी। उसे तो किसी भी तरह खुशबू चोर को पकड़ना था। सारा के मौसा पास के थाने में थानेदार थे। पापा को लेकर सारा उनके पास पहुंच गई। उसने बड़े अधिकार भाव से कहा कि खुशबू चोर को पकड़िए। पहले तो मौसा हंसे, फिर गंभीर हो गए। उन्होंने सारा के पापा को समझाया, 'इसे किसी अच्छे डॉक्टर को दिखाओ। यह किसी बीमारी का लक्षण लगता है।'

सारा को डॉक्टर के पास ले जाया गया। डॉक्टर ने बहुत सारी जांचें करवाईं। जांच में सब कुछ सामान्य था। सारा के मम्मी-पापा ने राहत की सांस ली कि उसे कोई बीमारी नहीं है। लेकिन सारा की समस्या तो जस की तस बनी हुई थी। तब डॉक्टर ने उसे समझाया, 'तुमने विज्ञान की किताब में तो पढ़ा ही होगा कि भाप बन कर उड़ने वाले सूक्ष्म बैक्टीरिया सुगंध या किसी भी तरह की गंध को पैदा करते हैं। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु में हो रहे तेजी से बदलाव की वजह से बहुत सारे हानिकारक बैक्टीरिया पैदा हो रहे हैं, तो बहुत सारे बैक्टीरिया नष्ट भी हो रहे हैं। प्रदूषण फैलता हुआ तुम्हारे गांव तक आ गया है, जो खुशबू पैदा करने वाले बैक्टीरिया को मार रहा है। इसीलिए, अब फूलों की खुशबू पहले की तरह वातावरण में नहीं फैल पाती। तुम्हारी खुशबू चुराने वाला कोई और नहीं, यह पर्यावरणीय प्रदूषण है।'

डॉक्टर की बातें सुनकर सारा की चिंता और बढ़ गई। वह सोचने लगी कि इस खुशबू चोर को कैसे पकड़े और सजा दे। वह फिर से फूलों में खुशबू भरने के उपाय सोचने लगी थी। दिन-रात किताबों में डूबी रहने लगी। उसे विश्वास था कि एक न एक दिन, उसके चारों तरफ फिर से उसी तरह सुगंध तैरेगी, जिस तरह पहले तैरा करती थी। वह उस खुशबू चोर के बारे में जितना पढ़ती, समस्या समाधान का उसका हौसला उतना ही बढ़ता जाता। *

कविता / राजेंद्र श्रीवास्तव

## मानसून कब तक आएगा!

सूरज तमक रहे तमतम जी,
पल-पल होते और गरम जी।
सीधी-तिरछी तीखी-किरणें,
जमकर नाच रहीं ऊधम जी।
नाच रही लू वाली लपटें,
दिखा रहीं अपना दमखम जी।

घर से जरा देर ही निकले,
छूट पसीने में तर हम जी।
मानसून कब तक आएगा,
कब करवट लेगा मौसम जी।
कब छाएंगे काले-बादल,
कब होगी वर्षा झम-झम जी।




प्राकृतिक आश्चर्य
नयनतारा

बच्चो, तुमने रेनबो जरूर देखा होगा और माउंटेन भी! आज हम तुम्हें एक अनोखे माउंटेन के बारे में बता रहे हैं, जो रेनबो जैसा दिखता है।

## रेनबो जैसा दिखने वाला अनोखा माउंटेन विनीकुंका

बच्चो, कुछ लैंडस्केप इतने खूबसूरत, इतने अद्भुत-अविश्वसनीय होते हैं कि उन्हें देखकर आंखें खुली की खुली रह जाती हैं। ऐसा लगता है कि किसी ने उसे रंगों से सजाया-संवारा है। हमारी पृथ्वी पर ऐसी अनेक अद्भुत-अविश्वसनीय जगहें हैं।

**रेनबो माउंटेन विनीकुंका:** पेरू की एंडीज पर्वत श्रृंखला में 5 हजार मीटर से भी अधिक ऊंचाई पर स्थित एक पहाड़ है, जिसका नाम है- विनीकुंका। इस पहाड़ को देखने पर ऐसा प्रतीत होता है मानो किसी ने इसे अलग-अलग रंगों से पेंट कर दिया हो। इस पहाड़ की ढलान पर अनेक रंग हैं, जो रोशनी और दूरी के हिसाब से बदलते हुए नजर आते हैं।



अपने नेचुरल कलरफुल ढलानों की वजह से इस रंग-बिरंगे पहाड़ को देखते हुए ऐसा लगता है, जैसे हम किसी इंद्रधनुषीय पर्वत (रेनबो माउंटेन) को देख रहे हों। इसीलिए इसे रेनबो माउंटेन कहा जाता है।

**कहां से आए रंग:** अब सवाल यह है कि इस रेनबो माउंटेन में आखिर इंद्रधनुषीय रंग आए कहां से? बच्चो, सदियों से खनिजों की जो परतें इस पहाड़ पर बनी हैं, उनकी वजह से इसके लैंडस्केप पर अलग-अलग रंग आ गए। आयरन ऑक्साइड की वजह से पहाड़ में लाल रंग नजर आता है तो पीला और सुनहरा रंग सल्फाइड खनिजों की उपस्थिति के कारण दिखता है। हरा रंग क्लोराइट व अन्य कंपाउंड्स की वजह से तो सेडीमेंट्री परतों के मिश्रण से ब्राउन और पर्पल टोन नजर आते हैं। और भी कुछ गहरे-हल्के रंग अलग-अलग खनिज परतों की वजह से इस पहाड़ पर नजर आते हैं।

**हमेशा ऐसा नहीं दिखाई देता था:** आज अपनी खूबसूरती और अनोखेपन की वजह से दुनिया भर में मशहूर विनीकुंका माउंटेन (रेनबो माउंटेन) हमेशा ऐसा नहीं दिखाई देता था। यह लंबे समय तक बर्फ से ढंका रहा। जलवायु परिवर्तन की वजह से कुछ साल पहले जब बर्फ की परत इस पर से हटने लगी तो इसका रंगीन, इंद्रधनुषीय पैटर्न भी दिखाई देने लगा। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## प्रेरित करती कहानियां

बच्चो, हाल में ही परोपकार, वीरता, बलिदान, दृढ़ संकल्प जैसे मानवीय गुणों की प्रेरणा देने वाली दस कहानियों की किताब 'शौर्य और बलिदान की कहानियां' छपकर आई है। इन कहानियों को प्रसिद्ध बाल साहित्यकार डॉ. करुणा पांडे ने लिखा है।

'दृढ़ निश्चय' संकल्प और अपनी मातृभूमि के लिए प्राण न्यौछावर करने को तत्पर एक युवक शतमन्यु की कहानी है। अपने देश को अकाल से मुक्त कराने के लिए वह इंद्र देवता को प्रसन्न करने वाले यज्ञ में अपने बलिदान के लिए सहर्ष तैयार हो जाता है। फिर उसका देश अकाल से कैसे मुक्त होता है, यह इस कहानी में पढ़ सकते हो। 'ऐश्वर्य भोग की लालसा' में तुम ऋषि आत्रेय की कहानी में पढ़ोगे कि ज्यादा सुख-सुविधाओं की लालसा करना किस तरह से अनेक दुखों का कारण बन सकता है। करुणा और दूसरों पर उपकार करने की भावना किस तरह क्रूर व्यक्ति का भी हृदय परिवर्तन कर सकती है, इसे बहुत अच्छी तरह से 'परोपकारी भावना' कहानी में बताया गया है। इसमें तुम पढ़ोगे किस तरह दुष्ट यक्ष शूलपाणि, भगवान महावीर का शिष्य बन जाता है? 'शेर का बच्चा शमशेर' एक बहुत बहादुर और साहसी युवक बालकृष्ण की कहानी है, जो अपनी वीरता के बल पर शेर को हराकर राजा के सामने अपनी बेगुनाही साबित करता है फिर उसी की सेना में बड़ा अफसर बनकर शत्रु देश से युद्ध में वीर गति प्राप्त करता है। इनके अलावा 'पिता का मंत्र' और 'शरणार्थी के लिए बलिदान' जैसी कहानियां भी प्रेरित करने वाली हैं। *



**किताब:** शौर्य और बलिदान की कहानियां (बालकथा संग्रह), **लेखिका:** डॉ. करुणा पांडे, **मूल्य:** 200 रुपए, **प्रकाशक:** श्वेता बुक एजेंसी, पिलानी

## बूझो तो जानें

1. वर्षा के थमते ही नभ में
आता है मुस्कान लुटाता,
इसको प्यारा, उसको प्यारा
रखे सात रंगों से नाता!



2. आदिकाल से जब से दुनिया
बादल की वह बनी सहेली,
जिस पर गिरे तबाही लाती
कड़कदार है नार-नवेली!

3. सभी जानते नौ ग्रह होते
इन सबका वह मुखिया,
उसके बिना असंभव जीवन
जल्दी बूझो मुनिया!

-डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल

उत्तर: 1. इंद्रधनुष, 2. बिजली, 3. सूरज

रोचक जानकारी
वीना

बच्चो, अपने देश में स्थित 'मैंगो कैपिटल ऑफ द वर्ल्ड' और 'मैंगो सिटी' के नाम से मशहूर दो अलग-अलग स्थानों के बारे में जानो।

## अपने देश में कहां हैं मैंगो सिटी-मैंगो कैपिटल

बच्चो, इन दिनों तुम मीठे-रसीले आम खूब मजे लेकर खा रहे होगे। अपने बेमिसाल स्वाद और गुणों के कारण आम फलों का राजा कहलाता है। क्या तुम जानते हो अपने देश में एक ऐसा शहर भी है, जिसे इंडिया का 'मैंगो सिटी' के नाम से जाना जाता है। इतना ही नहीं, अपने देश में एक ऐसी जगह भी है, जिसे 'मैंगो कैपिटल ऑफ द वर्ल्ड' यानी 'दुनिया की आम राजधानी' के रूप में जाना जाता है।


**मालदा है मैंगो सिटी:** भारत के पश्चिम बंगाल में एक जिला है-मालदा। यहां की जलवायु और मिट्टी आम के उत्पादन की दृष्टि से बहुत ही अनुकूल है। इस शहर में आम की अलग-अलग किस्मों, जैसे- फजली, लंगड़ा आदि की बड़ी मात्रा में पैदावार होती है। बच्चो, तुम्हें बता दें कि एक बेहद लोकप्रिय और स्वादिष्ट किस्म के आम का नाम इसी शहर के नाम पर 'मालदा' पड़ा है। आम की बेहतरीन किस्मों की भरपूर पैदावार होने के कारण ही मालदा को इंडिया का 'मैंगो सिटी' यानी 'आम का शहर' के नाम से भी जाना जाता है।



**वर्ल्ड का मैंगो कैपिटल-मलीहाबाद:** बच्चो, भारत के राज्य उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के पास एक छोटा-सा खूबसूरत कस्बा है मलीहाबाद। यह कस्बा दुनिया की 'आम राजधानी' यानी 'मैंगो कैपिटल ऑफ द वर्ल्ड' के नाम से मशहूर है। मलीहाबाद में आम उगाने की एक पुरानी परंपरा रही है, जिसका इतिहास नवाबों के दौर यानी मध्यकाल से जुड़ा हुआ है। यहां की आबोहवा और उपजाऊ मिट्टी आम की खेती के लिए बहुत अनुकूल है। इस कारण यहां पैदा होने वाले आमों की मिठास, मनमोहक खुशबू और मुलायम गूदे का कोई मुकाबला ही नहीं है। तुम्हें जानकर आश्चर्य होगा कि मलीहाबाद की शान माने जाने वाले दशहरी आम का 200 साल पुराना 'मातृ पेड़' (मदर ट्री) आज भी यहां शान के साथ खड़ा हुआ है। दशहरी के अलावा यहां उगने वाले अन्य किस्म के आम भी बहुत स्वादिष्ट होते हैं, जिनमें लंगड़ा, चौसा, सफेदा और आम्रपाली प्रमुख हैं। *

## जीके क्विज-211

1. असम के किस पारंपरिक वाद्य यंत्र को हाल ही में जीआई टैग दिया गया है?
2. इस साल टाइम मैग्जीन के 100 सबसे प्रभावशाली खिलाड़ियों की सूची में शामिल एकमात्र भारतीय खिलाड़ी कौन है?
3. वर्तमान लोकसभा अध्यक्ष का नाम क्या है?
4. क्रिस्टियानो रोनाल्डो किस खेल के विश्वप्रसिद्ध खिलाड़ी हैं?
5. रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया का मुख्यालय कहां स्थित है?
6. लोकसभा के सदस्यों का कार्यकाल कितने वर्षों का होता है?
7. भारत का पहला परमाणु परीक्षण कहां हुआ था?
8. भारत का अंतिम मुगल सम्राट कौन था?
9. कंचनजंगा पर्वत किस राज्य में स्थित है?
10. किस देश को 'सूर्योदय का देश' कहा जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-211 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-210 का उत्तर:** 1.जनरल उपेंद्र द्विवेदी, 2.मेक्सिको सिटी, 3.स्लोवाकिया, 4.परमवीर चक्र, 5.बेंगलुरु, 6.शाहजहां, 7.आर्कटिक सागर, 8.एंपीयर, 9.परम 8000, 10.11 खिलाड़ी

**जीके क्विज-210 का सही उत्तर देने वाले:** जिया शिया-रायगढ़, जमुना-बलौदा बाजार, मेघा-ईमेल से, कबीर-हिसार, मोहनीश-गरियाबंद, कुसुम-रायपुर, रजत-बिलासपुर, ईशान-भोपाल, प्रवीण-रोहतक, साकेत-दुर्ग, हर्ष-महासमुंद, रानी-दुर्ग

## अंतर बताओ


बच्चो, यहां फुटबॉल खेल रहे लड़कों के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम जल्दी से इन दोनों चित्रों में पांच अंतर ढूंढ कर बताओ।





उत्तर: 1.आसमान में बादल के दो टुकड़े दिख रहे हैं। 2.गोल करने वाले लड़के की आंखें बंद हैं। 3. लड़के की जर्सी का नंबर बदला हुआ है। 4. लड़के के दाहिने पैर के जूते में भी दो धारियां बनी हुई हैं। 5. मैदान में आगे घास कुछ कम दिख रही है।

## राइमिंग वर्ड्स सोचो

बच्चो, यहां चित्र में दिख रहे जंतुओं-वस्तुओं के नाम एक ही राइम में हैं। तुम ऐसे ही कुछ और नाम बताओ, जो इन राइम्स से मैच करते हों।



# विनीसियस के दो गोल से स्कॉटलैंड को हराकर ग्रुप-सी में शीर्ष पर रहा ब्राज़ील



**मियामी गार्डन्स।** विनीसियस जूनियर ने अपना जादुई प्रदर्शन जारी रखते हुए दो गोल किए जबकि मैथियास कुन्हा ने भी एक गोल दागा जिससे पांच बार के चैंपियन ब्राजील ने बुधवार को स्कॉटलैंड को 3-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप सी में शीर्ष पर रहते हुए नॉकआउट राउंड में प्रवेश किया। ब्राज़ील ग्रुप सी में दो जीत और एक ड्रॉ से सात अंक हासिल किए। मोरक्को ने भी सात अंक के साथ ग्रुप चरण के अपने अभियान का समापन किया लेकिन वह गोल अंतर के कारण ब्राजील के बाद दूसरे नंबर पर रहा। स्कॉटलैंड के तीन अंक हैं और वह तीसरे स्थान की सर्वश्रेष्ठ आठ टीम में जगह बनाकर अब भी अगले दौर में पहुंच सकता है। ज्ञात हो कि स्कॉटलैंड 1998 के बाद पहली बार विश्व कप में खेल रहा है। वह विश्व कप में कुल मिलाकर नौ बार भाग ले चुका है लेकिन कभी ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाया है।

### विनीसियस ने तीनों ग्रुप मैचों में गोल किए

विनीसियस ने ब्राजील के तीनों ग्रुप मैचों में गोल किए। स्कॉटलैंड के खिलाफ उन्होंने सातवें मिनट में और फिर हाफ टाइम से ठीक पहले इंजरी टाइम में गोल किया। कुन्हा ने 60वें मिनट में गोल दागा। विनीसियस वर्तमान टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में फ्रांस के काइलियान एमबाप्पे के चार गोल की बराबरी पर आ गए। अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी ने अभी तक टूर्नामेंट में सर्वाधिक पांच गोल किए हैं।

## दक्षिण कोरिया को हराकर पहली बार नॉकआउट राउंड में पहुंचा द.अफ्रीका



**ग्वाडालूप (मैक्सिको)।** थापेलो मासेको के गोल की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार रात को दक्षिण कोरिया पर 1-0 से रोमांचक जीत हासिल करके पहली बार विश्व कप के नॉकआउट चरण में प्रवेश किया। मासेको ने त्शेपांग मोरेमी के सटीक क्रॉस पर 63वें मिनट में गोल किया। इस जीत से दक्षिण अफ्रीका ग्रुप ए में मैक्सिको के बाद दूसरे स्थान पर रहा। मैक्सिको ने ग्रुप चरण के अपने तीनों मैच जीते। दक्षिण अफ्रीका की टीम रविवार को नॉकआउट मुकाबले में कैलिफोर्निया के इंगलवुड में ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर रहने वाली कनाडा की टीम से भिड़ेगी। दक्षिण अफ्रीका 1998, 2002 में और मेजबान के रूप में 2010 में ग्रुप चरण से आगे बढ़ने में असफल रहा था।

# ग्रुप-बी में टॉप पर रहा स्विट्जरलैंड

# हारकर भी कनाडा नॉक-आउट राउंड में

एजेंसी ▶▶| वैंकूवर

रुबेन वर्गास और योहान मंजांबी के गोल की मदद से स्विट्जरलैंड ने कनाडा को 2-1 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप बी में पहला स्थान हासिल किया। कनाडा इस मैच में हार के बावजूद स्विट्जरलैंड के साथ अगले दौर में पहुंचने में सफल रहा। प्रॉमिस डेविड ने कनाडा के लिए मैच के आखिर में एक गोल किया।इससे कनाडा ने ग्रुप बी में स्विट्जरलैंड के बाद दूसरा स्थान हासिल किया। उसने पहली बार नॉकआउट राउंड में जगह बनाई। स्विट्जरलैंड दो जुलाई को वैंकूवर में राउंड ऑफ 32 में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम का सामना करेगा। स्विट्जरलैंड ग्रुप बी में सात अंक लेकर शीर्ष



पर रहा, जबकि कनाडा ने चार अंक हासिल किए। बोस्निया-हर्ज़ेगोविना ने भी चार अंक हासिल किए लेकिन वह गोल अंतर के कारण तीसरे स्थान पर रहा।

### ग्रुप बी में बोस्निया से हारकर कतर टूर्नामेंट से बाहर

ग्रुप बी के दूसरे मैच में बोस्निया ने कतर को 3-1 से हराया और तीसरे स्थान के आधार पर अगले दौर में पहुंच सकता है। कतर टूर्नामेंट से बाहर हो चुका है। विश्व कप की शुरुआत में स्विट्जरलैंड कतर के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला। इसके बाद उसने बोस्निया को हराया।विश्व कप में तीसरी बार हिस्सा ले रहे कनाडा ने बोस्निया के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेलकर विश्व कप की शुरुआत की थी।

### स्थानापन्न खिलाड़ी मंजांबी का बेहतरीन प्रदर्शन

बोस्निया के खिलाफ स्विट्जरलैंड की 4-1 की जीत में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतरे मंजांबी ने कनाडा के खिलाफ शुरुआती एकादश में जगह बनाई। दूसरे हाफ के शुरू होने के लगभग 40 सेकंड बाद ही वर्गास ने स्विट्जरलैंड के लिए पहला गोल दागा। उनका शॉट कनाडा के गोलकीपर मैक्सिम क्रेपेउ को चकमा देते हुए पोस्ट से टकराया और नेट में जा गिरा।

## मैक्सिको ने पहली बार जीते ग्रुप चरण के तीनों मैच

**मैक्सिको सिटी।** माटेओ शावेज़ और जूलियन क्विनोन्स ने दूसरे हाफ की शुरुआत में छह मिनट के अंतराल में गोल किए जिससे मैक्सिको ने चेक गणराज्य को 3-0 से हराकर पहली बार विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप चरण के अपने तीनों मैच जीते। मैक्सिको पहले ही नॉकआउट राउंड में अपनी जगह पक्की कर चुका था लेकिन उसने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए शान से अगले दौर में कदम रखा। चेक गणराज्य केवल एक अंक ही हासिल कर पाया और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गया। अपने पहले विश्व कप में खेल रहे 22 वर्षीय शावेज़ ने 55वें मिनट में पहला गोल किया और क्विनोनेस ने 61वें मिनट में टूर्नामेंट का अपना दूसरा गोल दागा। अल्वारो फिडाल्गो ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में मैक्सिको के खाते में एक गोल और जोड़ा। मैक्सिको का इससे पहले ग्रुप चरण में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दो जीत और एक ड्रॉ का था, जो उसने 1986 और 2002 में हासिल किया था।




## मोरक्को की हैती पर जीत में चमके रहीमी और यासीन



**अटलांटा।** सोफियान रहीमी और गेसिम यासीन ने स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरकर शानदार खेल दिखाया जिससे मोरक्को ने दो बार पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए हैती को 4-2 से हराकर कैरेबियाई देश की विश्व कप फुटबॉल में पहली बार अंक हासिल करने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। मोरक्को इस तरह से ब्राजील के समान सात अंक लेकर ग्रुप सी में दूसरा स्थान हासिल करके नॉकआउट राउंड में पहुंचा। ब्राजील ने बेहतर गोल अंतर के कारण ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया। हैती ने अपने तीनों मैच गंवाए और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गया है। पांच बार की चैंपियन ब्राजील ने एक अन्य मैच में स्कॉटलैंड को 3-0 से हराया।

### मोरक्को ने पिछड़ने के बाद की वापसी

चार साल पहले कतर में विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी टीम बनी मोरक्को ने 52 वर्षों में पहली बार फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर खेल रही हैती की टीम के खिलाफ दो बार पिछड़ने के बाद वापसी की। रहीमी ने 78वें मिनट में मोरक्को को 3-2 से आगे कर दिया और यासीन ने 89वें मिनट में गोल करके स्कोर 4-2 कर उलटफेर की किसी भी संभावना को खत्म कर दिया।

## कतर के असीम मदीबो पर पांच मैच का प्रतिबंध

**अटलांटा।** कतर के खिलाड़ी असीम मदीबो पर विश्व कप में कनाडा के मिडफील्डर इस्माइल कोने के पांव में फ्रेक्चर करने के लिए बुधवार को पांच मैच का प्रतिबंध लगा दिया गया। वैंकूवर में पिछले बृहस्पतिवार को खेले गए मैच के दौरान यह घटना घटी। कनाडा ने इस मैच में कतर को 6-0 से करारी शिकस्त दी थी। मदीबो को गलत तरीके से टैकल करने के लिए तुरंत ही लाल कार्ड दिखाया गया था। फीफा की अनुशासनात्मक समिति ने अब उनका प्रतिबंध पांच मैच तक बढ़ा दिया है। समिति ने कहा है कि ऐसा अनुचित खेल के लिए किया गया है। इस फैसले के खिलाफ अपील की जा सकती है। कोने को तब स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर ले जाया गया और बाद में उनके बाएं पैर की टूटी हुई हड्डी की सर्जरी की गई। विश्व कप के दौरान घटी घटना के लिए यह सबसे बड़ी सजा नहीं है। ब्राजील में 2014 में खेले गए विश्व कप में उरुग्वे के स्ट्राइकर लुई सुआरेज को इटली के डिफेंडर जियोर्जियो चिएलिनी को काटने पर नौ मैचों के लिए निलंबित कर दिया गया था।



## खबर संक्षेप



### फीफा ट्रॉफी की कीमत चार साल में दोगुने से अधिक

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर सोने की कीमतों में आई तेज बढ़ोतरी का असर खेल जगत की सबसे प्रतिष्ठित ट्रॉफी पर भी दिखाई दे रहा है जहां फीफा विश्व कप ट्रॉफी में मौजूद सोने का मूल्य बढ़कर लगभग 7.13 लाख डॉलर ( लगभग 6.73 करोड़ रुपये) पहुंच गया है। वित्तीय बाजार डेटा प्रदाता एलएसईजी के मुताबिक यह आंकड़ा 2022 विश्व कप के समय की तुलना में दोगुने से भी अधिक है। विश्व कप ट्रॉफी 18 कैरेट सोने से निर्मित है और इसका कुल वजन 6.175 किलोग्राम है जिसमें लगभग 4.93 किलोग्राम शुद्ध सोना शामिल है। जब अर्जेंटीना ने 2022 में कतर में आयोजित विश्व कप जीता था तब ट्रॉफी के सोने का मूल्य लगभग 2.77 लाख डॉलर आंका गया था।

### कोच राष्ट्रीय रिकॉर्ड पर ध्यान देने को कहते हैं: देव

**भुवनेश्वर।** मध्य प्रदेश के पोल वॉल्ट खिलाड़ी देव मीना ने पिछले दो वर्षों में पांचवीं बार राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा है और उन्होंने इस शानदार उपलब्धि का श्रेय अपने कोच को दिया जो उनसे हर प्रतियोगिता में अपना स्तर बढ़ाने के लिए कहते थे।



बुधवार को यहां राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में देव ने 5.46 मीटर की ऊंचाई पार करके अपना पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड (5.45 मीटर) तोड़ा। पिछला रिकॉर्ड उन्होंने बीते महीने रांची में फेडरेशन कप के दौरान अपने राज्य के साथी और ट्रेनिंग साझेदार कुलदीप कुमार के साथ साझा किया था। देव ने कहा, ''मैं राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने का श्रेय अपने कोच (घनश्याम यादव) को देना चाहता हूं। जब भी मैं किसी प्रतियोगिता में जाता हूं तो वह मुझे नेशनल रिकॉर्ड पर ध्यान देने के लिए कहते हैं।''

# आयरलैंड के खिलाफ टी-20 मैच आज वैभव होंगे टीम में तो कौन होगा बाहर ?

एजेंसी ▶▶| बेलफास्ट

श्रेयस अय्यर की कप्तानी में भारत जब आयरलैंड के खिलाफ आज शुक्रवार को शुरू होने वाली दो मैचों की श्रृंखला के पहले मैच से टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने नए युग की शुरुआत करेगा तो उसके लिए सबसे बड़ी चुनौती क्रिकेट जगत की नई सनसनी वैभव सूर्यवंशी को अंतिम एकादश में फिट करना होगा।

15 वर्षीय सूर्यवंशी ने श्रीलंका ए के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में 29 गेंद पर 94 रन की तूफानी पारी खेली थी जिससे उनके अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है।



आम क्रिकेट प्रेमी यही चाहता है कि सूर्यवंशी को इस मैच में मौका मिले लेकिन टीम प्रबंधन के लिए यह काम आसान नहीं होगा। भारत और आयरलैंड के बीच ये मुकाबला आज 26 जून को बेलफास्ट के सिविल सर्विस क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय समयानुसार शाम 6 बजे से शुरू होगा।

**भारत के शीर्ष क्रम बल्लेबाजों में ये शामिल**

भारत के शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाज संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा और ईशान किशन हैं। उनके टी20 रिकॉर्ड को नजरअंदाज करना आसान नहीं है। न्यूजीलैंड के खिलाफ मार्च में आईसीसी टी20 विश्व कप के फाइनल में मिली जीत में सैमसन, अभिषेक और किशन ने अर्धशतक बनाए थे।

# इंग्लैंड महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंची, वेस्टइंडीज को दी 38 रन से शिकस्त

एजेंसी ▶▶| लंदन

मेजबान इंग्लैंड ने भीषण गर्मी के बीच बुधवार को लॉर्ड्स में खेले गए मैच में वेस्टइंडीज को 38 रन से हराकर महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाई।

इन दोनों टीम ने टूर्नामेंट में इससे पहले कोई मैच नहीं गंवाया था। इंग्लैंड ने 35 डिग्री सेल्सियस के तापमान में पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 186 रन बनाए जिसके जवाब में वेस्टइंडीज की



टीम पांच विकेट पर 148 रन ही बना पाई। इंग्लैंड की तरफ से डैनी व्याट-हॉज ने 42 गेंदों में 65 रन जबकि हीथर नाइट ने 26 गेंद पर 43 रन बनाए। व्याट-हॉज ने टूर्नामेंट में अब तक 193 रन बनाए हैं। वेस्टइंडीज के बल्लेबाज अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए। उसकी तरफ से चिनैल हेनरी ने 30 गेंदों में नाबाद 51 रन बनाए। अगर वेस्टइंडीज शनिवार को अपने आखिरी ग्रुप मैच में आयरलैंड को हरा देता है, तो वह सेमीफाइनल में पहुंच सकता है।

# भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम बेल्जियम दौरे पर जाएगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय अंडर-21 पुरुष हॉकी टीम अगले महीने बेल्जियम के दौरे पर जाएगी जहां वह मेजबान बेल्जियम, ऑस्ट्रिया, जर्मनी और नीदरलैंड के खिलाफ छह मैच खेलेगी।

यह दौरा टीम के नए कोच फ्रेडरिक सोयेज के मार्गदर्शन में इस साल के आखिर में होने वाले पुरुष जूनियर एशिया कप की तैयारी का अहम हिस्सा होगा। इस दौरे में भारतीय टीम ऑस्ट्रिया और बेल्जियम के खिलाफ दो-दो मैच और जर्मनी तथा नीदरलैंड के खिलाफ एक-एक मैच खेलेगी। सात से 17 जुलाई 2026 के बीच खेले जाने वाले इन छह में से पांच मैच बेल्जियम के वावरे में स्थित बेल्फियस हॉकी एरिना में होंगे जबकि नीदरलैंड के खिलाफ दौरे का आखिरी मैच एंटवर्प के हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेला जाएगा।

भारत के अभियान की शुरुआत 7 से भारत अपने अभियान की शुरुआत सात जुलाई को ऑस्ट्रिया के खिलाफ करेगा और आठ जुलाई को इसी टीम के खिलाफ दूसरा मैच खेलेगा।

इसके बाद भारतीय टीम 10 जुलाई को मेजबान बेल्जियम का सामना करेगी और फिर 13 जुलाई को जर्मनी और 14 जुलाई को दोबारा बेल्जियम से खेलेगी। नीदरलैंड के खिलाफ दौरे का आखिरी मैच 17 जुलाई को खेला जाएगा।

## डूरंड कप 25 जुलाई से, 24 टीमें दिखाएंगी दमखम, फाइनल 23 अगस्त को

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशिया के सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट डूरंड कप का अगला सत्र 25 जुलाई से शुरू होगा और इसका फाइनल 23 अगस्त को खेला जाएगा। टूर्नामेंट के आयोजकों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस 138 साल पुराने टूर्नामेंट में 24 टीम हिस्सा लेंगी जिनमें दो विदेशी टीम भी शामिल हैं। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी टूर्नामेंट का मौजूदा चैंपियन है। मैच पांच शहरों कोलकाता, रांची, गुवाहाटी, इम्फाल और शिलांग में खेले जाएंगे। रांची को पहली बार मेजबान शहर के तौर पर शामिल किया गया है।



### भारतीय सेना की पूर्वी कमान करती है आयोजन

मैच छह स्थलों पर खेले जाएंगे। कोलकाता में विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन और किशोर भारती क्रीड़ांगन मुकाबलों का आयोजन करेंगे। रांची का बिरसा मुंडा स्टेडियम, गुवाहाटी का इंदिरा गांधी एथलेटिक्स स्टेडियम, इम्फाल का खुमान लम्पक स्टेडियम और शिलांग का जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम अन्य आयोजन स्थल होंगे।

यूएस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट

# तन्वी और श्रीकांत यूएस ओपन के अगले दौर में



एजेंसी ▶▶| फुलर्टन (अमेरिका)

विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा और अनुभवी खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने आसान जीत के साथ यूएस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत की। तन्वी ने बुधवार को महिला एकल के पहले दौर में जर्मनी की यवोन ली को 23-21, 21-16 से, जबकि थाईलैंड मास्टर्स की मौजूदा चैंपियन देविका सिहाग ने पेरू की इनेस लूसिया कैस्टिलो को 21-14, 21-14 से हराया।

### अन्य खिलाड़ियों का ऐसा रहा प्रदर्शन

पुरुष एकल में भारतीय खिलाड़ियों के बीच खेले गए मैच में रौनक चौहान ने एस शंकर मुथुसामी को 23-21, 21-16 से हराया। पांचवीं वरीयता प्राप्त श्रीकांत ने भी हमवतन डी सानीथ के खिलाफ केवल 30 मिनट में 21-14, 21-12 से जीत हासिल की। महिला एकल में रक्षिता श्री ने भी चेक गणराज्य की टेरेजा स्वाबिकोवा पर 21-15, 21-8 से आसान जीत हासिल करके अगले दौर में प्रवेश किया। ध्रुव रावत और के मनीषा की जोड़ी ने मिश्रित युगल में इंडोनेशिया के विरावण इहसान आदम और सेरेना कानी को महज 26 मिनट में 21-15, 21-16 से हराया।

एशियन फेंसिंग चैंपियनशिप 2026 में टीम का शानदार प्रदर्शन

# भारतीय पुरुष फ़ॉइल टीम ने एशियन गेम्स के लिए किया क्वालिफाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित एशियन फेंसिंग चैंपियनशिप 2026 में भारतीय पुरुष फ़ॉइल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियन गेम्स के लिए सीधा क्वालिफिकेशन हासिल कर लिया। टीम प्रतियोगिता में भारत आठवें स्थान पर रहा, जो आगामी एशियाई खेलों में जगह बनाने के लिए पर्याप्त साबित हुआ।

**पुरुष फ़ॉइल टीम ने दिलाया क्वालिफिकेशन :** सचिन, सनासम हेमाश सिंह, तेजस मनोज पाटिल और आदित्य की भारतीय चौकड़ी ने पुरुष फ़ॉइल टीम स्पर्धा में



आठवां स्थान हासिल किया। इस प्रदर्शन के दम पर भारत ने एशियन गेम्स के लिए सीधे क्वालिफाई कर लिया, जो भारतीय तलवारबाजी के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

### महिला एपी टीम नौवें स्थान पर रही

*महिला एपी टीम में प्राची लोहान, तनिष्का खत्री, मितवा जेसंगभाई चौधरी और यशकीरत कौर हायर शामिल थीं। भारतीय टीम ने प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन करते हुए नौवां स्थान हासिल किया।*

***जापान और दक्षिण कोरिया का दबदबा :*** *पुरुष फ़ॉइल टीम स्पर्धा में जापान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। हांगकांग को रजत और चीन को कांस्य पदक मिला। वहीं महिला एपी टीम प्रतियोगिता में दक्षिण कोरिया ने स्वर्ण पदक*

### ओलंपिक चैंपियनों ने भी बिखेरा जलवा

दक्षिण कोरिया के ओलंपिक चैंपियन ओह सांग-उक ने पुरुष व्यक्तिगत और टीम सेबर स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। दूसरी ओर, हांगकांग के दो बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता चेउंग का लॉन्ग पुरुष फ्रॉइल स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गए, जो टूर्नामेंट का बड़ा उलटफेर रहा।

**34 देशों के 400 से ज्यादा खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा :** छह दिनों तक चले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में 34 से अधिक देशों के 400 से ज्यादा तलवारबाजों ने फ्रॉइल, एपी और सेबर स्पर्धाओं में हिस्सा लिया। जापान ने छह स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया।




## कार्तिकेय सिंह चौहान के जवाब पर हाईकोर्ट का निर्देश

# राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का प्रकरण निरस्त



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट से लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को उनके खिलाफ दायर मानहानि मामले में बड़ी राहत मिली है। गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय की ओर से कोर्ट को अपना पक्ष बताया गया। कहा गया कि यदि राहुल गांधी ने भ्रमवश उनका नाम लिया था, तो अब उन्हें इस पर कोई आपत्ति नहीं है। जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की सिंगल बेंच ने इसके बाद राहुल गांधी की उस याचिका का निराकरण कर दिया, जिसमें भोपाल में लंबित मानहानि के मामले को चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने उक्त प्रकरण को उक्त प्रकरण को समाप्त करने के निर्देश दे दिए। प्रकरण पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय सिंह चौहान द्वारा दायर मानहानि परिवाद से जुड़ा है। आरोप है कि वर्ष 2018 में झाबुआ की एक चुनावी सभा में राहुल गांधी ने पनामा पेपर्स प्रकरण का उल्लेख करते हुए कार्तिकेय का नाम लिया था, जिससे उनकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची। इसी शिकायत पर भोपाल की एमपी-एमएलए कोर्ट ने राहुल गांधी को समन जारी किया था। राहुल गांधी ने उस समन और परिवाद को निरस्त करने की मांग करते हुए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। गत सुनवाई के दौरान राहुल गांधी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अजय गुप्ता ने न्यायालय को बताया कि जिस बयान को आधार बनाकर मानहानि परिवाद दायर किया गया है, वह मध्य प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अथवा उनके पुत्र कार्तिकेय सिंह चौहान के संदर्भ में नहीं था। कोर्ट ने राहुल गांधी के इस जवाब पर कार्तिकेय सिंह से उनका पक्ष स्पष्ट करने को कहा था।

## अजाक्स संघ की अध्यक्ष के स्थानांतरण पर रोक

### अंतरिम आदेश के जरिए दी गई राहत

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने अजाक्स संघ की पन्ना तहसील इकाई अध्यक्ष शिक्षिका मीना अहिरवार के स्थानांतरण आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने मामले की सुनवाई के बाद यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता आर्यन उरमलिया ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि मीना अहिरवार पन्ना जिले के एसटी गर्ल्स आश्रम ककरा में पदस्थ हैं। राज्य शासन ने 16 जून, 2026 को उनका तबादला सीधी जिले के शासकीय हाई स्कूल दुआरी कर दिया था। याचिका में कहा गया कि वे अजाक्स संघ की तहसील इकाई की निर्वाचित अध्यक्ष हैं और संगठनात्मक दायित्वों का निर्वहन कर रही हैं। साथ ही उनके पति दमोह जिले में शासकीय सेवा में कार्यरत हैं। प्रारंभिक सुनवाई के दौरान प्रस्तुत तथ्यों पर विचार करने के बाद हाई कोर्ट ने स्थानांतरण आदेश के क्रियान्वयन पर अंतरिम रोक लगाते हुए वर्तमान स्थिति बरकरार रखने का आदेश दिया।

## भेड़ाघाट में कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना क्षेत्र के कूड़न गांव के समीप बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात हुए सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार हेरियर कार ने जबलपुर से अपने गांव खैरी लौट रहे बाइक सवार वीरेंद्र भूमिया (40) और नरेश भूमिया (42) को टक्कर मार दी। हादसे में वीरेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल नरेश ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।परिजनों के अनुसार दुर्घटना से करीब 10 मिनट पहले वीरेंद्र ने अपने पिता को फोन कर जल्द घर पहुंचने की जानकारी दी थी। दोनों मृतक निजी वाहन चालक थे और काम के सिलसिले में अक्सर साथ आते-जाते थे। हादसे के बाद कार चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। भेड़ाघाट थाना पुलिस ने कार जब्त कर शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है तथा फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।



## पुलिस ने निकाला संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च

### पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय ने संभाली कमान कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**जबलपुर।** मोहर्रम पर्व के मद्देनजर शहर में शांति, सौहार्द और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए गुरुवार को जबलपुर पुलिस ने संवेदनशील क्षेत्रों में व्यापक फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय के नेतृत्व में निकले इस मार्च का उद्देश्य नागरिकों में सुरक्षा का विश्वास कायम करना और असामाजिक तत्वों को सख्त संदेश देना रहा। पुलिस कंट्रोल रूम से शुरू हुआ मार्च घंटाघर, बड़ी-छोटी ओमती, बेलबाग, लकड़गंज, फूटाताल, सराफा चौक, मिलौनीगंज, मछली मार्केट, बूढ़ी खेरमाई, चारखंबा, बहोराबाग और रद्दी चौक होते हुए गोहलपुर तिराहे पर समाप्त हुआ। कप्तान उपाध्याय ने कहा कि फ्लैग मार्च का मकसद आम नागरिकों को यह भरोसा दिलाना है कि मोहर्रम पर्व पूरी तरह शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि कानून व्यवस्था भंग करने या किसी भी प्रकार की अनैतिक गतिविधि में संलिप्त पाए जाने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाएगी और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। मोहर्रम के दौरान शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार गश्त, निगरानी और पुलिस बल की तैनाती की जा रही है। पुलिस ने नागरिकों से भी अफवाहों से बचने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना देने की अपील की है। फ्लैग मार्च में एएसपी सिटी आयुष जाखड़, सीएसपी गोहलपुर मधुर पटेरिया, कोतवाली सीएसपी रीतेश कुमार शिव, ओमती सीएसपी सोनू कुर्मी सहित विभिन्न थाना प्रभारियों, जिला पुलिस बल, विशेष सशस्त्र बल और आरएएफ के जवानों ने भाग लिया।

## यदि अनुबंध में स्थानांतरण की शर्त नहीं तो अन्यत्र नहीं भेज सकते : हाई कोर्ट

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने अपने एक अहम आदेश में साफ किया कि यदि किसी संविदा कर्मचारी के नियुक्ति अनुबंध में स्थानांतरण का प्रविधान नहीं है, तो अनुबंध की अवधि के दौरान उसका स्थानांतरण नहीं किया जा सकता। जस्टिस विवेक कुमार सिंह की सिंगल बेंच ने इस मत के साथ याचिकाकर्ता संविदा कर्मचारियों के स्थानांतरण आदेश निरस्त कर दिया गया।हालांकि कोर्ट ने उक्त आदेश में यह भी स्पष्ट किया कि अनुबंध प्रभावी रहते हुए जारी स्थानांतरण आदेश विधिसम्मत नहीं है। हालांकि सरकार अनुबंध अवधि समाप्त होने के बाद नई शर्तें शामिल कर नवीनीकृत अनुबंध के आधार पर आवश्यक प्रशासनिक निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र रहेगी। दरअसल, याचिकाकर्ता जबलपुर के मुकेश कुमार उपाध्याय सहित अन्य की ओर से दलील दी गई कि नियुक्ति अनुबंध में एक स्थान से दूसरे स्थान पर सेवा स्थानांतरण की कोई शर्त नहीं है।

## 12 साल पुराने आदेश की अनदेखी पर बरती सख्ती, कलेक्टर का आदेश निरस्त

### संबंधित अधिकारी पर 25 हजार रुपये का जुर्माना सात दिन में पालन के निर्देश

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने गुरुवार को राजस्व मंडल के 12 वर्ष पुराने आदेश का पालन न किए जाने पर कड़ा रुख अपनाते हुए कलेक्टर द्वारा पारित आदेश को निरस्त कर दिया। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने स्पष्ट किया कि जब राजस्व मंडल के 20 मई, 2014 के आदेश पर किसी सक्षम न्यायालय से कोई स्थगन नहीं है, तब उसके क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब स्वीकार्य नहीं है। एडवेंचर वाइल्डलाइफ रिजार्ट प्राइवेट लिमिटेड उमरिया की ओर से अधिवक्ता निखिल तिवारी ने दलील दी कि राजस्व मंडल के आदेश के अनुपालन के लिए पूर्व में दायर याचिका में हाई कोर्ट ने सात जुलाई, 2025 को 45 दिन के भीतर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद आदेश का पालन नहीं किया गया और कलेक्टर ने 27 फरवरी, 2026 को पुनः यह स्पष्ट करने संबंधी आदेश जारी कर दिया कि कहीं अपील अथवा अन्य कार्यवाही लंबित तो नहीं है। राज्य शासन की ओर से पैनल लायर आकाश मालपानी ने स्वीकार किया कि राजस्व मंडल के आदेश पर किसी भी न्यायालय से अंतरिम राहत प्राप्त नहीं है।




5 crore+ HAPPY CUSTOMERS
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply
इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक
HDFC BANK | SBI card क्रेडिट कार्ड Powered by pine labs

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354I. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. 5 crore customers as per the cumulative dispatch numbers of the Splendor family series of motorcycles till March 2025. World's largest Two-wheeler manufacturer with the highest Two-wheeler unit sales by a single corporate entity globally, for the past 25 years. Data Source: SIAM Certificate. *Finance offer is at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. ^Limited period offer, T&C apply. Green Bonus is applicable to Pan India on select Hero Products and Bonus amount may vary as per model/variant. Internal bench marking on the basis of data available in public forums for 100cc segment bikes in India. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. *Ex-showroom price of SPLENDOR+ DRUM BRAKE OBD2B in Madhya Pradesh. *T&C apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलर: जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, एसोसिएट डीलर: पथरिया: एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्यौहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुढ़ार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रुसिया मोटर्स 9425822392, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, पृथ्वीपुर: महावीर एजेंसीज 7000375943, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी: श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुर: बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन: रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, खटखरी: खटखरी ऑटोमोबाइल, 9617241112, गुढ़: विंध्य मोटर्स, 9229072020, कोठी: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स, 7987308294, 83058099514, उंचेहरा: अंकुर ऑटोमोबाइल्स, 9589176355, रामपुर नैकिन (सीधी): लक्ष्मी जी ऑटोमोबाइल्स, 9406782277, दुधमनिया सिंगरौली: राधा कृष्ण मोटर्स, 7000995137, गढ़: अंबे मोटर्स, 9144881695, बीरसिंहपुर: तनु ऑटोमोबाइल्स, 9425886424, देवतालाब: वर्षा मोटर्स, 9424622310, गुन्नौर: मधुबन मोटर्स, 8959050501, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह: इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240